दहा हजार रुपये. शहरात एखाद्या कुटुंबाच्या महिन्याच्या किराण्याइतकी रक्कम. पण, हीच रक्कम एका शेतकऱ्याच्या आयुष्यापेक्षा मोठी ठरली तर? नांदेडमध्ये खासगी फायनान्स कंपनीच्या कार्यालयात शेतकरी चंद्रकांत शिंदे मृतावस्थेत आढळल्याच्या घटनेने हा अस्वस्थ करणारा प्रश्न उपस्थित केला आहे. अवघी दोन एकर शेती असलेल्या शिंदे यांच्यामागे कर्जवसुलीसाठी तगादा लावण्यात आल्याचा आरोप त्यांच्या कुटुंबीयांनी केला आहे. अपहरण आणि हत्येचा गुन्हा नोंदविण्यात आला आहे. मृत्यूमागील नेमके सत्य तपासातूनच स्पष्ट होईलच; मात्र, या घटनेने कर्जवसुलीच्या अमानुष पद्धती आणि शेतकऱ्यांच्या आर्थिक असुरक्षिततेचा प्रश्न पुन्हा ऐरणीवर आणला आहे.

दहा हजार रुपयांच्या कर्जातून तीन हजार रुपये आधीच कापण्यात आले. प्रत्यक्षात सात हजार रुपये मिळाले, पण वसुलीसाठी सत्तर हजार रुपयांची मागणी करण्यात आली. शिंदे यांना गावातून उचलून नेऊन डांबून ठेवले, मारहाण केली आणि त्यांच्या मृत्यूला आत्महत्येचे स्वरूप देण्याचा प्रयत्न झाला, असे गंभीर आरोप आहेत. कर्जवसुलीसाठी होणाऱ्या छळाची ही एकमेव घटना नाही. याच गावातील दत्ता गायकवाड यांनीही आठ हजार रुपयांच्या कर्जाची रक्कम चाळीस हजारांवर नेल्याचा आणि मारहाण केल्याचा आरोप केला आहे. नांदेडच्या सिडको भागात ऑगस्टमध्ये २८ वर्षीय प्रबुद्ध मगरे यांनी जीवन संपवले. हप्ते थकल्यानंतर वाहन जप्त करण्याच्या धमक्या मिळत असल्याचे त्यांच्या कुटुंबीयांचे म्हणणे आहे. या घटना केवळ स्वतंत्र गुन्हे म्हणून पाहून चालणार नाही. कर्जाचा वाढता बोजा, वसुलीची दहशत आणि संस्थात्मक उत्तरदायित्वाचा अभाव यांचा एकत्रित विचार करावा लागेल.

मराठवाड्यातील शेतकरी आत्महत्यांची आकडेवारी या संकटाची भीषणता अधोरेखित करते. जानेवारी ते सप्टेंबर २०२६ या नऊ महिन्यांत ७५० शेतकऱ्यांनी आत्महत्या केल्या. त्यापैकी सुमारे ९०० आत्महत्या ऑगस्ट-सप्टेंबरमध्ये झाल्या. सप्टेंबरमध्ये तर ५०८ शेतकऱ्यांनी जीवन संपवले. म्हणजे, दररोज तीनहून अधिक घरांतील कर्ता माणूस गेला. दुष्काळ, पीकनुकसान, कर्जबाजारीपणा आणि उत्पन्नाची अनिश्चितता यांचा पाश दिवसेंदिवस किती घट्ट होत चालला आहे, हे यावरून दिसून येईल.

कोणताही शेतकरी खासगी सावकार अथवा पतसंस्थांच्या दारात आपखुशीने जात नाही. त्याला तिथे ढकलले जाते. नांदेड जिल्ह्याचेच उदाहरण घ्या. या जिल्ह्यात ऑगस्टच्या मध्यापर्यंत खरीप पीककर्जवाटप उद्दिष्टाच्या फक्त ३१ टक्के झाले होते! सर्वाधिक शाखा असलेल्या राष्ट्रीयीकृत बँकांनी तर उद्दिष्टाच्या अवघे ११.२५ टक्के कर्ज वाटले. नऊ



बँकांनी लक्ष्य मिळूनही एका रुपायाचेही पीककर्ज दिले नाही. कर्जमाफीसाठी सुमारे १.९८ लाख शेतकरी पात्र ठरले, पण त्यापैकी फक्त १.०२ लाख जणांच्या खात्यांत रक्कम पोहोचली आहे. राष्ट्रीयीकृत बँका शेतकऱ्यांना कर्ज देण्यास टाळाटाळ करतात. त्यामुळे त्यांना खासगी फायनान्स कंपन्या अथवा सावकाराच्या दारात जावे लागते. मात्र, तातडीने मिळणारे हे कर्ज काही महिन्यांतच व्याज आणि दंडाच्या ओझ्याखाली डोईजड होऊन जाते. एक कर्ज फेडण्यासाठी दुसरे घ्यावे लागते. शेतकरी दुष्टचक्रात अडकतो. त्यात दारात येऊन धमक्या, चारचौघांत अपमान आणि घरातून उचलून नेण्याची भीती यांची भर पडली की आर्थिक संकट जीवघेणे होते.

कर्जाची कायदेशीर वसुली हा आर्थिक व्यवहाराचा भाग आहे, आणि तो असायलाच हवा. पण, नियमांनुसार केलेली वसुली आणि दहशत पसरवून उकळलेला पैसा यांत जमीन-अस्मानाचा फरक आहे. रिझर्व्ह बँकेने वसुलीसाठी दिलेले नवे निर्देश १ जानेवारी २०२७ पासून लागू होतील. त्यानुसार वसुलीचे फोन फक्त सकाळी आठ ते सायंकाळी सात या वेळेतच करता येतील, प्रत्येक संवादाचे रेकॉर्डिंग ठेवावे लागेल आणि घरभेटीपूर्वी नोटीस देणे बंधनकारक असेल. हे नियम स्वागतार्ह आहेत, पण ते शेतकऱ्याच्या दारापर्यंत पोहोचतील का? वित्तसंस्थेचा वसुली प्रतिनिधी नियमबाह्य वर्तन करीत असेल, तर संबंधित संस्थेची जबाबदारीही निश्चित झाली पाहिजे. केवळ एजंटवर कारवाई करून संस्थात्मक उत्तरदायित्व टाळता येणार नाही.

राज्य सरकारने दुष्काळग्रस्त भागांत कृषी कर्जवसुलीला स्थगिती दिल्याचे सांगितले जाते. मात्र, खासगी फायनान्स आणि मायक्रोफायनान्स कंपन्यांनाही हे संरक्षण लागू आहे का, याबाबत स्पष्टता आवश्यक आहे. कर्जवसुलीच्या छळणुकीतून शेतकऱ्यांची सुटका करायची असेल तर, सरकारने कर्जवसुलीच्या नियमांची कठोर अंमलबजावणी करावी. सर्व वित्तसंस्थांच्या कार्यपद्धतीवर देखरेख ठेवावी आणि प्रत्येक जिल्ह्यात तक्रार निवारण कक्ष सुरू करावा. पीककर्जवाटपातील बँकांच्या अपयशाची चौकशी करून जबाबदारी निश्चित करावी. कर्जपुनर्रचना, व्याजसवलत, पीकविमा आणि नुकसानभरपाई वेळेत मिळेल, याची खात्री करावी.

शेतकऱ्याने कर्ज घेणे हा गुन्हा ठरता कामा नये. कर्ज फेडणे ही त्याची जबाबदारी असली, तरी संकटात त्याला सावरण्याची संधी देणे ही व्यवस्थेची जबाबदारी आहे. शेतकऱ्याला केवळ कर्जमुक्ती नव्हे, तर भयमुक्त जगण्याची हमी हवी. दहा हजारांच्या कर्जासाठी माणसाचे आयुष्य पणाला लागणार असेल, तर दोष केवळ कर्जदाराच्या आर्थिक स्थितीत नाही; तो व्यवस्थेच्या प्राधान्यक्रमातही आहे. म्हणूनच, कर्जाची वसुली कायद्याच्या चौकटीतच व्हावी. माणसाच्या जगण्याची किंमत मोजून नव्हे!

nandu.patil@lokmat.com

प्रासंगिक

फक्त दोन नकाशे आणि ६० जवानांच्या बहादुरीची शौर्यगाथा

लेफ्टनंट कर्नल दिवाण रणजित राय यांच्या तुकडीने स्वत:चे प्राण अर्पून स्वतंत्र भारतातली पहिली विजयगाथा रचली. आजच्या पायदळ दिवसाच्या निमित्ताने!



ब्रिगेडिअर संग्राम दळवी
सेना मेडल (निवृत्त)

२७ ऑक्टोबर १९४७ हा तो दिवस. १ शीख बटालियनचे कमांडिंग अधिकारी लेफ्टनंट कर्नल दिवाण रणजित राय यांची तीन डकोटा विमाने पहाटे पीर पंजाल पर्वतरांग ओलांडून काश्मीर खोऱ्यात प्रवेश करत होती. त्यांच्यासोबत सुमारे ६० जवान होते.

१५ ऑगस्ट १९४७ रोजी ब्रिटिश राजवट संपल्यावर संस्थानांच्या विलीनीकरणाचा प्रश्न उभा राहिला. त्यात जम्मू-काश्मीरचा प्रश्न अधिक गुंतागुंतीचा होता. महाराजा हरी सिंग यांच्या राज्याच्या सीमा दोन्ही नव्या देशांना लागून होत्या. त्यांना स्वतंत्र राहण्याची आशा होती. पाकिस्तानच्या मनात वेगळीच योजना होती. पाकिस्तान लष्कराच्या नेतृत्त्वाखाली स्थानिक आदिवासी टोळ्या सशस्त्र होऊन २२ ऑक्टोबर रोजी जम्मू-काश्मीरमध्ये घुसणार होत्या. प्रत्येक टोळीमध्ये साधारणपणे १००० आदिवासी होते. जम्मू-काश्मीरच्या सैन्याला या आक्रमणाचा प्रतिकार प्रभावीपणे करणे शक्य नव्हते. पहिल्याच दिवशी २२ ऑक्टोबरला श्रीनगरच्या १०० किलोमीटर पश्चिमेला स्थित असलेल्या डोमेलचा पाडाव झाला. महाराजांच्या आदेशानुसार लष्करप्रमुख ब्रिगेडिअर राजेंदर सिंग ५५० जवानांसह उरीकडे रवाना झाले. ३,००० आक्रमकांसमोर उरीचे रक्षण करणे कठीण झाले तेव्हा आदिवासी टोळ्यांना थांबवण्यासाठी त्यांनी २४ ऑक्टोबरला उरीचा पूल उडवला आणि ९० किलोमीटर आत मुहरा व रामपूर येथे शत्रूला रोखण्यासाठी लढा दिला. शेवटी २६/२७ ऑक्टोबरच्या मध्यरात्री रस्त्यावर उभारलेल्या तात्पुरत्या मोर्चांवर लढताना ते धारातीर्थी पडले. मात्र, त्यांच्या लढ्यामुळे खोऱ्याला मोलाचे चार दिवस मिळाले. त्या अपार शौर्यासाठी त्यांना स्वतंत्र भारताचे पहिले महावीर चक्र देण्यात आले.

श्रीनगरपासून सुमारे ५५ किमी अंतरावरील बारामुल्ला २६ ऑक्टोबरच्या सुमारास पडले. पण, श्रीनगरकडे जाण्याऐवजी लुटालुटीत हल्लेखोरांनी वेळ वाया घालवला. आता मात्र महाराजा हरी सिंह यांनी भारताची मदत घेण्याचा निर्णय घेतला. त्यांच्या विनंतीला मान देऊन २५ ऑक्टोबरला दिल्लीने वरिष्ठ सनदी अधिकारी व्ही. पी. मेनन यांना श्रीनगरला पाठवले. त्यांच्याशी मसलत करून महाराजा त्याच रात्री जम्मूला निघून गेले. भारतीय सैन्य पाठवण्यापूर्वी काश्मीरने भारतात सामील होले पाहिजे, असा लॉर्ड माउंटबॅटन यांचा आग्रह होता. मेनन यांच्या वृत्तानुसार, ते आणि काश्मीरचे पंतप्रधान मेहरचंद महाजन २६ ऑक्टोबरला जम्मूला गेले. तेथे महाराजांनी विलिनीकरणाच्या करारावर सही केली. २७ ऑक्टोबरला माउंटबॅटन यांनी तो स्वीकारला आणि शांतता प्रस्थापित झाल्यावर अंतिम निर्णय जनतेने घ्यावा, असेही नमूद केले.

जम्मूहून श्रीनगरकडे जाणारा रस्ता अतिशय निमुळता होता आणि तिथे सैन्याची पुरेशा वेगाने वाहतूक करणे शक्य नव्हते. पायदळाची संपूर्ण तुकडी वेळेत श्रीनगरमध्ये पोहोचवण्याचा एकमेव मार्ग म्हणजे तिला विमानाने नेणे. लेफ्टनंट कर्नल रणजित राय यांची डकोटा विमाने सकाळी सुमारे ८:३० वाजता श्रीनगर विमानतळावर उतरली. विमानतळाच्या संरक्षणासाठी एका कंपनीला त्यांनी मागे ठेवले आणि उर्वरित सैनिकांसह रस्त्याने पुढे बारामुल्लाच्या दिशेने कूच केले. पुढे गेल्यावर त्यांना जाणवले की, हे साधेसुधे आदिवासी नाहीत. त्यांच्याबरोबर पाकिस्तानी आर्मी ऑफिसर आणि त्यांची भारी शस्त्रास्त्रेही आहेत.

आदल्या दिवसापर्यंत १ शीख बटालियन फाळणीच्या संकटात सापडलेल्यांना मदत करत होती. त्यांनी स्वतःची जड शस्त्रे सोबत आणली नव्हती. अशा परिस्थितीत रणजित राय यांनी मागे येऊन श्रीनगरपासून २७ किमी अंतरावरील पट्टण येथे आक्रमकांचा सामना करण्याचा निर्णय घेतला. तेथे लढाईत रणजित राय गंभीर जखमी झाले आणि त्यांना वीरमरण आले. त्यांच्या शौर्यासाठी त्यांनाही मरणोत्तर महावीर चक्र प्रदान करण्यात आले. त्यांच्या एका दिवसाच्या लढाईमुळे श्रीनगर विमानतळ वाचले आणि भारतीय सैन्याला आणखी एक बटालियन काश्मीरमध्ये आणता आली. ३ नोव्हेंबरला मेजर सोमनाथ शर्मा यांच्या ४ कुमाऊँच्या तुकडीला बडगाम येथे ५०० ते ७०० हल्लेखोरांचा सामना करावा लागला. त्यात त्यांना वीरगती प्राप्त झाली. त्यांच्या अतुलनीय शौर्यासाठी त्यांना मरणोत्तर परमवीर चक्र प्रदान करण्यात आले. ते भारताचे पहिले परमवीर चक्र विजेते ठरले. दोन नकाशे हाती घेऊन आलेल्या काही जवानांनी काश्मीर खोऱ्याचे प्रवेशद्वार अधिक कुमक येईपर्यंत राखले. त्या सकाळची आठवण म्हणजे आजचा पायदळ दिन.

sangramdalvi@gmail.com

जगभर

पुलित्झर पुरस्कार न मिळाल्यानेही ट्रम्प नाराज!

शांततेचा नोबेल पुरस्कार मला(च) मिळायला हवा होता, अशी 'मागणी' अमेरिकेचे राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांनी आजवर अनेकदा व्यक्त केली आहे आणि तो न मिळाल्याबद्दल वारंवार नाराजीही व्यक्त केली आहे. हे झाले नोबेल पुरस्कारांबद्दल, पण आता त्यांचं म्हणणं आहे, पुलित्झर पुरस्कारापासूनही मला वंचित ठेवण्यात आलं आहे. या पुरस्कारावरही माझा 'हक्क' आहे, पण अजूनही मला तो दिला गेलेला नाही. यावरूनही त्यांनी आता पुन्हा नाराजी व्यक्त केली आहे. ट्रम्प यांनी आतापर्यंत १९ पुस्तकं लिहिली आहेत. त्यापैकी १९८७ मध्ये प्रकाशित झालेलं 'द आर्ट ऑफ द डील' हे पुस्तक सर्वाधिक चर्चेत राहिलं आहे. पुलित्झर पुरस्कार हा पत्रकारितेतील अत्यंत प्रतिष्ठेचा सन्मान मानला जातो. मात्र, हा पुरस्कार केवळ पत्रकारितेसाठीच नव्हे, तर पुस्तकं, नाटक आणि संगीत या क्षेत्रांतील उल्लेखनीय योगदानासाठीही दिला जातो.

आपल्याला हा पुरस्कार न मिळाल्याबद्दल तर त्यांनी जाहीर नाराजी व्यक्त केलीच, पण रशियाशी संबंधित चौकशीच्या वृत्तांकनासाठी पुलित्झर पुरस्कार मिळवणाऱ्या पत्रकारांवरही त्यांनी टीका केली. संबंधित पत्रकारांनी चुकीच्या बातम्या दिल्याचा आरोप करताना त्यांना पुरस्कार मिळायलाच नको होता, असा दावाही त्यांनी केला. २०१६ मध्ये एकूण २५ पुलित्झर पुरस्कार प्रकारांमध्ये पत्रकारिता, पुस्तकं, नाटक, संगीत आणि विशेष सन्मान अशा श्रेणींचा समावेश होता. यंदाच्या पुरस्कारांमध्ये ट्रम्प प्रशासनाची धोरणं आणि त्यांच्या कामकाजावर प्रकाश टाकणाऱ्या वृत्तांकनालाही गौरवण्यात आलं.

द न्यूयॉर्क टाइम्सने ट्रम्प आणि त्यांच्या कुटुंबाला व्यावसायिक व्यवहारांतून झालेला फायदा तसेच त्यांच्या वैयक्तिक हितसंबंधांशी संबंधित प्रकरणांची



सखोल चौकशी केली. द वॉशिंग्टन पोस्टने ट्रम्प सरकारच्या निर्णयांचा सरकारी विभागांवर आणि सामान्य नागरिकांवर झालेल्या परिणामांचा आढावा घेतला. रॉयटर्सने ट्रम्प प्रशासनाने आपल्या अधिकारांचा वापर कसा केला आणि विरोधकांना लक्ष्य कसं केलं, याचं वृत्तांकन केलं. तर द शिकागो ट्रिब्यूनने शिकागोमध्ये बेकायदेशीर स्थलांतरितांना पकडण्यासाठी ट्रम्प प्रशासनानं केलेल्या कारवाया आणि त्याविरोधात एकत्र आलेल्या स्थानिक नागरिकांच्या आंदोलनाचं वृत्तांकन केलं.

२०१८ मध्ये द न्यूयॉर्क टाइम्स आणि द वॉशिंग्टन पोस्ट या वृत्तपत्रांना रशियाशी संबंधित वृत्तांकनासाठी पुलित्झर पुरस्कार मिळाला होता. या वृत्तांकनामध्ये २०१६ च्या अमेरिकेच्या राष्ट्राध्यक्षपदाच्या निवडणुकीत रशियाने हस्तक्षेप केल्याच्या आरोपांचा तपास करण्यात आला होता. ट्रम्प यांनी या बातम्या चुकीच्या असल्याचं वारंवार म्हटलं आणि पुरस्कार परत घेण्याची मागणीही केली होती. मात्र, २०२२ मध्ये पुलित्झर पुरस्कार मंडळाने त्यांची मागणी फेटाळून लावली होती.

आपल्याला पुलित्झर पुरस्कार मिळायला हवा होता, या त्यांच्या 'मागणी'ची तर सोशल मीडियावर अनेकांनी भरपूर खिल्ली उडवली आहे. कोहींनी म्हटलं, ज्या व्यक्तीला लहान मुलांसोबतचं पुस्तकही लिहिता येत नाही, त्यानं आपल्याला पुलित्झर पुरस्कार मिळायला हवा असं म्हणणं हा एक मोठ्ठा विनोद आहे, तर कोहींनी म्हटलं, यांचं इंग्रजी समजून घेण्यासाठीही एखाद्या वेगळ्या तपास पथकाची गरज पडेल!

जनमन

लोकलच्या दांड्यांमुळे अपघात



मध्य, पश्चिम आणि हार्बर या मार्गांवर धावणाऱ्या लोकल रेल्वेसेवेचा बोजवारा उडाला आहे. या तिन्ही मार्गांवरील लोकलचे वेळापत्रक अनेक वर्षांपासून विस्कळीत असून, प्रवाशांना दररोज विविध समस्यांना सामोरे जावे लागत आहे. लोकलमधील प्रचंड गर्दीमुळे प्रवाशांचा प्रवास अधिकच धोकादायक बनला आहे. गर्दीत लोकलमध्ये चढताना आणि उतरताना डब्याच्या दरवाजावरील स्टीलचा खांब किंवा दांडा पकडावा लागतो. मात्र, सततच्या वापरामुळे हे दांडे गुळगुळीत झाले आहेत. त्यामुळे हातची पकड सुटून प्रवासी पडण्याच्या अनेक घटना घडल्या आहेत आणि अजूनही घडत आहेत. लोकलच्या डब्यांमधील दरवाजाजवळ असलेले स्टीलचे खांब आणि दांडे प्रवाशांना आधार देण्यासाठी असतात. मात्र, तेच गुळगुळीत झाल्याने प्रवाशांच्या सुरक्षिततेचा प्रश्न निर्माण झाला आहे. या दांड्यांवर पकड मजबूत राहण्यासाठी घसरणार नाही अशा दर्जाचे रबर बसवणे आवश्यक आहे. तसेच दांड्यांची नियमित तपासणी करून त्यांची योग्य देखभाल करणेही गरजेचे आहे. लोकलमध्ये चढण्यासाठी प्रवाशांची झुंबड उडते. अनेक प्रवाशांना नाईलाजाने लोकलच्या दरवाजावर उभे राहून स्टीलच्या दांड्याचा आधार घेत जीवघेणा प्रवास करावा लागतो. विशेषत: गर्दीच्या वेळेत महिलांसह ज्येष्ठ नागरिक आणि रोज कामानिमित्त प्रवास करणाऱ्या प्रवाशांना अधिक धोका सहन करावा लागतो. प्रवाशांची सुरक्षितता ही रेल्वे प्रशासनाची प्राथमिक जबाबदारी आहे. केवळ वेळापत्रक सुधारणे आणि गाड्यांची संख्या वाढविणे पुरेसे नाही.

- गणेश वराडे, भांडुप

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे



लोकमत दीपोत्सव २०२६
पैसा पुरेल, उरेल की सरेल?

नोटा पाहणे, त्यांना स्पर्श करणे, त्या मोजणे,
त्या स्वहस्ते देणे आणि त्या हातून गेल्याचे अनुभवणे
हा पैसे देण्याचा सदेही अनुभव.
या उलट क्यूआर कोड स्कॅन करणे
किंवा संबंधित फोन नंबर शोधणे,
रक्कम टाकणे, पिनद्वारा प्रमाणित करून रक्कम पाठविणे
आणि संदेश किंवा ध्वनीद्वारा तो गेल्याची खातरजमा करणे
हा डिजिटल पेमेंटचा विदेही अनुभव.
या बदलामुळे आपण पैशाबाबत अधिक बेफिकीर होतो आहोत का?



या वर्षीच्या अंकात १४

खिशातल्या पाकिटातून नोटा काढून
आपण खर्च करतो आणि स्क्रीनवर पिन टाकून
फक्त आकड्यांनी 'पेमेंट' करतो, तेव्हा
पैशाबरोबरचे आपले वर्तन नेमके कसे बदलते?

आपल्या खिशात, फोनमध्ये आणि डोक्यात
पुन्हा डोकावून पाहायला लावणारा
विश्राम ढोले यांचा लेख

फेंके हुए पैसे विजय क्यों नही उठाता?

तीन लाख प्रतींचा खप ओलांडणारा अंक नव्हे, उत्सव!

पाने सुमारे : २५६ | मूल्य : ४९९ रुपये
प्रसिद्धी : दिवाळीआधी | फोन आणि 91120 50500
lokmatdeepotsav
अधिक माहिती, ऑनलाईन खरेदीसाठी स्कॅन करा
deepotsav.lokmat.com | स्थानिक वृत्तपत्र विक्रेत्यांकडे उपलब्ध
अंक लवकरच प्रसिद्ध होईल
आजच आपली प्रत निश्चित करा

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८५ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., म्हापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३७१३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न ब्लू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनजवळ, ठाणे, फोन : २५४४५९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४९७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

प्रेरणा

विद्या उत्तम है और धन हाथ का मैल, किन्तु विद्यार्जन के लिए भी धनार्जन आवश्यक है। - यशपाल

संपादकीय

चीन से कारोबार में आ रही अड़चनें दूर करनी जरूरी हैं

बैंकाक में आईएमएफ-वर्ल्ड बैंक की सालाना बैठक में वित्त मंत्री ने भारतीय वस्तुओं की खरीद पर चीन के गैर-टैरिफ बैरियर्स के कारण द्विपक्षीय व्यापार में बढ़ते असंतुलन पर चिंता तो जताई, लेकिन बातचीत से रास्ता निकालने पर जोर दिया। हालांकि ऐसी बातचीत पिछले दस साल से चल रही है और चीन का रवैया भारतीय उत्पादों को लेकर लगातार नकारात्मक रहा है। दरअसल चीन फाइटो-सैनेटरी कंप्लायंस के नाम पर भारत ही नहीं, अमेरिका, ईयू और ऑस्ट्रेलिया के माल भी खारिज करता रहा है। इसके तहत अनाज, खासकर चावल या अन्य मानव-उपभोग की वस्तुओं के खेत में उपजाए जाने के तरीके से उत्पाद की खपत तक बहुस्तरीय जांच की जाती है। लेकिन चीन इसके मानदंड अपनी राजनीतिक सुविधा के अनुसार बदलता रहता है। एक ताजा घटना में ऑस्ट्रेलिया के एक उत्पाद को पहले निरस्त किया और जब सरकार बदली तो नए मानदंड बनाकर स्वीकार कर लिया। हमारी मजबूरी यह है कि हमें अपनी प्रमुख निर्यातपरक वस्तुओं में प्रयुक्त एपीआई और माइक्रोचिप्स के लिए भी चीन पर आश्रित रहना पड़ता है। हालांकि हाल ही में भारत ने चीन के करीब 155 उत्पादों पर एंटी-डंपिंग टैरिफ लगाया है। भारत का आरोप है कि ये उत्पाद चीनी सरकार की अघोषित सब्सिडी से पोषित होकर भारत के बाजार में दाम गिराकर बेचे जा रहे थे।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

भगवान से वह भक्ति मांगें, जो तपस्वियों को भी उपलब्ध न हो

काकभुशुंडि जी के सामने श्रीराम जी खड़े थे और कहा, मांग ले। काकभुशुंडि जी ने श्रीराम जी से वो भक्ति मांगी, जो बड़े-बड़े साधु-संतों को भी उपलब्ध नहीं होती। तब राम जी को कहना पड़ा- रीझेउँ देखी तोरी चतुराई। मागेहु भगति मोहि अति भाई। वही भक्ति तूने मांगी, तेरी चतुरता देखकर मैं रीझ गया। हम संसार के सामने चतुराई दिखाते हैं, लेकिन जब हमें भगवान के सामने चतुराई दिखाने का मौका मिले तो उनसे वह भक्ति मांगनी चाहिए, जो बड़े-बड़े तपस्वियों को उपलब्ध न हो। तो भगवान समझ जाते हैं कि मेरा भक्त समझदार है और सचमुच मुझसे भक्ति ही मांगने आया है। विज्ञान कहता है हमारे मस्तिष्क का एक बड़ा हिस्सा है- सेरिब्रम, जिसमें बुद्धि और चतुराई दोनों होते हैं। बुद्धि का कैसे उपयोग करें, यह संकेत चतुराई करती है। इसलिए कम से कम 24 घंटे में दो बार आंख बंद करके कल्पना करिए कि ईश्वर हमारे सामने खड़े हैं और हम उनसे कुछ ऐसा मांगें कि वे हमारी चतुराई की प्रशंसा करें।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

नजरिया • दलेर मेहंदी से दुर्व्यवहार का मामला

नेताओं को सार्वजनिक मंचों पर शालीनता का परिचय देना होगा

आचरण



आरती जेरथ
राजनीतिक टिप्पणीकार
aratijerath@gmail.com

उत्तराखंड के मंत्री सुबोध उनियाल हाल ही में उस समय चर्चाओं में आए, जब उन्होंने नई टिहरी में सरकार द्वारा प्रायोजित एक पर्यटन मेले में प्रस्तुति दे रहे मशहूर पंजाबी गायक दलेर मेहंदी को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। कार्यक्रम के बीच में ही उनियाल मंच पर चढ़ गए और मेहंदी पर आरोप लगाया कि वे नशे में हैं, ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे हैं या बोल नहीं पा रहे हैं और लाइव गाने के बजाय रिकॉर्ड किए हुए गाने पर केवल होंठ हिला रहे हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मेहंदी इस कार्यक्रम के लिए उन्हें दी गई 35 लाख रुपये की राशि का सम्मान नहीं कर रहे हैं।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद बॉलीवुड की कई प्रमुख हस्तियों ने इस व्यवहार की आलोचना की। इनमें अनुपम खेर के साथ दलेर मेहंदी के भाई व गायक मीका सिंह भी शामिल हैं। उन्होंने कहा एक प्रतिष्ठित व लोकप्रिय कलाकार के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार अनुचित है, वह भी उन दर्शकों के सामने जो उनका गायन सुनने के लिए वहां इकट्ठा हुए थे।

हर कहानी के दो पहलू होते हैं। हो सकता है कि उस रात दलेर मेहंदी का गायन अपेक्षित स्तर का न रहा हो। यह भी सच है कि अगर उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था तो उन्हें इस कार्यक्रम का निमंत्रण स्वीकार नहीं करना चाहिए था। लेकिन लोगों को दलेर मेहंदी के सार्वजनिक अपमान ने ज्यादा हैरान किया है। उन पर न केवल नशे में होने के अपुष्ट आरोप लगाए गए, बल्कि कार्यक्रम के लिए उन्हें दी गई पारिश्रमिक राशि का सार्वजनिक रूप से उल्लेख करने में भी शालीनता नहीं थी। अगर दलेर मेहंदी की प्रस्तुति स्तरीय नहीं थी और दर्शक इसको लेकर खुश नहीं थे, तो इस स्थिति को कहीं बेहतर ढंग से संभाला जा सकता था। मसलन, कार्यक्रम के मध्यांतर में मेहंदी को मंच के पीछे ले जाकर विनम्रता से उनसे पूछा जा सकता था कि क्या वे ठीक हैं?

संभवतः यह पहली बार है, जब किसी नेता ने किसी प्रतिष्ठित कलाकार के साथ ऐसा व्यवहार किया हो। आमतौर पर ऐसे व्यवहार का निशाना नौकरशाह बनते हैं, खासकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, जिनका अपने निर्वाचन क्षेत्रों की विकास परियोजनाओं को लेकर राजनेताओं से टकराव होता रहता है। अधिकारियों को लेकर मिल रही शिकायतों के कुछ वाजिब कारण भी हो सकते हैं। लेकिन नेताओं के अभद्र आचरण की खबरें चिंताजनक रूप से लगातार सामने आ रही हैं।

कभी-कभी ऐसे टकराव केवल तीखी बहस और ऊंची आवाज में कहासुनी तक सीमित रहते हैं। लेकिन अब तो अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल, निलंबन और अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों की धमकियां भी बढ़ती दिखाई दे रही हैं। उदाहरण के लिए कांग्रेस के पूर्व विधायक नीतेश राणे और उनके समर्थकों ने एक बार महाराष्ट्र में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक डिप्टी इंजीनियर को पुल की रेलिंग से बांध दिया था और उन पर कीचड़ उड़ेला गया था। इसकी वजह मुंबई-गोवा राजमार्ग का खराब रखरखाव और सड़क पर मौजूद गड्ढे थे। भाजपा सांसद कंगना रनौत भी मंडी में स्थानीय अधिकारियों को अपमानित करती रही हैं। हाल ही में ऐसे ही एक विवाद के दौरान उन्होंने अधिकारियों को 'आलसी' और 'नाकाबिल' कहा था।

मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने शिवपुरी में एक बैठक के दौरान अधिकारियों को धमकाया था कि सहयोग नहीं करने वाले अधिकारियों के घरों के पानी और बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। कहीं किसी स्थानीय अधिकारी को क्रिकेट के बल्ले से पीटा गया, तो कहीं महिला अधिकारियों और यहां तक कि एक महिला पुलिस कांस्टेबल को भी

अब उम्मीदवार चुनते समय उनकी जीतने की क्षमता को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। धनबल और बाहुबल वालों के लिए टिकट हासिल करना आसान हो जाता है। यही कारण है कि मौजूदा सांसदों और विधायकों में से लगभग 30 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

थप्पड़ मारे गए। कलेक्टर जैसे अधिकारियों के साथ भी तीखी नोकझोंक की कई घटनाएं सामने आई हैं।

यह प्रवृत्ति ऐसे समय में विशेष रूप से दिखाई दे रही है, जब राजनीति में प्रतिस्पर्धा बेहद आक्रामक होती जा रही है। पहले राजनीतिक दल उम्मीदवारों के जनसेवा के रिकॉर्ड को महत्व देते थे, लेकिन अब वे उम्मीदवार चुनते समय उनकी जीतने की क्षमता को अधिक प्राथमिकता देने लगे हैं। नतीजतन, जिस उम्मीदवार के पास धनबल और बाहुबल होता है, उसके लिए चुनाव लड़ने का टिकट हासिल करना आसान हो जाता है। लेकिन लोकसेवी आईएएस रिपोर्ट के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि मौजूदा सांसदों और विधायकों में से लगभग 30 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह जानकारी चुनाव के समय उम्मीदवारों द्वारा दिए गए स्वयं उनके शपथ-पत्रों पर आधारित है। ऐसे में क्या यह कोई आश्चर्य की बात है कि हमारे अनेक निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के व्यवहार में आजकल शालीनता का अभाव दिखाई देता है?

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

दूरदृष्टि • ट्रम्प और नेतन्याहू का दबदबा दांव पर है

यूएस और इजराइल के चुनावों से तय होगी युद्ध की तस्वीर

युद्धनीति



मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com

अमेरिका और इजराइल कथित तौर पर नवंबर की शुरुआत में ईरान पर नए सिरे से हमले की योजना बना रहे हैं। अब तक ईरानी सेना को भारी नुकसान पहुंचाने और नौसैनिक नाकेबंदी के जरिए दबाव बनाने के बावजूद अमेरिका ईरान से अपनी मांगें नहीं मनवा पाया है। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि नए हमलों से क्या हासिल हो पाएगा। इससे मध्य-पूर्व में व्यापक तबाही जरूर हो सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हमले पर चर्चा के लिए हाल ही में बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी। इस बीच, अमेरिका ने हमले के लिए बड़ी सेना भी जुटा ली है। लेकिन हमले के लिए ट्रम्प की मंजूरी जरूरी होगी और वे असमंजस में हैं।

नए हमले ईरान के ऊर्जा ढांचों, परमाणु ठिकानों के साथ उसके ड्रोन और मिसाइल भंडारों पर हो सकते हैं। अमेरिका और इजराइल को उम्मीद है कि बड़े पैमाने पर एक और हमला ईरान को आखिरकार उनकी मांगें मानने को मजबूर कर देगा, खासकर परमाणु कार्यक्रम के मसले पर। इधर ईरान भी साफ कर चुका है कि वह मध्य-पूर्व में अमेरिकी ठिकानों को और आक्रामक तरीके से निशाना बनाएगा, अमेरिकी युद्धपोतों को डुबोने की कोशिश करेगा और सऊदी अरब जैसे देशों के ऊर्जा ढांचे, हवाई अड्डों और तेल पाइपलाइनों पर हमले करेगा, जिससे तेल कीमतें उछल सकती हैं।

वास्तव में, ईरान ने अपने हालिया मिसाइल हमलों में पहले की तुलना में अधिक क्षमता प्रदर्शित की है। इनमें जुलाई में जॉर्डन स्थित मुवफ्फक सल्ती एयरबेस पर किया गया हमला शामिल है। सितंबर के हमलों में तो ईरानी मिसाइलें अमेरिकी युद्धपोतों के काफी करीब पहुंच गई थीं। विश्लेषकों का कहना है ईरान के पास अब भी हजारों बैलिस्टिक मिसाइलें हैं और उसने इनका उत्पादन फिर शुरू कर दिया है। अमेरिका अब मान रहा है कि ईरानी हमलों ने उसके एयरबेस, दूतावासों और बहरीन स्थित पांचवें बेड़े के मुख्यालय को काफी नुकसान पहुंचाया है। हमलों में यूएई और कतर के ऊर्जा एवं औद्योगिक ठिकानों तथा दुबई, कुवैत, बहरीन के हवाई अड्डों को भी निशाना बनाया गया। अब ईरान का लक्ष्य पड़ोसी देशों को और नुकसान पहुंचाना होगा।

पिछले हफ्ते इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के एक कमांडर ने कहा कि ईरान हॉर्मुज के नीचे से गुजरने वाली इंटरनेट केबलों को काट सकता है। इससे ज्यादातर खाड़ी देशों में कनेक्टिविटी ब्लैकआउट हो सकता है, हालांकि कुछ देशों के पास जमीनी रास्तों के जरिए वैकल्पिक नेटवर्क भी हैं। सऊदी अरब और यूएई में अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के क्लाउड तथा एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रभावित हो सकते हैं। वित्तीय और बैंकिंग लेन-देन धीमे हो सकते हैं। भारत पर भी इसका असर पड़ सकता है, क्योंकि बैंडविड्थ का एक बड़ा हिस्सा गल्फ-मुम्बई कॉरिडोर से होकर ही गुजरता है।

कुछ ही दिनों पहले ईरान की संसद ने देश के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख योजनाकार मेहरदाद अखलाघी को रक्षा मंत्री नियुक्त किया। पद संभालते ही अखलाघी ने कहा कि उनका फोकस नई तकनीकों पर रहेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मीडिया में प्रकाशित एक लेख में कहा है कि 'नए हमले नागरिकों के जीवन, क्षेत्र के सभी देशों की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को जोखिम में डाल देंगे।'

राजनीतिक रूप से देखें तो ये हमले उन परिस्थितियों में होने वाले हैं, जो तेजी से बदल सकती हैं। इजराइल के चुनावों में बेंजामिन नेतन्याहू की हार भी संभव है और अमेरिका में 3 नवंबर के मध्यावधि चुनावों में

इजराइल के चुनावों में नेतन्याहू की हार संभव है और अमेरिका में 3 नवंबर के मध्यावधि चुनावों में ट्रम्प को कोई बड़ा नुकसान हुआ तो सत्ता पर उनकी पकड़ भी कमजोर पड़ सकती है। इन परिणामों का मध्य-पूर्व में होने जा रहे आगामी किसी भी युद्ध पर असर पड़ेगा।

ट्रम्प को कोई बड़ा नुकसान हुआ तो सत्ता पर उनकी पकड़ कमजोर पड़ सकती है।

बड़ा सवाल यह है कि क्या हमलों का एक और दौर वह नतीजा हासिल कर सकता है, जो महीनों के सैन्य दबाव के बावजूद हासिल नहीं हो पाया? नतीजे में किसी राजनीतिक समझौते के बगैर हुए युद्ध की कीमत बहुत बड़ी होगी। यदि अमेरिका के पास कूटनीतिक समाधान तक पहुंचने की विश्वसनीय योजना नहीं है तो नए हमले से संघर्ष के सुलझने के बजाय और गहराने का जोखिम है। इसकी कीमत पूरे क्षेत्र और वैश्विक अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ सकती है। हमें याद रखना होगा कि सैन्य श्रेष्ठता अपने आप राजनीतिक जीत की गारंटी नहीं होती।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर

अब आप NYT के सभी आर्टिकल **DB एप** पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

कानून मेटा पर 2.37 लाख करोड़ का जुर्माना, अपने आप वीडियो चलने जैसे एल्गोरिदम की जानकारी थी

अदालती फैसलों से बड़ी टेक कंपनियों की पोल खुली, यूजर्स को गुमराह करने के तरीके उजागर

सिसिलियाकॉग

अदालती फैसलों और मुकदमों में पेश आंतरिक दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि बड़ी टेक कंपनियां यूजर्स को गुमराह करने और उनकी निजी जानकारी का इस्तेमाल करने वाले तरीकों पर काम कर रही थीं। मेटा और यूट्यूब जैसी कंपनियों के खिलाफ फैसलों ने उनके कारोबारी तौर-तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। अब अमेरिकी अदालतें उन कंपनियों को जवाबदेह बना रही हैं, जिन पर लंबे समय से उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगते रहे हैं।

पिछले सप्ताह न्यू मैक्सिको की एक अदालत ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप की मूल कंपनी मेटा पर उपभोक्ताओं की गोपनीयता के उल्लंघन के मामले में 2.37 लाख करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। अदालत ने कहा कि यूजर्स के डेटा पर उनके नियंत्रण को लेकर फेसबुक के गलत दावे कंपनी के कारोबारी मॉडल में व्यवस्थित धोखाधड़ी का हिस्सा थे। कंपनी पर राजनीतिक कंसल्टिंग फर्म कैम्ब्रिज एनालिटिका को यूजर्स के डेटा के इस्तेमाल की अनुमति देने का मामला भी रहा है। इससे पहले मार्च में लॉस एंजिलिस की जूरी ने मेटा और यूट्यूब को एक युवती को 57 करोड़ रुपए देने का आदेश दिया था। युवती ने आरोप लगाया था कि इन प्लेटफॉर्म के लत लगाने वाले डिजाइन से उसकी मानसिक सेहत को नुकसान पहुंचा। अगस्त में न्यू मैक्सिको की अदालत ने युवाओं को ऐसे डिजाइन से नुकसान पहुंचाने के मामले में मेटा पर करीब 8963 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। विशेषज्ञों का कहना है कि अदालतों के फैसले कंपनियों पर जुर्माने के साथ उनके उत्पादों के डिजाइन में बदलाव का दबाव भी बना रहे हैं। अब तक टेक कंपनियां 1996 के अमेरिकी कानून की धारा 230 का हवाला देकर कई मामलों में जिम्मेदारी से बचती रही थीं। यह प्रावधान प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की पोस्ट की गई सामग्री के लिए कंपनियों को व्यापक कानूनी संरक्षण देता है। कंपनियां यह भी तर्क देती रही हैं कि उनकी सेवाएं मुफ्त हैं और बाजार में प्रतिस्पर्धा मौजूद है। हालांकि, अदालतों में मिल रहे फैसलों से यह तस्वीर बदल रही है। कंपनियां अपील करने की बात कह रही हैं और जुमिने उनके कुल कारोबारी मूल्य की तुलना में छोटे हो सकते हैं। फिर भी, कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक, ये फैसले टेक कंपनियों के जवाबदेही से बचने के सुरक्षा कवच में दरार डाल सकते हैं।



कई कंपनियों के खिलाफ मुकदमे

2024 से शुरू होकर, अदालतों ने संघीय एंटीट्रस्ट मुकदमों में गूगल के खिलाफ दो बार फैसला सुनाया, जिसमें कंपनी को सर्च और फिर विज्ञापन तकनीक में एकाधिकारवादी घोषित किया गया। न्यायाधीशों ने अदालत द्वारा आदेशित सुधार जारी किए, हालांकि आलोचकों ने इन आदेशों को कमजोर बताया था। मेटा एक एंटीट्रस्ट मुकदमे में इसी तरह के कमजोर सुधारों के निर्देशों के कारण भाग्य से बच गई। हालांकि अमेजन और एप्पल नहीं बच सकीं। उन्हें अभी भी आगामी संघीय मामलों का सामना करना पड़ रहा है।

कंपनियों के अंदरूनी दस्तावेज बने सबूत

अदालत में पेश आंतरिक दस्तावेजों में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और यूट्यूब के अधिकारियों की चर्चाओं का जिक्र था। इनमें अनंतकाल तक स्क्रॉल करने, वीडियो अपने आप चलने और ब्यूटी फिल्टर जैसे फीचर्स पर बात हुई थी, जो युवाओं को प्लेटफॉर्म पर ज्यादा समय बिताने के लिए आकर्षित कर सकते हैं। इन टेक कंपनियों के एप के दुष्प्रभाव से प्रभावित लोगों की गवाही के साथ इन दस्तावेजों ने भी मुकदमों में अहम भूमिका निभाई। © The New York Times

एजुकेशन छात्रों को महंगा पड़ रहा बाहर रहना

अमेरिका के सरकारी कॉलेज की एक साल की पढ़ाई का खर्च 52 लाख तक

जॉर्डन होलमैन

अमेरिका में सरकारी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का खर्च भी अब परिवारों पर भारी पड़ने लगा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बर्कले कैंपस में स्थानीय छात्रों के लिए सालाना कुल खर्च करीब 52 लाख रुपए पहुंच गया है। सांता बारबरा में यह करीब 49 लाख रुपए और इरविन में कैंपस से बाहर रहने वाले छात्रों के लिए करीब 48 लाख रुपए है। इसमें फीस, रहने, खाने और अन्य खर्च शामिल हैं। इस बढ़ती लागत की बड़ी वजह आवास संकट है। विश्वविद्यालयों में छात्रों की संख्या बढ़ी, लेकिन छात्रावासों और आसपास के मकानों की उपलब्धता उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। नतीजतन, छात्रों को निजी मकानों में महंगा किराया देना पड़ रहा है। सांता बारबरा में एक छोटे अपार्टमेंट के साझा कमरे का किराया भी प्रति छात्र 1.27 लाख रुपए महीने से शुरू होता है। विश्वविद्यालय ने नए छात्रों के लिए कैंपस में आवास की गारंटी एक साल से बढ़ाकर दो साल कर दी है, लेकिन चार साल तक रहने की जगह मिलने की गारंटी नहीं है। आवास की तलाश में छात्रों को महीनों पहले से जुटना पड़ता है। कम आय वाले परिवारों के छात्रों के लिए किराए की अग्रिम राशि जुटाना और रूममेट ढूंढना भी चुनौती है। और रूममेट ढूंढना भी चुनौती है। सरकारी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई सस्ती होने की पारंपरिक धारणा बदल रही है। सवाल यह है कि क्या विश्वविद्यालयों को छात्रों के लिए चार साल तक आवास सुनिश्चित करना चाहिए या उन्हें महंगे निजी बाजार के भरोसे छोड़ देना चाहिए। © The New York Times



दूसरे राज्यों में भी बढ़ रहा खर्च

कोलोराडो, कनेक्टिकट, इलिनॉय, मिशिगन, न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और वर्जीनिया के प्रमुख सरकारी विश्वविद्यालयों में भी कुछ स्नातक पाठ्यक्रमों का सालाना खर्च स्थानीय छात्रों के लिए 38 लाख रुपए से ज्यादा है। हालांकि, आर्थिक सहायता मिलने पर छात्रों का वास्तविक खर्च कम हो सकता है।

इस हफ्ते चर्चा में...

बोइंग के बड़े मैक्स जेट को छह साल बाद मंजूरी



230 सीटों

की क्षमता के बोइंग के नए 737 मैक्स 10 विमान को छह साल बाद अमेरिकी फेडरल एजेंसी की मंजूरी मिली है।

4700 करोड़ रु.

का एआई प्रोग्राम शुरू किया है, गोल्डमैन सॉक्स ने छोटे कारोबारों के लिए। इनमें तकनीकी संसाधन मुहैया कराए जाएंगे।

ऑटोमोबाइल फॉक्सवैगन 50 हजार नौकरियां घटाएगी

चीन में कारें नहीं बेच पा रहीं हैं पश्चिमी कार निर्माता कंपनियां

जेम्सपेटन

चीन में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण पश्चिमी देशों की कार कंपनियों को रणनीति में बदलाव करना पड़ा है। शुक्रवार को वॉल्वो कार्स ने शेयरों में भारी गिरावट के बीच तेजी से घटती बिक्री की सूचना दी। कंपनी का कहना है कि चीन में बढ़ती प्रतिस्पर्धा यूरोपीय कार निर्माताओं को कड़े बदलाव करने के लिए मजबूर करेगी। दुनिया के सबसे बड़े ऑटो बाजार चीन में फॉक्सवैगन और बीएमडब्ल्यू सहित अन्य यूरोपीय कार निर्माताओं ने बिजनेस के लक्ष्य संशोधित किए हैं। वॉल्वो ने कहा कि देश में स्थितियां अपेक्षा से अधिक तेजी से बिगड़ने के कारण नई तिमाही में बिक्री लगभग आधी रह गई। वॉल्वो के सीईओ हाकन सैमुएल्सन ने कहा, चीन में उस पुराने तरीके से कोई भी सफल नहीं होगा, जहां आप यूरोप में विकसित वैश्विक कारों को प्रीमियम कीमत पर बेचते थे। जर्मन दिग्गज कंपनी फॉक्सवैगन ने सितंबर में कहा था कि वह चीनी प्रतिस्पर्धा में वृद्धि और ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण अतिरिक्त 50,000 नौकरियों में कटौती करते हुए अपने 89 साल के इतिहास में सबसे व्यापक पुनर्गठन के साथ आगे बढ़ेगी। वॉल्वो ने कहा कि वह शंघाई में दो कार्यालयों का विलय करेगी, अपने उत्पादन को वैश्विक स्तर पर सात संयंत्रों से घटाकर पांच पर केंद्रित करेगी। पिछले 5 वर्षों में कंपनी के शेयरों में 80% से अधिक की गिरावट आई है। © The New York Times

सर्वे अमेरिका में 10 में से 6 वयस्क इलाज के महंगे खर्च को लेकर चिंतित

50 प्रतिशत अमेरिकी टाल रहे हैं अपना इलाज

रीड एबेलसन

अमेरिका में स्वास्थ्य बीमा होने के बावजूद लाखों लोग इलाज का खर्च नहीं उठा पा रहे हैं। बढ़ते प्रीमियम और चिकित्सा खर्च के कारण कई परिवार कर्ज लेने, इलाज टालने या उसे पूरी तरह छोड़ने को मजबूर हैं। दो नए सर्वेक्षणों के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च अमेरिकियों की सबसे बड़ी वित्तीय चिंताओं में शामिल हो गया है। करीब 10 में से 6 वयस्कों ने इलाज का खर्च उठाने को लेकर चिंता जताई है।

गैर-लाभकारी हेल्थ रिसर्च ग्रुप केएफएफ के अनुसार, कंपनियों के जरिए बीमा पाने वाले कर्मचारियों के लिए परिवार का औसत वार्षिक प्रीमियम 2026 में बढ़कर 7,471 डॉलर हो गया। यह 2025 के मुकाबले 9% अधिक है। नियोक्ता के योगदान समेत परिवार के बीमा की कुल लागत 28,303 डॉलर तक पहुंच गई है। बीमा लागू होने से पहले कर्मचारियों को अपनी जेब से औसतन करीब 2,000 डॉलर तक खर्च करने पड़ सकते हैं। कॉमनवेल्थ फंड के सर्वेक्षण के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं के खर्च के कारण इलाज टालने या न कराने वाले लोगों का अनुपात 2022 के 46% से बढ़कर इस साल 50% हो गया है। सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कटौती और चिकित्सा लागत में बढ़ोतरी ने भी स्थिति बिगाड़ी है। कामकाजी उम्र के बिना बीमा वाले अमेरिकियों की हिस्सेदारी 2024 के 8.9% से बढ़कर 2026 में 11.2% हो गई। अमेरिकी कांग्रेस के बजट कार्यालय के अनुमान के अनुसार, इस साल बिना बीमा वाले लोगों की संख्या करीब 3 करोड़ तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बीमा की बढ़ती लागत और सरकारी सहायता में बदलाव से लाखों लोगों के लिए इलाज तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। ।



© The New York Times

बिजनेस ब्रीफ

टाटा 10 हजार किमी का एआई नेटवर्क बनाएगी

नई दिल्ली| टाटा कम्युनिकेशंस अगले तीन से पांच वर्षों में भारत में 10,000 किलोमीटर लंबा फाइबर नेटवर्क बनाएगी। इस पर 3,800–4,275 करोड़ रुपए निवेश होगा। नेटवर्क प्रमुख डेटा केंद्रों और एआई केंद्रों को जोड़ेगा। पहले चरण में मुंबई, पुणे, हैदराबाद और चेन्नई शामिल होंगे। नेटवर्क की क्षमता ग्राहकों को लंबी अवधि के अनुबंध पर उपलब्ध कराई जाएगी। वित्त वर्ष 2028-29 से आय और मुनाफे में अहम योगदान की उम्मीद है।

आईटीसी होटल्स का मुनाफा 52% बढ़ा

मुंबई | आईटीसी होटल्स का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 52% बढ़कर करीब 203 करोड़ रुपए रहा। परिचालन आय 26% बढ़कर 1,054 करोड़ रुपए पहुंची। कमरों की बेहतर बुकिंग व औसत किराया बढ़ने से प्रति उपलब्ध कमरे की आय 21% बढ़ी। परिचालन मुनाफे का मार्जिन 29% से बढ़कर 32% हो गया। बोर्ड ने दुबई में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाने को मंजूरी दी है।

मुंबई में रोज बिके ₹5 करोड़ से महंगे 17 घर

मुंबई| मुंबई क्षेत्र में अप्रैल-सितंबर के दौरान पांच करोड़ रुपए या अधिक कीमत वाले 3,145 घरों के सौदे हुए। कुल मूल्य 32,623 करोड़ रुपए रहा। लाइसहाउस लगजरी और जैफकी की रिपोर्ट के मुताबिक, रोज औसतन 17 से अधिक सौदे दर्ज हुए। जुलाई-सितंबर में सौदों का मूल्य पिछली तिमाही से 17.1% बढ़ा। 50 करोड़ रुपए या अधिक के सौदे नौ से बढ़कर 20 हो गए। वर्ली 5,558 करोड़ के सौदों के साथ सबसे बड़ा बाजार रहा।

देश के छोटे कारोबारों में साइबर हमले 52% बढ़े

नई दिल्ली | देश के छोटे-मझोले कारोबारों के कंप्यूटरों में 'बैकडोर' सेंध की पहचान जनवरी-जून में सालाना आधार पर 52% बढ़ी। साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की ने ऐसे 4.52 लाख मामले पकड़े। यह हानिकारक सॉफ्टवेयर हमलावरों को सुरक्षा जांच से बचकर दोबारा घुसने, डेटा चुराने और नए हमले करने का रास्ता देता है। कंपनी ने गैरजरूरी दूरस्थ कंप्यूटर पहुंच बंद करने, सॉफ्टवेयर की सुरक्षा खामियां तुरंत दूर करने की सलाह दी।

मुसीबत • चिप के इंतजार में एआई प्रोजेक्ट अटक रहे, विकल्प अपनाने पर भी बढ़ रहा खर्च

एआई के लिए पैसा है, पर चिप का लंबा इंतजार; कंपनियों का काम 3 से 4 महीने अटक रहा

आर्जिंतय कांवते/उदिशा श्रीवास्तव | मुंबई/नई दिल्ली

भारत की एआई कंपनियों के पास पैसा है, लेकिन चिप नहीं मिल रही। एआई मॉडल बनाने और चलाने वाली जीपीयू चिप मिलने में तीन से चार महीने लग रहे हैं, जिससे काम अटक रहा है। चिप के अलावा तेज मेमोरी, लगातार बिजली और डेटा सेंटर में जगह की कमी भी दिक्कत है। सेंसएआई वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर राहुल अग्रवाल के मुताबिक, नई कंपनियों को निवेश के साथ क्लाउड (इंटरनेट पर कंप्यूटिंग सुविधा) के मुफ्त क्रेडिट मिलते हैं, इसलिए पहले साल खर्च समस्या नहीं होता। असली दिक्कत समय पर क्षमता मिलना है। भुगतान तकनीक कंपनी जसपे के सह-संस्थापक शीतल लालवानी ने कहा कि वे जीपीयू पर और खर्च करना चाहते हैं, लेकिन चिप समय पर नहीं मिल रही। उन्हें तीन से छह महीने का समय बताया गया है।

किराए के जीपीयू के मुकाबले टोकन से वही काम 10 गुना महंगा



3 कंपनियां
एसके हाइनिक्स, सैमसंग और माइक्रॉन बड़े पैमाने पर उन्नत एआई चिप की तेज मेमोरी बनाती हैं।

एआई सेवाओं का बिल टोकन यानी टेक्स्ट की छोटी इकाई के हिसाब से बनता है। काम बढ़ने पर बिल भी बढ़ता है। विकल्प है अपने जीपीयू पर मुफ्त (ओपन सोर्स) मॉडल चलाना। जसपे अपनी करीब 95% एआई कोडिंग इसी तरह करती है। लालवानी के अनुसार, 8 नोड वाले जीपीयू सेटअप का किराया महीने में 25-35 लाख रुपए है, जबकि वही काम टोकन खरीदकर कराने पर पांच से दस गुना तक खर्च हो सकता है। हालांकि, ग्रोएक्स वेंचर्स के आशीष तनेजा की सलाह है कि एप्लीकेशन बनाने वाली नई कंपनियां फिलहाल किराए पर लें, ताकि जल्द पुरानी होने वाली मशीनों में पूंजी न फंसे।

संकट का असर ऐसे समझें

एआई ढांचे और विदेश में विस्तार पर खर्च बढ़ने से जसपे को वित्त वर्ष 2026 में 90 करोड़ का घाटा हुआ। बीते साल 62 करोड़ का मुनाफा था। ग्रोएक्स वेंचर्स के आशीष तनेजा के मुताबिक, एक चिप के इंतजार में इंजीनियरों की पूरी तिमाही बर्बाद हो रही है।

38 हजार जीपीयू जुड़े, फिर भी पर्याप्त नहीं

इंडियाएआई मिशन में 38 हजार से ज्यादा जीपीयू जुड़े हैं, जो रियायती दरों पर किराए पर मिलते हैं। रोबोटिक्स कंपनी सिमलर के गोकुल एनए के मुताबिक, रोबोट को तुरंत प्रतिक्रिया देनी होती है, इसलिए कंप्यूटर उसके पास ही चाहिए। रक्षा तकनीक कंपनी आर्मरी सुरक्षा कारणों से साझा सर्वर इस्तेमाल नहीं कर सकती। तेज मेमोरी भी बड़े पैमाने पर सिर्फ तीन कंपनियां बनाती हैं- एसके हाइनिक्स, सैमसंग और माइक्रोन।

आईआईटी मद्रास... एआई की लागत तय करेगी उसकी पहुंच

- आईआईटी मद्रास की रिपोर्ट के मुताबिक, एआई का असर पूरी नौकरी पर नहीं, उसके अलग-अलग कामों पर देखना चाहिए।
- सस्ते एआई टूल बीपीओ, बहीखाते और छोटे उद्योगों की क्वालिटी जांच में तेजी से पहुंच सकते हैं।
- कानूनी रिसर्च और मेडिकल इमेज की जांच जैसे काम महंगी तकनीक पर निर्भर हैं, इसलिए बड़े शहरों की संस्थाओं तक सीमित रह सकते हैं।
- छोटे कारोबारों के लिए किफायती टूल और कर्मचारियों को नए काम में जाने के साफ रास्ते देने की सिफारिश है।



3 लाख का आईफोन डुओ... भारत से भी शिकायत

एपल का सबसे महंगा आईफोन, स्क्रीन पर क्रैक से यूजर्स परेशान

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

एपल के पहले फोल्ड होने वाले आईफोन डुओ की बिक्री शुरू होते ही कुछ खरीदारों ने अंदर की स्क्रीन खराब होने की शिकायत की है। कई फोन में मुड़ने वाले जोड़ (हिंज) के पास दरारें और स्क्रीन पर खड़ी-आड़ी चमकीली लकीरें दिख रही हैं। भारत में इस फोन की शुरुआती कीमत 3 लाख रुपए है। ऑस्ट्रेलिया के एक खरीदार ने रेडिट पर लिखा कि फोन खरीदे छह घंटे हुए थे और इसे 20 बार भी नहीं खोला था। दोस्त को दिखाने के लिए फोन खोलते समय स्क्रीन के नीचे, जोड़ के पास कुछ अटकता महसूस हुआ। फिर टूटने की आवाज आई। एपल स्टोर ने फोन तुरंत बदल दिया। खरीदार सेवा से संतुष्ट था, लेकिन पहले ही दिन फोन बदलवाने से निराश था। रेडिट के मॉडरेटरों ने खराब फोन और उसके बदले जाने की पुष्टि की है। एक अन्य यूजर ने करीब ढाई घंटे इस्तेमाल के बाद हल्की आवाज आने और जोड़ के निचले हिस्से के ढीले होने का दावा किया। हालांकि कंपनी ने स्क्रीन टूटने की वजह पर कोई बयान नहीं दिया है और न ही फोन वापस मंगाने की घोषणा की है।

भारत में बदलने के लिए स्टॉक नहीं

भारतीय यूजर विष्णु राजकुमार ने एक्स पर फोन की स्क्रीन टूटने की शिकायत की। दावा है कि इस पर स्टोर ने कहा, बदलने के लिए स्टॉक उपलब्ध नहीं है और अगली खेप आने तक इंतजार करना होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि दूसरे देशों में न तुरंत बदले गए, तो भारत में इंतजार क्यों करना पड़ रहा है।

आईफिक्सिट को जांच में दिखी खामी

डिवाइस खोलकर जांचने वाली संस्था आईफिक्सिट ने फोन की अंदरुनी बनावट का अध्ययन किया। संभावना दिखी कि फोन बंद करते वक्त बीच की सहारा देने वाली पट्टी पर्याप्त नीचे नहीं जाती। मुड़ने वाली स्क्रीन पर एक ही जगह लगातार दबाव पड़ता है।

2% शेयर वाले इस सेगमेंट पर जंग...

स्मार्टफोन मार्केट में फोल्डेबल की हिस्सेदारी 2% है। काउंटरपॉइंट के मुताबिक 2026 में शिपमेंट 21% बढ़ने का अनुमान। सैमसंग के दबदबे वाले इस सेगमेंट पर एपल की नजर है। लॉन्च के दौरान सैमसंग मोबाइल यूएस ने एक्स पर एपल का नाम लिए बिना तंज कसते हुए उसे नकलची कहा था।

बुलियन • देश में सोना शुद्ध करने की बढ़ती क्षमता से बदला कारोबार

सोना आयात का मार्ग बदला: स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी आधी घटी, यूएई की बढ़ी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भारत में सोना मंगाने का तरीका बदल रहा है। स्विट्जरलैंड से तैयार सोना खरीदने पर निर्भरता घट रही है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अधशोधित सोना बेचने वाले देशों की भूमिका बढ़ी है।

क्रिसिल इंटेलिजेंस के मुताबिक, भारत के सोना आयात में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी पांच वर्षों में 42.4% से घटकर वित्त वर्ष 2026 में 21.9% रह गई। इसी दौरान यूएई की हिस्सेदारी 10.8% से बढ़कर 16.5% पहुंची। इस बदलाव की प्रमुख वजह आयात शुल्क में रियायत और देश में सोना शुद्ध करने की बढ़ती क्षमता है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत हर साल अनुमानित 700-900 टन सोना आयात करता है। चीन के बाद यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना उपभोक्ता है। भारत-यूएई व्यापार समझौते के तहत तय कोटे और शर्तों के भीतर सोना आयात

सोना आयात • स्विट्जरलैंड पर निर्भरता घटी

देश	पहले हिस्सेदारी	वित्त वर्ष 2026
स्विट्जरलैंड	42.4%	21.9%
यूएई	10.8%	16.5%

स्रोत: क्रिसिल इंटेलिजेंस। आंकड़े भारत के सोना आयात में हिस्सेदारी के हैं।



किस रास्ते सोना मंगाने पर कितना शुल्क

आयात का प्रकार	आयात शुल्क
तैयार सोने पर सामान्य दर	15%
यूएई से तय कोटे में पात्र आयात	14%
पात्र अधशोधित सोना (डोरे)	14.35%

करने पर सामान्य दर से एक प्रतिशत अंक कम शुल्क लगता है। सामान्य आयात शुल्क 15% के मुकाबले इस रास्ते पात्र आयात पर 14% शुल्क है। थिंक टैंक जीटीआरआई के मुताबिक, सालाना रियायती कोटा शुरुआती 120 टन से बढ़कर 2027 में 200 टन हो जाएगा। जून 2026 में यूएई से 64.94 करोड़ डॉलर का सोना आया, जो जून 2025 के 23.59 करोड़ डॉलर से 175.2% अधिक था।

डोरे पर 14.35% शुल्क, देश में शोधन को बढ़ावा

अधशोधित सोने, यानी 'डोरे', में चांदी जैसी दूसरी धातुएं भी होती हैं। इसे शुद्ध करके सोने की छड़ें और सिक्के बनाए जाते हैं। पात्र डोरे आयात पर 14.35% शुल्क लगता है, जो तैयार सोने से 0.65 प्रतिशत अंक कम है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस रियायत ने घरेलू शोधन को बढ़ावा दिया है।

सेंसेक्स 483 उछला

आखिर बाजार में चार दिन की गिरावट थमी

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में सोमवार को निचले स्तरों से जोरदार वापसी हुई। सेंसेक्स 482.92 अंक बढ़कर 73,606.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 72,514.57 तक गिरा था। निफ्टी 153.20 अंक चढ़कर 22,753.20 पर पहुंचा और चार सत्रों की गिरावट का सिलसिला टूटा। छोटे-मझोले शेयरों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 में 1.19% और स्मॉलकैप 100 में 1.38% बढ़त आई। मेटल इंडेक्स 2.2% और फार्मा 1.8% चढ़ा। डॉ. सिक्युरिटीज का शेयर 7.08% उछला, जबकि श्रीराम फाइनेंस 4.47% गिरा। एसबीआई सिक्युरिटीज के सुदीप शाह के मुताबिक, वापसी के बावजूद निफ्टी का व्यापक रुझान कमजोर है। निफ्टी के लिए 22,880-22,900 पर रुकावट है। तेजी के लिए 23,050 के ऊपर टिकना होगा।

रुपए में कमजोरी जारी, 22 पैसे टूटा...

रुपया लगातार तीसरे दिन कमजोर हुआ। यह 22 पैसे गिरकर डॉलर के मुकाबले 95.15 पर बंद हुआ। ब्रेंट कच्चा तेल करीब 115 डॉलर प्रति बैरल रहा। इस सप्ताह अमेरिका, यूरोप व जापान के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर फैसलों से बाजार में उठापटक रह सकती है।

दुर्लभ प्रदर्शनी... चोर ने सेब में छिपाया था बेशकीमती गुलाबी हीरा, 100 साल बाद दुनिया के सामने 'ग्रां कोंदे'



भास्कर न्यूज | पेरिस

यह 9 कैरेट का गुलाबी हीरा 'ग्रां कोंदे' 100 साल बाद फिर दर्शकों के सामने है। 1926 में इसकी कीमत 31 लाख रुपए से अधिक आंकी गई थी। यह दुर्लभ 'टाइप टू-ए' श्रेणी का है, जिसमें 2% से भी कम हीरे आते हैं। अक्टूबर 1926 में दो चोर फ्रांस के शांतिई महल से इसे करीब 75 बेशकीमती वस्तुओं के साथ ले गए थे। लेकिन इस मशहूर गुलाबी हीरे को खरीदने के लिए कोई जौहरी तैयार नहीं हुआ। एक चोर ने सेब में छिपाकर पेरिस के होटल में रखा। उसकी गैरमौजूदगी में जब किसी ने सेब खाने के लिए काटा, तो अंदर हीरा मिला। इसी सुराग से पुलिस चोर तक पहुंची।

कमोडिटी • कमजोर मांग के बीच लगातार दूसरे हफ्ते कीमत घटी

तुअर का आयात 44% बढ़ा, थोक भाव प्रति क्विंटल ₹300 तक घटे

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश में अरहर (तुअर) का आयात बढ़ने और खरीदारी सुस्त रहने के बीच इसकी कीमतों में नरमी आई है। जनवरी-अगस्त 2026 में अरहर का आयात 44% बढ़कर 6.25 लाख टन पहुंच गया। पिछले साल इसी अवधि में 4.34 लाख टन आयात हुआ था। हालांकि, प्रमुख उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में सूखे से खरीफ फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इंडिया पल्सेस एंड ग्रेन्स एसोसिएशन (आईपीजीए) के मुताबिक, 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में प्रमुख घरेलू बाजारों में देसी और आयातित अरहर के भाव लगातार दूसरे सप्ताह गिरे। गुलबर्गा और अकोला जैसे

आयात • मोजाम्बिक से सबसे ज्यादा तुअर आई

देश	आयात (टन में)
मोजाम्बिक	2,29,000 से अधिक
म्यांमार	1,52,800 से अधिक
तंजानिया	1,10,000
सूडान	71,808
अन्य देश	61,138
कुल	करीब 6.25 लाख

अवधि: जनवरी-अगस्त 2026।
स्रोत: आईपीजीए।

बाजारों में अरहर दाल के थोक भाव सप्ताहभर में 200-300 रुपए प्रति क्विंटल घटे। मुंबई में अफ्रीका से आयातित अरहर की कीमतें मूल देश के हिसाब से 50-150 रुपए प्रति क्विंटल नीचे आईं।

त्योहारी खरीद पूरी, मिलें जरूरत भर माल ले रहीं

आईपीजीए के अनुसार, म्यांमार से आपूर्ति के प्रस्ताव सस्ते होने, रुपए में मजबूती, कमजोर मांग और बाजार में नकदी की तंगी से खरीदारी धीमी रही। दाल के भाव घटने से मिलें कच्ची अरहर के लिए ज्यादा कीमत देने को तैयार नहीं हैं। वे जरूरत के मुताबिक ही माल खरीद रही हैं। कीमतों में नरमी के बावजूद व्यापारी तेजी से माल नहीं बेच रहे हैं। महाराष्ट्र और दक्षिण में सूखा और अफ्रीका से उम्मीद से कम आयात इसकी वजह हैं। कारोबारियों को अगले सीजन में भाव बढ़ने की उम्मीद है।

रियल्टी • 8 महीने में ही पिछले साल से 27% ज्यादा घर बिके

दुबई साउथ का रियल एस्टेट बदल रहा..., हर 4 में 3 सौदे छोटे घरों के

भास्कर न्यूज | दुबई

दुबई साउथ में छोटे घरों की मांग ने बिक्री की रफ्तार बढ़ा दी है। जनवरी-अगस्त 2026 में यहां 12,428 घरों के सौदे हुए, जो पूरे 2025 में हुए 9,788 सौदों से 27% ज्यादा हैं।



खास बात यह है कि घरों का प्रति वर्गफुट भाव बढ़ने के बावजूद औसत खरीद रकम घटी है। वजह छोटे घरों की बढ़ती हिस्सेदारी है। एनारॉक की रिपोर्ट के मुताबिक, 8 माह में सौदों का मूल्य 41,102 करोड़ रुपए रहा। यह पिछले पूरे साल के 50,666 करोड़ रुपए का 81% है। यानी बिके घरों की संख्या पिछले साल से आगे निकल गई, लेकिन कुल बिक्री मूल्य अभी पीछे है।

स्टूडियो की हिस्सेदारी दोगुनी पहुंची

कुल सौदों में स्टूडियो अपार्टमेंट की हिस्सेदारी 2025 के 19.5% से बढ़कर इस साल के शुरुआती आठ महीनों में 45% पहुंच गई। इनमें रहने और सोने की जगह एक ही खुले हिस्से में होती है। एक बेडरूम वाले घरों की हिस्सेदारी 31% रही। दोनों को मिलाकर लगभग 76% सौदे छोटे घरों के हुए।


145 वर्ग किमी में बस रहा शहर

एनारॉक के मुताबिक, पहले बड़े घर इस इलाके की बिक्री बढ़ा रहे थे। अब कम कुल बजट वाले अपार्टमेंट मांग का मुख्य आधार बन रहे हैं। सभी तरह के अपार्टमेंट की हिस्सेदारी कुल आवासीय सौदों में 94.5% हो गई है, जो 2020 में 31% थी। लगभग 145 वर्ग किलोमीटर में विकसित हो रहा दुबई साउथ, अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के आसपास स्थित है।

दिसंबर में रेपो रेट 0.5% तक बढ़ सकती है: एसबीआई चेयरमैन

भास्कर न्यूज | मुंबई

आरबीआई दिसंबर में रेपो दर 0.50 प्रतिशत अंक बढ़ा सकता है। इसके बाद मार्च अंत तक दरें स्थिर रह सकती हैं। यह अनुमान एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने सोमवार को मुंबई में बिजनेस स्टैंडर्ड के बीएफएसआई सम्मेलन में जताया। केंद्रीय बैंक ने अक्टूबर में रेपो दर 5.25% से 5.5% की थी और रुख तटस्थ से बदलकर चरणबद्ध सख्ती का कर दिया था। सेट्टी का अनुमान सही रहा तो दिसंबर में रेपो दर 6% हो जाएगी। शेट्टी के मुताबिक महंगे कर्ज से गैरजरूरी खरीदारी और उपभोग के लिए उधारी की मांग घट सकती है, लेकिन असर तुरंत दिखे, यह जरूरी नहीं। आगे उन क्षेत्रों में मांग धीमी पड़ सकती है, जहां खरीद का फैसला ब्याज दर पर ज्यादा निर्भर है।



कोटक की चेतावनी • 170 अरब डॉलर लौटाने की तैयारी अभी से ही करनी होगी

कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक ने कहा कि प्रवासी भारतीयों की विदेशी मुद्रा जमा योजना एफसीएनआर(बी) से 130 अरब डॉलर जुटे हैं। लेकिन अगले 3 से 5 वर्षों में ब्याज सहित 160-170 अरब डॉलर लौटाने पड़ सकते हैं। अभी घबराने की जरूरत नहीं, लेकिन भुगतान के दबाव की तैयारी जरूरी है। इस मोहलत में सुधार, रिसर्च और तकनीक में निवेश बढ़ाना होगा। विदेशी मुद्रा का ये सहारा सुधार विकल्प नहीं है।



महंगा कर्ज मांग, ग्राहकों की भुगतान क्षमता प्रभावित कर सकता है: चौधरी

एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी ने कहा कि नकदी की उपलब्धता घटने और जमा पर ब्याज बढ़ने से बैंकों की लागत बढ़ रही। महंगा कर्ज मांग और ग्राहकों की भुगतान क्षमता प्रभावित कर सकता है। दूसरी छमाही में कर्ज वृद्धि धीमी हो सकती है। हालांकि, मजबूत पूंजी, खराब कर्ज के लिए बेहतर प्रावधानों से बैंक दबाव झेलने में अब ज्यादा सक्षम हैं।

दुनिया में 13 हफ्ते बाद गोल्ड ईटीएफ से निकासी

भास्कर न्यूज | मुंबई

वैश्विक स्तर पर लगातार 13 सप्ताह बाद गोल्ड ईटीएफ से शुद्ध 1.21 अरब डॉलर की निकासी हुई। अमेरिका में सबसे ज्यादा बिकवाली हुई। गोल्ड ईटीएफ में इस साल अब तक 4.69 अरब डॉलर के शुद्ध निवेश के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के मुताबिक, चीन 10.43 अरब डॉलर और ब्रिटेन 10.22 अरब डॉलर के साथ आगे हैं। पिछले सप्ताह सोना करीब 4% गिरा। मजबूत डॉलर, बढ़ती बॉन्ड आय और अमेरिकी ब्याज दर बढ़ने की आशंका से दबाव है। सराफा कारोबारी पृथ्वीराज कोठारी के मुताबिक, भारतीय ईटीएफ निवेश, केंद्रीय बैंकों की खरीद और धनतेरस-दिवाली की मांग कीमतों को सहारा दे सकती है।

बिजनेस एंकर 180 लाख करोड़ रुपए का वैश्विक फैशन बाजार, अमेरिका में लोग हर साल औसत 68 कपड़े खरीद रहे हैं

ब्रांड बड़ा, दाम ऊंचे... फिर भी कपड़े लंबे वक्त टिकते क्यों नहीं?

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

दुकानों में कपड़ों की भरमार है। ऑनलाइन हर कुछ हफ्तों में नए डिजाइन आ जाते हैं। लेकिन ऐसा कपड़ा चुनना मुश्किल हो रहा है, जिसकी सिलाई सही हो, कुछ बार पहनने पर रोएं न निकलें और धुलाई में आकार न बिगड़े। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, फैशन उद्योग में लागत घटाने की होड़ ने सस्ते ही नहीं, कई महंगे ब्रांडों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए हैं। 1.9 लाख करोड़ डॉलर (180 लाख करोड़ रुपए) के वैश्विक फैशन कारोबार में पिछले तीन दशकों से उत्पादन सस्ता करने पर जोर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, मध्यम कीमत वाले बाजार में ग्राहकों की मुश्किल बढ़ी है। कई ब्रांड कीमत

इसके उलट कारोबार: पहले ऑर्डर, फिर सिलाई; छूट कभी नहीं



न्यूयॉर्क की उद्यमी नाओमी मिश्किन इसी असंतोष के बीच अलग रास्ता अपना रही हैं। उनके ब्रांड 'नाओमी नोमी' में भुगतान मिलने के बाद ही कपड़ा काटा जाता है। कपास और ऊन की शर्ट स्थानीय स्तर पर सिलती हैं। सफेद सूती शर्ट की कीमत 268 डॉलर और मेरिनो ऊन की शर्ट 338 डॉलर है। मिश्किन के मुताबिक, कुछ युवा पांच सस्ती शर्टों के बजाय एक अच्छी शर्ट लेना पसंद कर रहे हैं। उनका दावा है कि औसत ग्राहक पहले एक शर्ट खरीदता है, फिर छह महीने में तीन और लेने लौटता है।

बढ़ा रहे हैं, लेकिन उसी अनुपात में क्वालिटी नहीं दे रहे। ग्लोबलडेटा के रिटेल कारोबार विशेषज्ञ नील सॉन्डर्स के मुताबिक, ग्राहक अब कम, लेकिन सही कपड़े खरीदना चाहते हैं। महंगाई से बजट दबने के बावजूद वे जरूरी नहीं कि सस्ते ब्रांडों की ओर जा रहे हों। वे यह देख रहे हैं कि कपड़ा कितने दिन चलेगा और कितनी बार पहना जा सकेगा। यानी खरीद का फैसला केवल कीमत देखकर नहीं हो रहा।

'फैशनोपोलिस' की लेखिका डाना थॉमस के अनुसार, 1980 में एक अमेरिकी औसतन सालभर में 12-14 कपड़े खरीदता था। वर्ष 2018 तक संख्या 68 हो गई। मैकिंजी के शोध के मुताबिक, 2000 से 2014 के बीच वैश्विक कपड़ा उत्पादन दोगुना हुआ और प्रति व्यक्ति खरीदे गए कपड़ों की संख्या 60% बढ़ी। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के मुताबिक, अमेरिका में 2024 में कपड़ों के दाम करीब उतने ही थे, जितने 30 साल पहले थे। बाकी चीजें महंगी होती गईं, लेकिन कपड़े सस्ते बेचने की होड़ में कंपनियों पर उन्हें बनाने का खर्च घटाने का दबाव बढ़ता गया।

पर्यावरण पर बोझ बढ़ा

60% नए कपड़ों में पॉलिएस्टर, ऐक्रिलिक या नायलॉन जैसे रेशे

रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 60% नए कपड़ों में पॉलिएस्टर, ऐक्रिलिक या नायलॉन जैसे किसी न किसी प्रकार के प्लास्टिक आधारित रेशे हैं। ये कपास, लिनेन से सस्ते हैं। तेजी से बदलते फैशन के साथ ब्रांड लगातार नए डिजाइन उतारते हैं। ग्राहक नया डिजाइन खरीदते हैं और पुराने कपड़े अलमारी से बाहर होने लगते हैं। कृत्रिम रेशे खराब नहीं हैं। समस्या तब है, जब ग्राहक ऊंची कीमत चुकाकर भी खराब सिलाई और कम टिकाऊ कपड़ा पाता है। दुनिया में सालाना 10 हजार करोड़ परिधान और पहनावे से जुड़ी वस्तुएं बनती हैं। प्लास्टिक आधारित रेशे प्राकृतिक रूप से आसानी से नहीं गलते। ऐसे में जल्दी खरीदने और जल्दी छोड़ने की आदत पर्यावरण का बोझ भी बढ़ा रही है।

वित्त वर्ष 2026 में बेचीं 1,782 कारें

टेस्ला इंडिया की आय में 12 गुना का इजाफा

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारत में कारों की बिक्री शुरू होने से टेस्ला इंडिया की आय में तेज उछाल आया है। वित्त वर्ष 2026 में कंपनी की आय बढ़कर 247.3 करोड़ रुपए पहुंच गई, जो पिछले साल 20.8 करोड़ रुपए थी। फॉर्च्यून इंडिया की ओर से देखे गए कंपनी दस्तावेजों के मुताबिक, मॉडल वाई की बिक्री ने कारोबार बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। वाहन पंजीकरण आंकड़ों के अनुसार, वर्ष के दौरान टेस्ला की 1,782 कारें पंजीकृत हुईं। इनमें अधिकांश मॉडल वाई थीं। हालांकि, स्थापित कार कंपनियों और प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के मुकाबले इसकी बिक्री अभी छोटी है। कंपनी का शुद्ध मुनाफा 60 लाख से बढ़कर 5.2 करोड़ रुपए रहा। परिचालन मुनाफा भी 2.8 करोड़ से बढ़कर 13.7 करोड़ रुपए पहुंचा। हालांकि, परिचालन मुनाफे का मार्जिन 13.7% से घटकर 5.5% रह गया। यानी आय के मुकाबले परिचालन मुनाफे का हिस्सा कम हुआ। कुल खर्च 20.4 करोड़ से बढ़कर 240 करोड़ रुपए पहुंचा।

ब्राजील का जनादेश

ब्राजील में वाम विचारों के नेता लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। लूला डा सिल्वा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप की इच्छा थी कि ब्राजील में लूला के मुख्य प्रतिद्वंद्वी दक्षिणपंथी फ्लेवियो बोल्सोनारो को विजय हासिल हो, पर उनके हाथ निराशा आई है। लूला को यह जीत 51.75 प्रतिशत वोटों के साथ मिली है, जबकि बोल्सोनारो को 48.25 प्रतिशत वोट मिले। जीत-हार का अंतर बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन तब भी यह जीत बहुत मायने रखती है। पांच सबसे बड़े लोकतंत्र में ब्राजील चौथे स्थान पर है और इन पांच देशों में वह अकेला है, जहां लोगों ने वाम विचार को तरजीह दी है। सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दक्षिणपंथ का पक्षधर माना जाता है, तो दूसरे सबसे बड़े लोकतंत्र अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप घोर वाम विरोधी हैं। तीसरे सबसे बड़े लोकतंत्र इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और पांचवें बड़े लोकतंत्र जापान की प्रधानमंत्री सनाय ताकाइची को भी दक्षिणपंथ समर्थक माना जाता है। अतः लूला की जीत से दुनिया में वाम विचार के लोकतंत्र समर्थकों को बहुत बल मिला है।

फिर एक बार यह साबित हुआ है कि दुनिया में हर जगह अमेरिकी मनमानी नहीं चलेगी। बहरहाल, 80 वर्षीय लूला डा सिल्वा ने पहली बार 1989 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें जीत के लिए 2002 तक इंतजार करना पड़ा। उसके बाद से ही वह सत्ता में रहे या विपक्ष में, हमेशा ब्राजील की राजनीति के केंद्र में रहे हैं। वह बेहतर राजनीति के दम पर अपनी वर्कर्स पार्टी के झंडे तले चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं। गौरतलब है कि लूला की राह में ट्रंप ने बहुत कांटे बिछाए थे। ब्राजील पर बार-बार टैरिफ की तलवार से प्रहार हो रहा था। ब्राजील का व्यापार भी अमेरिका के निशाने पर रहा है और भ्रष्टाचार के आरोप में लूला को चुनाव लड़ने से रोकने में भी अमेरिका की सक्रियता भी सामने आई थी।

ब्राजील के चुनाव में लूला डा सिल्वा की यह चौथी जीत अमेरिकी वर्चस्व या एकाधिकार के विरुद्ध एक संदेश है। भारत सहित अनेक देशों ने उनका स्वागत किया है।

इससे बाद से ही वह सत्ता में रहे या विपक्ष में, हमेशा ब्राजील की राजनीति के केंद्र में रहे हैं। वह बेहतर राजनीति के दम पर अपनी वर्कर्स पार्टी के झंडे तले चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं। गौरतलब है कि लूला की राह में ट्रंप ने बहुत कांटे बिछाए थे। ब्राजील पर बार-बार टैरिफ की तलवार से प्रहार हो रहा था। ब्राजील का व्यापार भी अमेरिका के निशाने पर रहा है और ब्राजील की ब्रिक्स में सक्रियता भी अमेरिका को चुभती रही है। इसके बावजूद लूला अपनी विचारधारा के साथ अडिग रहे हैं। उन्होंने ट्रंप को यहां तक कह दिया था कि ब्रिक्स अमेरिका विरोधी है और दुनिया को किसी सम्राट की जरूरत नहीं है।

लूला की जीत को लोकतंत्र की जीत कहा जा सकता है। लोकतंत्र में विभिन्न विचारधाराओं को सत्ता में आने का मौका मिलता है। जनता में यह ताकत होती है कि वह बहुमत से सरकार या किसी विचारधारा को शासन के लिए चुन सके। वैसे भी सरकार चुनने की आजादी दुनिया में लगभग 45 प्रतिशत देशों में ही है और पृथ्वी के लगभग 45 फीसदी इंसानों के पास ही वोट की शक्ति है। लगभग 67 देशों में तानाशाही चल रही है और उनमें से अधिकतर देशों के साथ अमेरिका के अच्छे संबंध हैं। अफसोस की बात है कि अमेरिका दूसरे देशों में मुखर रूप से लोकतंत्र का समर्थक नहीं रहा है। लूला एक ऐसे नेता हैं, जो अमेरिका या ट्रंप की नीतियों को ठीक से समझते हैं। वह अमेरिकी वर्चस्व या एकाधिकार के विरोधी रहे हैं और अनेक देशों ने उनकी जीत का स्वागत किया है। लूला के नेतृत्व में ब्राजील भारत से मित्रता निभाता आ रहा है। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए कहा है कि वह बहुआयामी भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और गहरा बनाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। भारत और ब्राजील साल 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की ओर बढ़ रहे हैं और दोनों ही देश बहुध्रुवीय व्यवस्था के पक्षधर हैं। निस्संदेह, ब्राजील के जनादेश से विश्व राजनय में यथोचित संतुलन को संबल मिला है।

हिन्दुस्तान 75 साल पहले 27 अक्तूबर, 1950

शांतिपूर्ण मार्ग

भारत सरकार ने निश्चय किया था कि वह 1951 के बाद अनाज का आयात न करेगी किन्तु परिस्थितियों ने उसे अपनी घोषित नीति से भिन्न मार्ग पर कदम उठाने के लिए विवश किया है। अमरीका, चीन, रूस तथा अन्य देशों से भारत ने अन्न का आयात किया है, लेकिन फिर भी खाद्य-स्थिति के संबंध में चिन्ता बनी हुई है। यद्यपि बिहार और मद्रास को भूखों मरने से बचा लिया गया है किन्तु हिसार से लेकर गुजरात व बम्बई तक का पश्चिमी प्रदेश अल्पवृष्टि अथवा अनावृष्टि के कारण अन्न के संकट से चिन्ताग्रस्त है। अवश्य ही इस क्षेत्र की जनता को अकाल का कौर नहीं बनने दिया जायेगा लेकिन सरकार की सारी शक्ति तथा उसके साधनों को कब तक दुर्भिक्ष-निवारण के कार्य में ही संलग्न रखा जा सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य आदि कार्यों के लिए कितनी बड़ी धन-राशि जरूरी है, यह बताने की आवश्यकता नहीं। इनके लिए सरकार तभी मुक्त हस्त से व्यय कर सकती है जब खाद्य-चिन्ता उसका पल्ला छोड़ दे।

प्रश्न उठता है कि अन्नोत्पादन में वृद्धि कैसे हो और देश किस तरह स्वावलम्बी बने। भारत तो एक विशाल देश है अतएव उसके विभिन्न भागों में अतिवृष्टि अथवा अनावृष्टि की शिकायत सदा बनी रह सकती है। मानसून की दया-दृष्टि तथा कोप-दृष्टि की चिन्ता न कर देश में कृषि को इतना अधिक व्यापक और उत्कृष्ट बनाना है कि देश का एक प्रदेश अन्न के अभाव से पीड़ित हो उठे तो दूसरा उसकी सहायता करने में समर्थ हो। यह काम कैसे सम्पन्न हो सकता है उसका उत्तर आचार्य विनोबा भावे ने दिया है। यदि उनकी सलाह मान कर प्रत्येक भारतीय जन खेत में दो-तीन घंटे कार्य करें तो देश खाद्य की दृष्टि से आत्मनिर्भर बन सकता है।

आज देश की स्थिति यह है कि एक ओर बंजर भूमि पड़ी हुई है तो दूसरी ओर गांवों में कितने ही खेतिहर मजदूर अथवा दूसरे गरीब किसान अपर्याप्त भूमि के कारण से पीड़ित हैं... इसीलिए आचार्य विनोबा भावे भूमिहीनों के लिए भूमि प्राप्त करने को गांव-गांव पैदल यात्रा कर रहे हैं। हम समझते हैं कि भारतीय स्वातंत्र्य-संग्राम में जिस प्रकार महात्मा गांधी की डांडी-यात्रा अमर हो गई उसी प्रकार 'आर्थिक स्वराज्य' की प्राप्ति के हेतु जनता को जागृत करने के लिए विनोबाजी की यह यात्रा भी इतिहास में अमिट रहेगी।

पंजाब में फिर नशे पर बिछी बिसात



राज कुमार सिंह | वरिष्ठ पत्रकार


संपन्न सूबे पंजाब को खोखला कर देने वाला नशा सभी दलों के एजेंडे पर है और तमाम राजनीतिक पार्टियां वहां अपना वोट बैंक बढ़ाने में जोर-शोर से जुटी हैं।

फिल्म *उड़ता पंजाब* बॉक्स ऑफिस पर भले झंडे न गाड़ पाई, मगर चुनावी राजनीति के थियेटर से उतरने का नाम नहीं ले रही। लगातार दो बार जनादेश पाने वाली अकाली-भाजपा सरकार 2017 में सत्ता से बेदखल हो गई, तो उसमें 'उड़ता पंजाब', यानी नशीले पदार्थों की तस्करी और उसे हासिल कथित राजनीतिक संरक्षण के विरुद्ध बने माहौल की बड़ी भूमिका थी।

कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई, पर पंजाब के हालात नहीं बदले, तो 2022 में मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) को मौका दे दिया। पिछले पांच वर्ष में भी हालात न बदलने का नतीजा है कि प्रचंड बहुमत वाली आप सरकार सत्ता-विरोधी रुझान से रूबरू है और राज्य की राजनीति फिर 'उड़ता पंजाब' पर सवार नजर आ रही है। संपन्न सूबे पंजाब को खोखला कर देने वाला नशा सभी दलों के एजेंडे पर है, मगर भाजपा के चुनावी चाणक्य माने जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब की नशा-मुक्ति की तारीख भी बता दी है।

साल 2022 में तीन दलों से समझौता करके चुनाव लड़ने के बावजूद दो सीटों पर सिमट गई भाजपा की उम्मीदें इस बार बहुकोणीय मुकाबले और नशा-मुक्ति के वादे पर टिकी हैं। उसे भरोसा है कि इस मुद्दे पर जाति-धर्म से ऊपर उठकर जन-समर्थन से उसे सरकार बनाने लायक बहुमत मिल जाएगा। इस भरोसे की सच्चाई तो चुनाव परिणाम बताएंगे, लेकिन एक महीने में दो बार अमित शाह की पंजाब यात्रा भाजपा की चुनावी गंभीरता बताती है। दूसरी ओर, आप सरकार के विरुद्ध सत्ता-विरोधी भावना की स्वाभाविक लाभार्थी समझी जा रही कांग्रेस ने नेता राहुल गांधी का पंजाब इंतजार कर रहा है।

हां, पहले प्रभारी और फिर प्रदेश अध्यक्ष बदलकर कांग्रेस ने अंतर्कलह पर काबू पा लिया है, वरना पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की गुटबाजी से उसकी चुनावी संभावनाओं को ग्रहण लगता दिख रहा था।



दरअसल, पंजाब में सत्ता के सभी खिलाड़ी अपने दांव सावधानी से चल रहे हैं। अपनी जन्मस्थली दिल्ली की सत्ता से बेदखल आप के पास अब पंजाब की सत्ता ही बची है, तो हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के बाद कांग्रेस को भी वहीं संभावनाएं दिख रही हैं। पंथिक राजनीति करने वाला शिरोमणि अकाली दल खुद को पंजाब की सत्ता का स्वाभाविक दावेदार मानता है, तो देश के दो-तिहाई राज्यों की सत्ता पर काबिज भाजपा भी इस सीमावर्ती राज्य की सत्ता से वंचित नहीं रहना चाहती। 'वारिस पंजाब दे' बनाकर निर्दलीय सांसद चुने गए अमृतपाल सिंह सरीखे तत्व अलगाववादी एजेंडा उभारने की फिराक में हैं। पंजाब में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में हैं, लेकिन समीकरण अभी से बदलने लगे हैं।

पंजाब में भाजपा की बड़ी ताकत नहीं रही, पर यह स्थिति उसकी 2014 से पहले हरियाणा में भी थी। वह अक्सर चौधरी देवीलाल परिवार और एक बार चौधरी बंसीलाल के साथ 'जूनियर पार्टनर' बनकर हरियाणा की राजनीति करती रही, आज वह हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्तासीन है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पंजाब में सक्रियता अकारण नहीं है। आप के सात राज्यसभा सांसदों के कमल थाम लेने से भी भाजपा के हौसले बुलंद हैं। बेशक, भाजपा सभी 117 सीटों पर अकेले दम चुनाव लड़ने की बात कहती रही है, लेकिन अपनी दूसरी यात्रा में शाह ने पंजाब में राजग सरकार बनने का विश्वास जताया, जिससे सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई वाले शिरोमणि अकाली दल से फिर गठबंधन की अटकलें चल पड़ीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद, सरकार के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बने परिसीमन विधेयक के समर्थन का एलान बादल पहले ही कर चुके हैं।

दशकों तक गठबंधन में रहे भाजपा-अकाली कई बार पंजाब में सरकार बना चुके हैं, पर विवादास्पद कृषि कानूनों के विरुद्ध लंबे किसान आंदोलन के चलते दोनों की दोस्ती टूट गई। पिछले विधानसभा चुनाव में दोनों दल अलग लड़कर अपनी ताकत आंक चुके हैं। अकाली दल मात्र तीन सीट जीत पाया, तो भाजपा दो। तब कैप्टन अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन कर भाजपा 73 सीटों पर लड़ी थी। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन में भाजपा 23 सीटों पर लड़ती रही, जिनमें सबसे ज्यादा 19 उसने 2017 के आम चुनाव में जीतीं।

बेशक, 2024 के लोकसभा चुनाव में बिना सीट जीते ही भाजपा ने मत प्रतिशत में छलांग लगाई, मगर सिर्फ उसके बल पर राज्य में सत्ता का सपना साकार नहीं हो सकता। भाजपा का चुनावी गणित बहुकोणीय मुकाबले में हिंदू वोटों पर टिका है, लेकिन पंजाब में कांग्रेस को बड़ी संख्या में हिंदू मत मिलते रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सिख मतदाताओं पर मजबूत पकड़ के साथ अकाली दल और शहरी क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं की पसंद भाजपा मिलकर पंजाब में विजयी समीकरण बनाते रहे हैं। इसीलिए बादल ने कांग्रेस और आप के अलावा किसी से भी गठबंधन की बात कही है, पर इसमें 'किंतु-परंतु' भी कम नहीं। पहला, सीटों का बंटवारा अब पुराने फॉर्मूले से नहीं हो सकता। दूसरा, बादल के करीबियों की नशे की तस्करी में संलिप्तता के आरोपों से नशा-मुक्त पंजाब के भाजपा के वादे की विश्वसनीयता पर ही सवालिया निशान लग जाएंगे।

तब क्या भाजपा अन्य अकाली दल से गठबंधन का दांव आजमाएगी? भाजपा की शह पर ही बादल के अकाली दल में टूट से बने अकाली दल (संयुक्त) के अलावा सिमरनजीत सिंह मान का अकाली दल (अमृतसर) भी है। पंथिक वोटों पर सुखबीर बादल की कमजोर होती पकड़ का परिणाम है ज्ञानी हरप्रीत सिंह का अकाली दल, पर सिर्फ उसी के साथ गठबंधन से भाजपा की चुनावी नैया पार लगने में संदेह है। इसलिए देर-सवेर पुराने दोस्तों को हाथ मिलाना ही पड़ेगा।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पंजाब में दल-बदल के खेल से इनकार नहीं किया जा सकता। जीत की संभावना भांपकर पिछले विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में कांग्रेसी और अकाली नेताओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा था। बदलते चुनावी माहौल में उनकी घर वापसी की संभावना अधिक है। वहीं, भाजपा अकेले लड़े या फिर गठबंधन में, उसे जनाधार वाले उम्मीदवारों की जरूरत होगी ही। जैसे-जैसे चुनाव के दिन करीब आते जाएंगे, गठबंधन की तस्वीर अधिक स्पष्ट हो सकेगी। यह तय है कि पंजाब का चुनाव नशे की समस्या पर ही लड़ा जाएगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

आंध्र प्रदेश के निकाय चुनावों में हैरान कर रही हिंसा



दक्षिण एक्सप्रेस

एस श्रीनिवासन | वरिष्ठ पत्रकार

आंध्र प्रदेश में शहरी नुक्कड़ों और गांवों के चौराहों पर इन दिनों एक जंग-सी छिड़ी हुई है। ऐसे नजारे वहां पहले कभी नहीं देखे गए। वहां स्थानीय निकायों (शहरी और ग्रामीण पंचायत) के चुनाव होने वाले हैं और इनमें अपना दबदबा कायम करने के लिए तेलुगु देशम (टीडीपी) और वाईएसआर कांग्रेस के कार्यकर्ता रोज-रोज आपस में भिड़ रहे हैं।

एनडीए की ओर से मोर्चा संभाल रहे मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और वाईएसआर कांग्रेस के प्रमुख जगनमोहन रेड्डी पर आरोप लगाया है कि वह स्थानीय निकायों पर कब्जा करने के लिए पूरे राज्य में 'आपराधिक राजनीति' को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने पुंगनूर, दर्सी, कडप्पा, थंबल्लेपल्ले और तिरुपति का जिक्र करते हुए कहा कि इन जगहों पर वाईएसआर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिंसा की और वाहनों तथा सार्वजनिक संपत्ति को आग के हवाले कर दिया। हैरानी की बात यह है कि वाईएसआर कांग्रेस के उम्मीदवार उन निर्वाचन क्षेत्रों से भी अपना नामांकन दाखिल नहीं कर पा रहे हैं, जिनको पार्टी का गढ़ माना जाता है। उदाहरण के लिए, विजयनगरम जिला परिषद चुनावों में वरिष्ठ वाईएसआर कांग्रेस नेता बोत्सा सत्यनारायण के भतीजे बोत्सा चैतन्य को टिकट नहीं मिल सका। इससे भी बुरी बात यह रही कि जगन मोहन अपनी ही विधानसभा सीट-पुलिवेंदुला में अपनी पार्टी के नेताओं का नामांकन नहीं करा सके। यह कडप्पा क्षेत्र में आता है, जो चार दशकों से भी अधिक समय से वाईएसआर परिवार का गढ़ रहा है।

राज्य में जमीनी समर्थन मजबूत करने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव बहुत अहम माने जाते हैं। नायडू इसका लाभ उठाना चाहते हैं।

जगन मोहन के उम्मीदवार कम से कम 18 वार्डों में नामांकन दाखिल नहीं कर सके। जब स्थिति बेकाबू हो गई, तब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उन्हें राहत मिली। कोर्ट ने नामांकन की तारीख दो दिन और बढ़ा दी। चूंकि वाईएसआर कांग्रेस को लगातार बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए उम्मीद है कि पार्टी फिर से कोर्ट जाएगी। हिंसा के कारण 1 और 3 नवंबर को होने वाले मतदान पर अब सवालिया निशान लग गया है। जगन के उम्मीदवारों को न केवल नामांकन से रोका गया, बल्कि विरोधियों ने चुनाव अधिकारियों के सामने ही उनके नामांकन पत्र छीनकर फाड़ दिए और उनकी गाड़ियां तोड़ दीं। मुख्यमंत्री नायडू ने जगन मोहन पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है।

वामपंथी दलों ने इस हिंसा की आलोचना की और नायडू से कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को कहा है। स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर हुई हिंसा की खबर पूरे देश में फैल गई है। सोशल मीडिया के दौर में, जहां वीडियो वायरल होना आम बात है, आंध्र से सामने आई कई तस्वीरों और वीडियो ने उत्तर भारत के लोगों को भी चौंका दिया। दिल्ली के एक पत्रकार ने इस संभंकार को फोन करके पूछा कि क्या ये वीडियो असली हैं?

आंध्र प्रदेश में जमीनी स्तर पर समर्थन मजबूत करने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव बहुत अहम माने जाते हैं। इस बार तो नायडू जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं, ताकि वे आगे चलकर अपने बेटे नारा लोकेश को कमान सौंप सकें। दूसरा, नायडू को जगन से डर है। उन्हें लगता है, यह युवा नेता बस सही मौके की ताक में है और कभी भी सत्ता पर कब्जा कर सकता है। दक्षिण के अन्य राज्यों की तरह, यहां लंबे समय तक चुनावों के आस-पास हिंसा देखने को नहीं मिलती थी। जब तक कांग्रेस सत्ता में थी, उसने कभी भी अपने कार्यकर्ताओं को एक संगठित ढांचे (काडर) में नहीं ढाला। 1980 के दशक में नायडू ने एक पूर्व युवा कांग्रेस नेता की मदद से यह सब बदल दिया। उन्होंने अपने ससुर एन टी रामाराव को सत्ता से बेदखल कर दिया और टीडीपी पर कब्जे के साथ मुख्यमंत्री का पद भी हथिया लिया।

आंध्र प्रदेश में, सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं लाभार्थियों तक तभी पहुंच पाती थीं, जब पार्टी उन्हें मंजूरी देती थी। जगन ने इसी तरीके को अपनाया और प्रशासन पर पूरी तरह से अपना कड़ा नियंत्रण रखा। जब वाईएसआर कांग्रेस सत्ता में थी, तब टीडीपी कार्यकर्ताओं को पीटा जाता था और पुलिस आंखें मूंद लेती थी। अब नायडू उसी का जवाब दे रहे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

सत्य का अनुभव करें

जब कभी कोई महापुरुष केवल भावुकता के बल से अतींद्रिय अवस्था में जा पड़े, तो वह उस अवस्था से कुछ सत्य ही नहीं लेकर आए, बल्कि साथ ही अंधविश्वास, धर्मांधता भी लेते आए। उनकी शिक्षा में जो उत्कृष्ट अंश है, उससे जगत का जैसा उपकार हुआ है, धर्मांधता व अंधविश्वासों से वैसे ही क्षति भी हुई है।

मानव जीवन नाना प्रकार के विपरीत भावों से ग्रस्त होने के कारण असामंजस्यपूर्ण है। इस असामंजस्य में कुछ सामंजस्य और सत्य प्राप्त करने के लिए हमें युक्ति-तर्क के अतीत में जाना पड़ेगा। यह धीरे-धीरे करना होगा, नियमित साधना द्वारा ठीक वैज्ञानिक उपाय से हमें उसमें पहुंचना होगा और सारे अंधविश्वासों को छोड़ देना होगा। कोई विज्ञान सीखने के समय जैसा हम लोग करते हैं, इस अतिचेतन अवस्था के अध्ययन के लिए ठीक उसी धारा का अनुसरण करना होगा। युक्ति-तर्क को ही अपनी नींव बनाना होगा।

युक्ति-तर्क हमें जितनी दूर ले जा सकता है, हम उतनी दूर जाएंगे और जब युक्ति-तर्क नहीं चलेगा, तब वही हमें उस सर्वोच्च अवस्था की प्राप्ति का रास्ता दिखला देगा। अतः यदि कोई अपने को दिव्य प्रेरणा से प्रेरित कहकर दावा करे, फिर साथ ही युक्ति के विरुद्ध भी अटपट बोलता रहे, तो उसकी बात मत सुनना। क्यों? इसलिए कि जिन तीन भूमियों की बात कही गयी है, जैसे- जन्मजात प्रवृत्ति, चेतन या तर्काजात ज्ञान और अतिचेतन या जानातीत भूमि-ये तीनों एक ही मन की विभिन्न अवस्थाएं हैं। एक मनुष्य के तीन मन नहीं हैं, वरन् एक ही मन की एक अवस्था दूसरी अवस्थाओं में परिवर्तित हो जाती है।

जन्मजात-प्रवृत्ति चेतन या तर्काजात ज्ञान में और तर्काजात ज्ञान अतिचेतन में परिणत होता है। अतः इन अवस्थाओं में से कोई भी अवस्था दूसरी अवस्थाओं की विरोधी नहीं है। यथार्थ दिव्य प्रेरणा, तर्काजात ज्ञान की अपूर्णता को पूर्ण मात्र करती है। महापुरुषों ने जैसा कहा है, 'हम विनाश करने नहीं आए, वरन पूर्ण करने आए हैं', इसी प्रकार दिव्य प्रेरणा भी तर्काजात ज्ञान का पूरक है और उसके साथ उसका पूर्ण समन्वय है।

यह भी समझना आवश्यक है कि इस दिव्य प्रेरणा को प्राप्त करने की शक्ति प्राचीन पैगंबरों की तरह प्रत्येक मनुष्य के स्वभाव में है। वे हमारे-तुम्हारे समान ही मनुष्य थे। वे अत्यंत उच्च कोटि के योगी थे। उन्होंने अतिचेतन अवस्था प्राप्त कर ली थी। प्रयत्न करने पर तुम और हम भी उसकी प्राप्ति कर ले सकते हैं। इस अवस्था को प्राप्त करना ही धर्म है। केवल प्रत्यक्ष अनुभव द्वारा यथार्थ शिक्षा प्राप्त हो सकती है। हम लोग भले ही जीवन भर तर्क-विचार करते रहें, पर स्वयं प्रत्यक्ष अनुभव किए बिना सत्य का कण मात्र भी न समझ सकेंगे।

स्वामी विवेकानंद

दिव्य प्रेरणा को प्राप्त करने की शक्ति प्रत्येक मनुष्य के स्वभाव में है। पुराने पैगंबरों-संतों ने अतिचेतन अवस्था प्राप्त कर ली थी। इस अवस्था को प्राप्त करना ही धर्म है।

गैरी कास्परोव | पूर्व विश्व चैंपियन, शतरंज



भ्रष्ट तानाशाह सरकारें दूसरी भ्रष्ट फासिस्ट सरकारों के साथ व्यापार करना पसंद करती हैं, क्योंकि इसमें दोनों पक्षों को निजी लाभ होता है, न कि उनके राष्ट्र या देश को। इनके भ्रष्टाचारों की न कोई निगरानी होती है, न ही कोई जांच-पड़ताल।

खरगे की टिप्पणी बहुत अशोभनीय


कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर जो अशोभनीय टिप्पणी की है, वह बहुत निंदनीय है। उन्होंने ऐसा जान-बूझकर कहा या उनकी महज जुबान फिसल गई, यह तो वही जानते होंगे, लेकिन बाद में जिस तरह की बयानबाजियां हो रही हैं, उनसे यही लगता है कि उन्होंने ऐसा जान-बूझकर किया है, जो उनकी सबसे बड़ी नासमझी साबित होने वाली है। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन अपने से बड़े-बुजुर्गों की इज्जत का ख्याल रखना हमारी समझदारी होनी चाहिए। खरगे को प्रधानमंत्री पर सवाल खड़े करने के क्रम में उनके पिता पर टिप्पणी की आखिर क्या जरूरत पड़ी? इसलिए अब नजर कांग्रेस हाईकमान पर भी बनी रहेगी कि वह इसके खिलाफ किस तरह के कदम उठाती है?

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां विपक्ष के नेताओं को हक है कि वे सरकार की आलोचना करें, लेकिन हिंसा भरे स्वर, अभद्र भाषा का प्रयोग और बेतुकी बयानबाजी का हक शायद किसी को नहीं है, और न ही होना चाहिए। अगर ऐसा कोई करता है, तो वह चाहे किसी भी राजनीतिक दल का क्यों न हो, उसके खिलाफ संबंधित संस्था को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। देश का आमजन बेतुकी बयानबाजी या अभद्रतापूर्ण भाषा का प्रयोग करने वाले सत्ताधारियों व राजनेताओं से पूछना चाहता है कि क्या आपको सभ्य भाषा का ज्ञान नहीं है? क्या आपको शिष्टाचार नहीं आता? क्या आप लोग छोटे-छोटे बच्चे हैं? क्या न्यायालयों के पास काम कम है कि आपके बिगड़े बोलों की सुनवाई में वे अपना कीमती वक्त बर्बाद करें? सत्ताधारियों और राजनेताओं की अभद्र टिप्पणी, बोलचाल और एक-दूसरे पर छींटाकशी यही साबित करती है कि हमारे देश की राजनीति में शिष्टाचार की कमी है, जिस कारण यहां अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग खूब होता है।

जाहिर है, कांग्रेस को संभलने की जरूरत है। उसे अपने नेताओं को संयम का पाठ पढ़ाना होगा। इन सबसे यही लगता है कि भारतीय राजनीति में अमर्यादित शब्द हद से ज्यादा जगह बना चुके हैं। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए कतई उचित नहीं है, लेकिन इस पर नकेल कैसे कसी जाए? नेताओं की बेतुकी बयानबाजियां वक्त-वक्त पर सामने आती रहती हैं, कई बार तो कुछ राजनेता पद की मर्यादा तक भूल जाते हैं। ऐसे में, जरूरी है कि कुछ मुख्य पदासीन व्यक्तियों के खिलाफ टीका-टिप्पणी न की जाए। प्रधानमंत्री के पद की मर्यादा या आमजन की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियों से बचना चाहिए।

राजेश कुमार चौहान, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम
बिगड़े बोल



नेताओं की अभद्र भाषा का इतिहास पुराना

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस स्वाभाविक है, लेकिन जब तर्क की जगह अपशब्द और नीतियों की आलोचना की जगह निजी हमले होने लगें, तो चिंता बढ़ना लाजिमी है। दुर्भाग्य से आज कांग्रेस हो या भाजपा, समाजवादी पार्टी हो या अन्य दल, नेताओं की बिगड़ी जुबान राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनती जा रही है। ताजा उदाहरण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का है। उन्होंने पटना में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री पर एक विवादित टिप्पणी की, जिस पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई और माफी की मांग की है। यह कहने वाले लोग भी कम नहीं हैं कि प्रधानमंत्री के राजनीतिक फैसलों और नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उनके परिवार को निशाना बनाना किसी भी लिहाज से उचित नहीं कहा जा सकता। हालांकि, बिगड़ी भाषा की समस्या केवल कांग्रेस तक सीमित नहीं है। अप्रैल 2026 में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने खरगे की उम्र को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी तरह भाजपा नेता दिलीप घोष की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत टिप्पणी और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की अभिनेत्री कंगना रनौत पर विवादित सोशल मीडिया पोस्ट ने भी राजनीतिक मर्यादा पर सवाल खड़े किए थे।

समाजवादी पार्टी के नेताओं और अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओं की बयानबाजी भी समय-समय पर विवाद पैदा करती रही है।


चुनावी सभाओं में विरोधियों को अपमानजनक विशेषणों से पुकारना अब कोई नई बात नहीं रह गई है। समस्या यह है कि हर दल अपने नेता के विवादित बयान का बचाव करता है, जबकि विरोधी दल के ऐसे ही बयान पर नैतिकता का पाठ पढ़ाने लगता है। इस प्रवृत्ति का नुकसान लोकतंत्र और समाज, दोनों को होता है। शीर्ष नेताओं की भाषा उनके समर्थकों के व्यवहार को भी प्रभावित करती है। जब सार्वजनिक जीवन में अपमान सामान्य होने लगता है, तो असहमति के प्रति सम्मान कम होने लगता है और वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं।

ऐसे में, जरूरत है कि सभी दल अपने नेताओं के लिए भाषा की स्पष्ट मर्यादा तय करें। चुनाव आयोग ने भी 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस, दोनों को अपने प्रचारकों की भाषा संयमित रखने का निर्देश दिया था। राजनीति में विरोध होना चाहिए, वैमनस्य नहीं; कटाक्ष हो सकता है, लेकिन अपमान नहीं। नेताओं को याद रखना चाहिए कि जनता उन्हें समस्याओं का समाधान खोजने के लिए चुनती है, एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करने के लिए नहीं।

रोहित कुमार, टिप्पणीकार

जो है और जो होना चाहिए का द्वंद्व

मानव का यह सहज स्वभाव है, जो उसके पास नहीं होता, उसे उसी की कामना होती है। 'है' यथार्थ है और 'होना' भविष्य। मनुष्य अनागत की चाह में जो उसके पास है, उसे भी भुला देता है। 'है' और 'होने' के इसी द्वंद्व में वह जीवन की सच्चाई को नहीं देख पाता और जिंदगी भर असंतुष्ट रहते हुए भ्रम का जीवन जीता है।



अध्यात्म



जे. कृष्णमूर्ति

हमारे लिए तथ्य की अपेक्षा धारणा अधिक महत्वपूर्ण होती है। व्यक्ति को 'जो है' की बजाय 'जो होना चाहिए' उसकी अवधारणा अधिक सार्थक लगती है। भविष्य वर्तमान की अपेक्षा अधिक सम्मोहक लगता है। भले ही वह अज्ञात है। जिसके बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। वही हमें सबसे अधिक प्रिय है।

इस तरह हम 'जो है' और 'जो होना चाहिए' के बीच एक अंतर्विरोध खड़ा कर लेते हैं। 'जो होना चाहिए' एक धारणा, एक कल्पना है, यथार्थ तथा विभ्रम के बीच। उनमें नहीं, बल्कि हमारे भीतर एक द्वंद्व होने लगता है। हमें यथार्थ से अधिक विभ्रम पसंद है। धारणा कहीं अधिक आकर्षक तथा संतुष्ट करने वाली होती है, इसलिए हम उसी में आसक्त हो जाते हैं।

इस प्रकार वह विभ्रम वास्तविक बन जाता है। जो यथार्थ है, वह मिथ्या बन जाता है। तथाकथित वास्तविक एवं तथाकथित मिथ्या के बीच के इस द्वंद्व में हम जकड़ लिए जाते हैं।

किसी भी धारणा से न चिपकें

हम किसी धारणा, किसी विचार से जान-बूझकर या अनजाने में ही क्यों चिपक जाते हैं! हम जो यथार्थ है, उसे एक तरफ हटा देते हैं। वह धारणा, वह प्रारूप आत्म-प्रक्षेपित है। यह आत्म पूजा का ही एक रूप है, इसलिए बड़ा तुष्टिप्रद है। यह धारणा हावी होने की, आग्रही होने की, मार्गदर्शन करने की, आकार देने की ताकत देती है। उस धारणा में जो आत्म-प्रक्षेपित है, कभी भी अहं का नकार, उसका विसर्जन नहीं हो पाता। वह प्रारूप या धारणा अहं को समृद्ध करते हैं। इसी को प्रेम भी मान लिया जाता है। मेरा अपने बेटे या अपने पति से प्रेम है। मेरी चाह है कि वह ऐसा बने या वैसा बने। मेरी इच्छा है कि वह जो वस्तुतः है, उससे भिन्न कुछ हो जाए।

यथार्थ का सामना करें

यदि हमें 'जो है' उसे समझना है, तो प्रारूप या धारणा को अलग हटा देना पड़ेगा। किसी धारणा को अलग हटाने में कठिनाई तब आती है, जब 'जो है' को समझने की तत्परता नहीं होती। हमारे भीतर धारणा तथा 'जो है' के बीच द्वंद्व बना रहता है, क्योंकि आत्म-प्रक्षेपित धारणा 'जो है' की अपेक्षा अधिक संतुष्टि प्रदान करती है। केवल तभी, जब 'जो है' के, यथार्थ का सामना करना ही पड़े, तब यह प्रारूप टूटता है। मुद्दा यह नहीं है कि हम धारणा से मुक्त कैसे हों, बल्कि यह है कि यथार्थ का सामना कैसे करें। यथार्थ का सामना करना तभी संभव होता है, जब तुष्टि-तृप्ति की प्रक्रिया की, अहं की रीति की समझ हो।

हम सभी आत्म-तुष्टि चाहते हैं। हालांकि, उसके ढंग कई सारे हो सकते हैं : पैसे या ताकत के जरिये, बच्चों या पति के जरिये, देश या धारणा के जरिये, सेवा या बलिदान के जरिये, प्रभुत्व या अधीनता के जरिये। सोचने वाली बात है, क्या इससे आत्म-तुष्टि हो भी पाती है? तुष्टि का विषय सदैव आत्म-प्रक्षेपित, आत्म-चयनित होता है, इसलिए तुष्टि की यह तृष्णा आत्म-सातत्य का ही एक रूप है।

चाहे चेतन हो अथवा अचेतन, आत्म-तुष्टि का ढंग अहं द्वारा ही चयनित होता है। यह ऐसे परितोष की कामना पर आधारित है, जो स्थायी होना चाहिए, इसलिए आत्म-तुष्टि की तलाश कामना के स्थायित्व की तलाश ही है।

कामनाएं अनित्य होती हैं

कामना, इच्छा सदैव अनित्य होती है। इसका कोई सुनिश्चित आवास नहीं होता। यह कुछ समय के लिए उस विषय को निरंतरता दे सकती है, जिससे यह आसक्त है पर इच्छा का अपने आप में कोई स्थायित्व नहीं है। हमें इस बात का अंदर-ही-अंदर भान रहता है, अतः हम उस धारणा, उस विश्वास, उस वस्तु, उस संबंध को स्थायी बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं पर चूंकि यह भी असंभव है। एक स्थायी सारतत्व के रूप में हम एक अनुभवकर्ता की रचना कर लेते हैं। एक 'मैं', जो कि इच्छा से विलग तथा भिन्न है, एक विचारक, जो अपने विचारों से विलग और भिन्न है। यह पृथकता स्पष्टतः मिथ्या होती है और विभ्रम की ओर ले जाती है।

अहं का अवसान जरूरी


स्थायित्व की खोज आत्म-तुष्टि की अंतहीन पुकार है, किंतु इस अहं को कभी तृप्त नहीं किया जा सकता। अहं अस्थायी है और जिससे हम इसे भरते हैं, वह भी अस्थायी है। आत्म-सातत्य ह्रास है। इसमें न तो कोई रूपांतरकारी तत्व है, न ही नएपन का झोंका है। जो नूतन है, उसके घटित होने के लिए अहं का अवसान आवश्यक है।

अहं एक धारणा है, एक दर्रा है, स्मृतियों की एक गठरी है और प्रत्येक परितुष्टि धारणा की, अनुभव के आगे निरंतरता है। अनुभव सदैव संस्कारबद्ध होता है। अनुभवकर्ता अपने आपको लगातार अनुभव से विलग तथा भिन्न करता रहता है। अतः अनुभव से, अनुभव की कामना से मुक्ति जरूरी है। परितुष्टि आंतरिक निर्धनता, खालीपन को ढंक देने का ढंग है। वास्तव में परितुष्टि में दुख और पीड़ा निहित हैं।

हम किसी धारणा, किसी विचार से जान-बूझकर या अनजाने में ही क्यों चिपक जाते हैं! हम जो यथार्थ है, उसे एक तरफ हटा देते हैं। वह धारणा, वह प्रारूप आत्म-प्रक्षेपित है। यह आत्म पूजा का ही एक रूप है, इसलिए बड़ा तुष्टिप्रद है।

विचार

हम अपनी असहमति को लड़ाई में न बदलें



अहिंसा के कई पक्ष हैं। इसके अंतर्गत विचारों, वचनों या कर्मों के जरिये किसी को भी चोट न पहुंचाना आता है। अहिंसा के कई ऐसे रंग हैं, जिनके बारे में हम कभी सोचते भी नहीं। हम जानते हैं कि हमें किसी को मारना या चोट पहुंचाना नहीं चाहिए, पर जब मन और वचनों से अहिंसा की बात आती है, तो हम काफी लापरवाह होते हैं।

हम जानते हैं हमें किसी को गाली नहीं देनी चाहिए। किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। हम दिन में कई बार ऐसी बातें भी कहते हैं, जिनसे हमारा अहंकार बढ़ता है या दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। हम लोगों की कमियां निकालते हैं। उनकी चोट पर नमक छिड़कते हैं। अक्सर हम दूसरों पर कटाक्ष करते हैं, ताकि हम निराले लगें या दूसरों से अधिक बुद्धिमान लगें। हम अपने आपको बुद्धिमान या हाजिरजवाब दिखाना चाहते हैं पर ऐसा करके हम दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं।

हम दूसरे धर्मों, दूसरे देशों, दूसरे रंगों या दूसरे लिंग के लोगों के प्रति बुरी टिप्पणियां करते हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हम ऐसा कुछ न कहें, जिनसे उन लोगों का अनादर होता हो, जो हमसे किसी भी तरह से अलग हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम कोई ऐसी टिप्पणी न करें, जो किसी दूसरे वर्ग के व्यक्तियों को चोट पहुंचाए।


वचनों में हिंसा का एक अन्य रूप है- परिवारों, दोस्तों, पति-पत्नी, मां-बाप और बच्चों के बीच लड़ाइयां। दो इंसानों के बीच विचारों का मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इसकी वजह से लड़ाई की नौबत नहीं आनी चाहिए। असहमति होना तो ठीक है, लेकिन लड़ाई में हिंसा आ जाती है और दोनों दल अपनी-अपनी बात कहने के लिए उत्तेजक शब्दों का प्रयोग करने लगते हैं। उत्तेजना के क्षणों में हम ऐसी कई बातें कह देते हैं, जो असत्य होती हैं, कठोर होती हैं और केवल सामने वाले का दिल दुखाने के लिए या उसे नीचा दिखाने के लिए कही जाती हैं। हो सकता है कि हम बाद में अपनी बातों पर पछताएं भी, लेकिन तब तक चोट पहुंच चुकी होती है।

हमें अपने शब्दों को सावधानी से संभलकर बोलना चाहिए। अगर हम शांतिपूर्वक एक-दूसरे से असहमत हों, तो यह ठीक है। हम अपनी असहमति को कभी भी लड़ाई में न बदलने दें। अपने वाद-विवाद में हमेशा संयम व धैर्य बनाए रखें। अगर हम ऐसा कर सकें, तो हम पाएंगे कि हमारी सारी समस्याएं प्रेम से सुलझ जाएंगी और इस प्रक्रिया में हम न तो किसी और को ठेस पहुंचाएंगे और न ही खुद को।

-संत राजिंदर सिंह

मास विशेष

कार्तिक मास नाम दामोदर



'मासानां कार्तिकः श्रेष्ठो देवानां मधुसूदनः।
तीर्थं नारायणाख्यं हि त्रितयं दुर्लभं कलौ॥' (स्कंद पुराण)

-'सभी मासों में कार्तिक मास श्रेष्ठ है। देवताओं में भगवान विष्णु (मधुसूदन) श्रेष्ठ हैं। तीर्थों में नारायण तीर्थ श्रेष्ठ हैं। ये तीनों (कार्तिक मास, भगवान मधुसूदन की भक्ति और नारायण तीर्थ का संयोग या लाभ) कलियुग में बहुत दुर्लभता से मिलते हैं।' इस माह की पूर्णिमा को चंद्रमा कृतिका नक्षत्र में होता है, इसलिए इस मास का नाम कार्तिक है।

इसी मास में देव उठनी एकादशी के दिन विष्णु अपनी योगनिद्रा से जागते हैं। इससे देवशयनी एकादशी से बंद पड़े सभी मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। माना जाता है कि इस मास में विष्णु जल में निवास करते हैं। इस महीने में विष्णु, लक्ष्मी और तुलसी की आराधना की जाती है। कार्तिक मास में दीपदान और सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान का विशेष महत्व है।

पद्मपुराण की कथा के अनुसार कार्तिक स्नान और पूजा के पुण्य से ही सत्यभामा और देवी रुक्मिणी को कृष्ण की पत्नी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। इस मास में देव पूजा के लिए पांच नियमों- ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, दीपदान, तुलसी पूजा, भूमि पर शयन और दाल के निषेध के साथ सात्विक भोजन करना उत्तम बताया गया है।

कार्तिक मास को दामोदर मास भी कहते हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार कृष्ण की शरारतों से तंग आकर यशोदा ने उनके पेट (उदर) को रस्सी (दाम) से एक ऊखल के साथ बांध दिया था। इस कारण कृष्ण का एक नाम दामोदर हो गया। यह लीला कार्तिक मास में हुई थी, इसलिए इस मास का नाम दामोदर मास हो गया।

पति और पुत्र की मंगल कामना के लिए करवा चौथ और अहोई अष्टमी पर्व भी इसी माह मनाए जाते हैं। गोपाष्टमी पर्व के दिन ही गाय की पूजा के साथ ही गोवर्धन की पूजा भी की जाती है। इसी दिन कृष्ण ने अपनी उंगली पर धारण किए गोवर्धन पर्वत को पृथ्वी पर वापिस रखा था। कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही शिव त्रिपुरासुर का वध करके त्रिपुरारी कहलाए। इस विजय पर प्रसन्न होकर देवताओं ने उत्सव मनाया। आगे चलकर इसे देव दीवाली कहा गया।

इसके अलावा इस मास में धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीवाली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, चित्रगुप्त जयंती, महावीर स्वामी निर्वाण दिवस छठ पूजा, तुलसी विवाह, आंवला नवमी, गुरुनानक जयंती, बंदी छोड़ दिवस, पुष्कर मेला और मास के अंतिम पांच दिन तक मनाया जाने वाला भीष्म पंचक आदि पर्व भी आते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो लोग पूरे कार्तिक माह में नियम-संयम या नदी में स्नान नहीं कर पाते हैं, वे यदि केवल भीष्म पंचक के अंतिम पांच दिनों में इसका पालन कर लें, तो उन्हें पूरे कार्तिक मास का पुण्य फल प्राप्त हो जाता है।

-अरुण कुमार जैमिनि

भेजें अपने सवाल

स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

अपने सवालों हमें इस पते पर भेजें:
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

सिंह के बृहस्पति से धन लाभ

बृहस्पति के सिंह राशि में आने पर बारह राशियों पर क्या प्रभाव होंगे?

-तिलोत्तमा, रांची

आस्था-अनास्था

समीर उपाध्याय ज्योतिर्विद्



बृहस्पति का सिंह राशि में गोचर 31 अक्तूबर, 2026 शनिवार को दोपहर 12.50 पर होगा। सिंह राशि में गुरु 13 दिसंबर, 2026, रविवार को सुबह 06.25 बजे वक्री होंगे। गुरु सिंह राशि में वक्री रहते हुए ही 25 जनवरी, 2027 सोमवार को रात्रि 12.52 पर पुनः कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। सिंह राशि में गुरु के गोचर का बारह राशियों पर प्रभाव :

मेष : कुछ नए संबंध-संपर्क बनेंगे। विद्यार्थियों को विशेष सफलता मिलेगी। संतान संबंधी मांगलिक कार्य हो सकते हैं। मान-सम्मान मिलेगा।

वृष : आय के साथ खर्च की अधिकता होगी। घर में स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है। मानसिक शांति में बाधा आएगी। अतिरिक्त प्रयास करने से लाभ मिलेगा।

मिथुन : नए संबंध-संपर्क बनेंगे। आमदनी के नए रास्ते मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिल सकता है।

कर्क : चल संपत्ति की खरीदारी। परिवार में मांगलिक कार्य होंगे। स्वास्थ्य समस्या का कुछ समाधान निकलेगा।

सिंह : आर्थिक लाभ होगा। घर में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। आर्थिक तरक्की होगी। अचानक धन लाभ हो सकता है। तरक्की के अवसर बनेंगे।

कन्या : अचानक धन प्राप्ति एवं हानि दोनों की संभावना। नई खरीददारी करेंगे। थोड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव संभव।

तुला : घर एवं कार्यक्षेत्र में सम्मान प्राप्ति। तरक्की। आर्थिक लाभ। छोटे भाई-बहन से संबंधित मांगलिक कार्य।

वृश्चिक : परिवार एवं कार्य स्थल में सुखद स्थिति बनेगी। नए संबंध-संपर्क बनेंगे। चल संपत्ति बढ़ेगी। आर्थिक लाभ हो सकता है।

धनु : चल-अचल संपत्ति। भाग्य का साथ। लाभकारी परिवर्तन। आर्थिक लाभ। आमदनी के नए स्रोत की प्राप्ति।

मकर : शुभ-अशुभ समाचार। पुरानी समस्या का समाधान। कुछ नई खरीदारी। मरम्मत एवं स्वास्थ्य पर खर्च। घर में कुछ मांगलिक कार्य होंगे।

कुंभ : वैवाहिक जीवन में मधुरता। सम्मान प्राप्ति। अपनी सुख-सुविधाओं पर ज्यादा खर्च। नए संबंध बनेंगे। विवादित मामलों में सफलता। अतिरिक्त प्रयास से रुके काम बनेंगे।

मीन : खर्च की अधिकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त प्रभार मिलेगा। नए कार्य में पूंजी निवेश हो सकता है।

सप्ताह के व्रत-त्योहार

27 अक्तूबर से 02 नवंबर 2026 तक

27 अक्तूबर (मंगलवार) : कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा तिथि प्रातः 07.02 मिनट तक पश्चात द्वितीया रात्रि 04.08 मिनट तक तदनंतर तृतीया तिथि। कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रारंभ। द्वितीया तिथि का क्षय।

28 अक्तूबर (बुधवार) : कार्तिक कृष्ण तृतीया तिथि रात्रि 01.07 मिनट तक। भद्रा दोपहर 02.38 मिनट से रात्रि 01.07 मिनट तक।

29 अक्तूबर (गुरुवार) : कार्तिक कृष्ण चतुर्थी तिथि रात्रि 10.11 मिनट तक पश्चात पंचमी तिथि। व्रत करवा चौथ (करक चतुर्थी)।

30 अक्तूबर (शुक्रवार) : कार्तिक कृष्ण पंचमी तिथि सायं 07.26 मिनट तक पश्चात षष्ठी तिथि।


31 अक्तूबर (शनिवार) : कार्तिक कृष्ण षष्ठी तिथि सायं 04.58 मिनट तक पश्चात सप्तमी तिथि। भद्रा सायं 04.58 मिनट से रात्रि 03.55 मिनट तक। स्कंद षष्ठी व्रत।

01 नवंबर (रविवार) : कार्तिक कृष्ण सप्तमी तिथि दोपहर 02.52 मिनट तक पश्चात अष्टमी तिथि। अहोई अष्टमी व्रत (बंदोदय व्यापिनी)। नवंबर मास प्रारंभ। रविगुप्त योग। गंडमूल रात्रि 04.31 मिनट से।

02 नवंबर (सोमवार) : कार्तिक कृष्ण अष्टमी तिथि दोपहर 01.11 मिनट तक पश्चात नवमी तिथि। गंडमूल विचार। कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रारंभ। द्वितीया तिथि का क्षय।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। कुछ सुस्ती भी देखने को मिल सकती है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। खर्च बढ़ेंगे।

वृष : मन में नकारात्मक विचारों से बचें। अपनी व परिवार की सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार में कठिनाई आ सकती है।

मिथुन : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

कर्क : मन परेशान रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

सिंह : मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

कन्या : मन परेशान रहेगा। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कारोबार में भागदौड़ तो बहुत रहेगी, परंतु यथोचित सफलता में कमी रहेगी। माता-पिता से धन मिल सकता है।

तुला : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। माता की सेहत का ध्यान रखें।

वृश्चिक : मन परेशान रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। पढ़ाई के लिए विदेश जाने के अवसर भी मिल सकते हैं। पिता की सेहत का ध्यान रखें।


धनु : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। संतान व माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

मकर : आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। लेखनादि कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आय के साधन भी बनेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

कुंभ : आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध व लड़ाई-झगड़ों से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

मीन : वाणी में मधुरता तो रहेगी, परंतु व्यर्थ के क्रोध से बचना होगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वर्गपहेली : 8494



बाएं से दाएं
1. अवस्था; दशा; परिस्थिति; मौजूदा हैसियत (3)
3. सरहद संबंधी विवाद; सीमा का झगड़ा (2,3)
5. आरंभ करना; फैलाना (3)
6. साधना करने वाला; योगी (3)
7. निपुण बनाने के लिए दिए जाने वाले उपदेश; पढ़ना-लिखना सीखने का कार्य; शिक्षा (3)
9. अभिनेत्री; नक्षत्र (3)
10. नम्र होना; निहुरना; विनीत होना; ऊपरी भाग का नीचे की ओर लटकना (3)
11. धोने वाला; धोबी (3)
14. अनुचित इच्छा; लोभ (3)
15. ऐसी जगह जहां से तीन रास्ते निकलते हैं; तिरमुहानी (3)
16. तनय; पुत्र; बेटा; बालक; कुमार; वर (3)
17. क्षमा देना; छोड़ देना; माफ करना (2,3)
18. जिसकी रक्षा की गई हो; बचायी हुई; हिफाजत की हुई; संरक्षित; सुरक्षित; एक अप्सरा (3)

ऊपर से नीचे
1. उड़ा देना; चुरा लेना; जेब काटना; हड़पना; हाथ मारना; खूब खाना (2,2,3)
2. आवेश में आना; क्रुद्ध होना; गुस्से से चेहरा लाल होना; रुष्ट होना; चमकना (4)
3. आत्मविश्वास के साथ चलना; गर्व से छाती फुला कर चलना; शान से चलना (2,2,2,3)
4. असंगतता; असमता; भीषणता; कठिनता (4)
8. सूखा राहत (3,4)
12. अच्छा; अलंकारपूर्ण; मोहक; रसमय (4)
13. अपकार के बदले में किया गया अपकार; प्रतिकर्म; प्रतिशोध; बदला (4)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्गपहेली : 8493 का उत्तर



सुडोकू : 8448

* कठिन

	9		5					
2		1					4	5
				2	6			
3	4					7		
		9	8		7	2		
		6					1	8
			9	4				
1	8					4		3
					1		2	

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8447

5	7	8	4	1	2	6	3	9
2	1	3	5	9	6	7	4	8
9	4	6	3	7	8	2	1	5
1	3	9	8	6	7	4	5	2
7	8	4	2	3	5	1	9	6
6	5	2	9	4	1	3	8	7
8	6	1	7	5	3	9	2	4
3	9	5	6	2	4	8	7	1
4	2	7	1	8	9	5	6	3

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

27 अक्तूबर, मंगलवार, शक संवत्: 05 कार्तिक (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग:** 11 कार्तिक मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम:** 15 जमादि उल्वाल, 1448, **विक्रमी संवत्:** कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा तिथि प्रातः 07.02 मिनट तक पश्चात द्वितीया तिथि सूर्योदय पूर्व 04.08 मिनट तक। व्यतिपात योग, कौलव करण। चंद्रमा मेष राशि में रात्रि 09.07 मिनट तक उपरांत वृष राशि में। सूर्य **दक्षिणायन।** शरद ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रारंभ। द्वितीया तिथि का क्षय।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रत्नोगी

आपका शौरूम नहीं चले, तो ये उपाय करें :

- पश्चिम मुखी शौरूम में दक्षिण पश्चिम कोने में ऊपर मकान मालिक के घर की सीढ़ियां आने से नैऋत्य कोण कटने से व्यक्ति के जीवन में स्थायित्व नहीं आता। जीवन, व्यापार, जॉब में उतार-चढ़ाव रहते हैं। मेहनत करने पर भी व्यक्ति को वह सफलता नहीं मिलती, जो मिलनी चाहिए। यहां पर एक कैलास पर्वत का चित्र और उसके चारों ओर पीली लाइट लगाना अच्छा होता है। एक मिट्टी के मटके में पीली सरसों तथा ग्यारह साबुत हल्दी मिलाकर रखना फायदेमंद होता है। निरंतर 'श्रीं' बीज मंत्र का मन-ही-मन उच्चारण करना भी अच्छा रहता है। प्रतिदिन सुबह नंगे पैर जमीन पर चलना भी फायदा पहुंचाता है।

दैनिक जागरण

आंतरिक समीक्षा उन्नति का आधार तैयार करती है

बचकानी राजनीति

दिल्ली के व्यापारियों और उद्यमियों के प्रमुख संगठन चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी से विपक्षी दलों को 1 नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली को टालने का जो अनुरोध किया था, उसे उन्होंने नुकरा कर संवेदनहीनता और हठधर्मी का ही परिचय दिया। वह संगठन बस इतना चाह रहा था कि रैली भाई दूज के बाद की जाए, ताकि वे नुकसान से बच सकें। राहुल गांधी और उनके सहयोगी-साथी इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकते कि धनतेरस एवं दीवाली के पहले बड़े पैमाने पर खरीदारी होती है। उन्हें इसका भी आभास होना चाहिए था कि दिल्ली के कुछ इलाकों और खासकर कनाट प्लेस के व्यापारी कांग्रेस और काकरोच जनता पार्टी के अनवरत धरना-प्रदर्शन से पहले ही नुकसान उठा चुके हैं। समस्या केवल यह नहीं कि राहुल ने व्यापारियों के अनुरोध पर तनिक भी संवेदनशीलता नहीं दिखाई, बल्कि यह भी है कि उन्होंने उनके पत्र के तीन दिन बाद अपनी निष्चुर प्रतिक्रिया में यह कहा कि उन्हें पीएम मोदी से मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने को कहना चाहिए। इसे बचकानेपन के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता। राहुल अच्छे से जानते हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल महाभियोग के जरिये हटाया जा सकता है और उसे संसद से पारित कराने की उनमें सामर्थ्य नहीं। वास्तव में इसीलिए वे कुतर्कों के सहारे यह माहौल बना रहे कि प्रधानमंत्री उनके झूठे आरोपों के कारण उन्हें हटा दें। यह राजनीतिक अपरिपक्वता की पराकाष्ठा ही है।

वोट चोरी का राहुल गांधी का शिगूफा भी झूठ पर ही टिका है। वे और अन्य विपक्षी नेता वोट चोरी का झूठ कितना ही दोहराएं, वे इसे सच सिद्ध करने में नाकाम हैं। राहुल वोट चोरी का तबसे शोर मचा रहे, जबसे बिहार में एसआइआर हुआ था, लेकिन वे अपने पक्ष में जनमत बनाने में समर्थ नहीं हुए। इसी से वे खीझे हुए हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि झूठ के पांव नहीं होते। वे झूठ के सहारे कई बार अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन उनकी दाल नहीं गली। एसआइआर को वोट चोरी कहने के पहले राहुल और उनके साथियों ने ईवीएम को निशाने पर लिया था, लेकिन नाकाम ही रहे। जिस कथित वोट चोरी का आरोप लगाकर वे मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा मांग रहे हैं, उसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हो रही है और एक याचिका तो खुद उन्होंने दायर कर रखी है। आखिर वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या इसलिए कि वे अच्छे से जान रहे हैं कि वोट चोरी का आरोप झूठा है। हैरानी नहीं कि यदि एसआइआर की सुनवाई कर रहा सुप्रीम कोर्ट राहुल के मन का फैसला न दे तो वे उस पर भी चढ़ाई कर दें। उनके याचिका दाखिल करने के तरीके से यह स्पष्ट भी हुआ था।

मेहनत का उचित मूल्य

किसानों के लिए धान की सरकारी खरीद केवल उपज बेचने का माध्यम नहीं, बल्कि साल भर की मेहनत का उचित मूल्य पाने की उम्मीद भी है। बीज, खाद और मजदूरी के लिए कर्ज लेने वाले किसानों को समय पर भुगतान की जरूरत होती है। ऐसे में खरीद प्रक्रिया में देरी या गड़बड़ी उनकी आर्थिक मुश्किलें बढ़ा सकती है। झारखंड सरकार ने किसानों के पंजीकरण से लेकर भुगतान तक व्यवस्था दुरुस्त करने की पहल की है। जमीन के दस्तावेजों के आधार पर धान बिक्री की सीमा तय करने से दूसरे राज्यों के किसानों और बिचौलियों को घुसपैठ रोकने में मदद मिल सकती है, लेकिन नियम ऐसे भी हों कि वास्तविक किसानों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। जिन किसानों के पास जमीन नहीं है, उनकी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजना भी जरूरी है। राज्य में 29 लाख से अधिक किसानों के बावजूद धान बेचने के लिए दो लाख से कम पंजीकरण होना चिंता का विषय है। सरकार को गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर पंजीकरण बढ़ाना चाहिए। खरीद केंद्रों पर पारदर्शिता, नियमित निगरानी और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना होगा। व्यवस्था की सफलता आंकड़ों से नहीं, किसानों को मिलने वाले वास्तविक लाभ से तय होगी। जब समय पर धान की खरीद होगी और किसानों को उनकी फसलों के वाजिब दाम मिलेंगे तभी उनकी मेहनत सफल होगी। किसानों की आय बढ़ाना अभी एक बड़ी चुनौती है। लिहाजा झारखंड को सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

किसानों का पंजीकरण बढ़ाने के साथ भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना भी आवश्यक है

उत्तर प्रदेश का निर्णायक प्रश्न



डा. मनिष टाकाडे

उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य का राजनीतिक भविष्य केवल जातियों के जोड़-घटाव पर केंद्रित नहीं होना चाहिए



अवधेश राजपूत

आगामी विधानसभा चुनावों वाले राज्यों में सबसे अधिक चर्चा में है उत्तर प्रदेश, क्योंकि केंद्र की सत्ता का रास्ता इसी राज्य से होकर जाता है। ऐसे में, इस प्रदेश का विधानसभा चुनाव केवल इस आधार पर नहीं होना चाहिए कि कौन-सा दल किन जातियों का बड़ा गठजोड़ बना सकता है। असली प्रश्न यह है कि नागरिक अपनी सरकार से क्या अपेक्षा रखता है: सुरक्षा, अवसर, सम्मान और विकास या फिर शिकायत दर्ज कराने, नौकरी पाने और सरकारी लाभ तक पहुंचने के लिए किसी जातीय संरक्षक की तलाश?

योगी आदित्यनाथ के पक्ष में मजबूत तर्क यही है कि उन्होंने राजनीति की दिशा को जातीय संरक्षण से निकालकर कानून के शासन की ओर मोड़ने का प्रयास किया है। अखिलेश यादव की राजनीति का केंद्रीय सूत्र 'पीडीए'-पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक-हैं। सामाजिक न्याय का प्रश्न महत्वपूर्ण है, प्रतिनिधित्व भी जरूरी है, मगर उत्तर प्रदेश जैसे राज्य को केवल जातियों के जोड़-घटाव से नहीं चलाया जा सकता। राज्य तब आगे बढ़ता है जब हर नागरिक को यह भरोसा हो कि कानून उसकी जाति, पंथ, उपनाम देखकर नहीं बदलेगा। हाल की राजनीतिक भाषा में यह अंतर साफ दिखता है। 2017 से पहले प्रदेश में 'रूल आफ माफिया' था और अब 'रूल आफ ला' है। योगी का यह कथन केवल राजनीतिक नारा नहीं, शासन की स्पष्ट अवधारणा है। दूसरी तरफ अखिलेश यादव अपनी रणनीति को मुस्लिम-यादव आधार, पीडीए और युवाओं की नाराजगी के गठजोड़ के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। एक और राज्य की प्रकृति का प्रश्न है। दूसरी ओर सत्ता तक पहुंचने के लिए सामाजिक समूहों की चुनावी गोलबंदी।

जाति का प्रश्न अप्रासंगिक नहीं है। उत्तर प्रदेश में वंचित रहे दलितों, पिछड़ों और कमजोर वर्गों को प्रतिनिधित्व, आरक्षण, सम्मान और सुरक्षा चाहिए, लेकिन सामाजिक न्याय और जातिवादी राजनीतिक संरक्षण एक ही बात नहीं। किसी दलित-पिछड़े परिवार को अन्याय के समय यह आश्वासन नहीं चाहिए कि चुनाव बाद उसकी जाति की राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ेगी। किसी गरीब पिछड़े युवा को सरकारी नौकरी के लिए निष्पक्ष परीक्षा चाहिए, किसी मंत्री या स्थानीय दलाल तक पहुंच नहीं। यदि थाने निष्पक्ष हों, भर्ती पारदर्शी हो, राशन और आवास योजना बिचौलियों के बिना मिले, सड़क और बिजली हर गांव तक पहुंचे, तो जाति की राजनीतिक निर्भरता स्वाभाविक रूप से कमजोर होगी। यह जाति की वास्तविकता से आंख चुराना नहीं।

नागरिक को जाति-आधारित राजनीतिक संरक्षकत्व से मुक्त करना है। योगी शासन में 9.5 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी गई हैं और आगे भी बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का लक्ष्य है। योगी सरकार का गैर-राजपत्रित समूह 'ख', 'ग' और 'घ' के अनेक पदों में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त करने का फैसला भी महत्वपूर्ण रहा। साक्षात्कार वह स्तर था, जहां सिफारिश, पहचान और प्रभाव की आशंका सबसे अधिक होती थी। प्रतिनिधित्व के आंकड़े भी इस तर्क को बल देते हैं। 2024 में उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार लोक सेवा चयन आयोग की 46,675 नियुक्तियों में 17,929 चयनित अभ्यर्थी ओबीसी वर्ग से थे यानी 38.41 प्रतिशत। एससी-एसटी के चयनितों को जोड़ दें तो आरक्षित वर्गों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक रही। यह आंकड़ा सभी सरकारी नियुक्तियों का समग्र चित्र नहीं है, फिर भी यह उस धारणा को चुनौती देता है कि वंचित समुदायों की प्रगति केवल उन्हीं दलों के माध्यम से संभव है, जो उनकी पहचान पर विशेष राजनीतिक दावा करते हैं।

पीडीए के पक्ष में आवाज उठाते हुए सपा को यह भी स्पष्ट करना होगा कि राज्य की संस्थाओं को जातीय प्रभाव से मुक्त कैसे रखा जाएगा? छोटी और अति-पिछड़ी जातियां बड़े सामाजिक समूहों के वर्चस्व से कैसे बचेंगी? भर्ती में प्रभावशाली परिवारों और जातीय नेटवर्क की भूमिका कैसे खत्म होगी? कानून का राज तभी विश्वसनीय बनता है, जब सत्तारूढ़ दल से निकटता भी न्यायिक प्रक्रिया से बचाव की ढाल न बन सके। भाजपा विधायक रहे अशोक चंदेल को 2019 में इलाहाबाद हाई कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा मिली थी। कानून का राज विकास की पहली शर्त है। जिस प्रदेश में जमीन पर कब्जे का डर हो, माफिया का दबदबा हो, निवेशक असुरक्षित हो और गरीब को न्याय पाने के लिए सिफारिश खोजनी पड़े, वहां विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। कानून की समानता छोटे व्यापारी को भी उतना ही बल देती है, जितना बड़े उद्यमी को देती है। इसी तरह वह जितनी आजादी किसी आम परिवार की महिला को देती है, उतनी ही संपन्न घर की नारी को। योगी सरकार का जाति-आधारित राजनीतिक रैलियों और पुलिस दस्तावेजों में अनावश्यक जाति-उल्लेख को सीमित करने का कदम इसी दिशा में देखा जाना चाहिए। इसका अर्थ जातिगत अत्याचार को नकारना नहीं हो सकता-एससी/एसटी अत्याचार निवारण कानून में जाति की पहचान आवश्यक है।

योगी सरकार के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। पेपर लीक, पुलिस की मनमानी जैसी शिकायतों पर उसे संवेदनशील और कठोर, दोनों होना होगा। कानून का शासन केवल कठोर कार्रवाई का नाम नहीं। उसमें न्यायिक प्रक्रिया, संविधान की मर्यादा और निर्दोष के अधिकारों की सुरक्षा अनिवार्य है। यही योगी माडल की विश्वसनीयता की कसौटी भी है। उत्तर प्रदेश के सामने विकल्प जाति को स्वीकार करने या उसे नकारने का नहीं है। विकल्प यह है कि क्या जाति को स्थायी राजनीतिक खांचों में बदल दिया जाए या ऐसी संस्थाएं बनाई जाएं, जिनके सामने जाति की राजनीतिक उपयोगिता कम हो? योगी आदित्यनाथ की राजनीति की ताकत इसी दूसरे रास्ते में है। अखिलेश यादव का राजनीतिक गणित पुराना है कि सत्ता तक पहुंचने के लिए किन समूहों को जोड़ा जाए? योगी माडल प्रश्न उठाता है कि सत्ता मिलने के बाद राज्य हर नागरिक को क्या देगा? यूपी की जनता के लिए यही प्रश्न निर्णायक बनना चाहिए, क्योंकि बेहतर राजनीति वही है जिसमें जाति नहीं, नागरिकता और समीकरण नहीं, कानून का राज सर्वोपरि हो।

(लेखक जेएनयू में प्रोफेसर और 'द इंडियन एपुथर्स' के संस्थापक हैं)

response@jagran.com

तकनीक आधारित विकास को गति



डा. जितेंद्र सिंह

विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन विकसित भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक सार्थक पहल है



उपयोगी साबित होगा प्रौद्योगिकी के लिए साझा मंच। फाइल

फरवरी 2006 में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कहा था, 'समाज में परिवर्तन लाने का सबसे महत्वपूर्ण आधार मुख्य रूप से विज्ञान से ही आएगा।' लगभग दो दशक बाद कलाम जी के ये शब्द पूरी तरह सही सिद्ध हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तकनीक आधारित विकास को गति देते हुए 'विकसित भारत' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत की इस प्रगति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया है। वैज्ञानिक प्रगति का वास्तविक मूल्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाने, समस्याओं का समाधान करने और नए अवसर पैदा करने की उसकी क्षमता में निहित है।

भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षाएं केवल आर्थिक विकास और आधुनिक बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं हैं। इनमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, अधिक उत्पादक कृषि, मजबूत उद्योग, युवाओं के लिए अधिक अवसर और प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को सुधार भी शामिल हैं। इन सभी आकांक्षाओं को पूरा करने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि हम जो ज्ञान विकसित करें, वह सार्थक बदलाव लाने का माध्यम बने। यही उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2026 का व्यापक उद्देश्य है। आज से आरंभ हो रहा इसका दूसरा संस्करण ईएसटीआईसी 2025 में शुरू हुए राष्ट्रीय संवाद को ही आगे बढ़ा रहा है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और उनके व्यावहारिक उपयोग के बीच संबंधों को और मजबूत करना है। यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के अग्रणी लोगों, उद्यमियों और युवा शोधकर्ताओं को एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए एक मंच पर लाता है।

आज हमारे सामने कुछ ऐसे सवाल हैं- वैज्ञानिक प्रगति किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में किस तरह मदद कर सकती है? अनुसंधान के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है? उद्योग उन्नत प्रौद्योगिकियों विकसित कर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कैसे कर सकते हैं और आयात पर निर्भरता कैसे कम कर सकते हैं? युवाओं के लिए नए अवसर कैसे पैदा किए जा सकते हैं? इनके जवाब कोई एक संस्थान या विषय अपने दम पर नहीं दे सकता। इसके लिए विज्ञानियों को उद्योग जगत के साथ मिलकर काम करना होगा, शोधकर्ताओं की व्यावहारिक जरूरतों को समझना होगा और नीति-निर्माताओं को ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जिसमें संभावनाओं से भरे विचारों को परखा और विकसित किया जा सके।

ईएसटीआईसी इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्नत विनिर्माण, ऊर्जा प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, महासागर विज्ञान एवं समुद्री प्रौद्योगिकी, क्वांटम्म संचार, सेमीकंडक्टर, कृषि प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, उन्नत स्वास्थ्य सेवा, इमर्सिव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विज्ञान को समाहित किए हुए है। इनका दायरा प्रयोगशालाओं से कहीं आगे तक फैला हुआ है। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में प्रगति भारत की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत कर सकती है। जैव प्रौद्योगिकी में अनुसंधान स्वास्थ्य सेवाओं और विनिर्माण में नई राह खोल सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स में होने वाले विकास औद्योगिक प्रक्रियाओं को बदल सकते हैं, जबकि कृषि और ऊर्जा के क्षेत्र में वैज्ञानिक कार्य अधिक कुशल कार्यप्रणालियों को बढ़ावा दे सकते हैं।

भारत की वैज्ञानिक महत्वाकांक्षाएं अंततः उसके युवाओं की प्रतिभा पर निर्भर करेंगी। किसी शोधार्थी के पास कोई उपयोगी विचार है, तो उसे प्रस्तुत करने, अनुभवी विज्ञानियों से सीखने और ऐसे लोगों से जुड़ने का अवसर मिलना चाहिए, जो उस विचार को उपयोगी रूप देने में मदद कर सकें। ईएसटीआईसी इस प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। 'नेक्स्ट-जेन डिस्कवरी एक्सपो' में देश की अनुसंधान क्षमताओं और उभरते डीप-टेक तंत्र को दिखाया जाएगा, जबकि 'इनोवेशन एक्सचेंज हब' तकनीकों और संभावित सहयोग के अवसरों पर संवाद को बढ़ावा देगा।

वैज्ञानिक अनुसंधान और उद्यमिता को तेजी से एक-दूसरे का पूरक बनना होगा। अनुसंधान संस्थानों के पास वैज्ञानिक विशेषज्ञता है, स्टार्टअप उद्यमशीलता की ऊर्जा लेकर आते हैं, उद्योग जगत उत्पादन संबंधी आवश्यकताओं और बाजार की जरूरतों को समझता है, जबकि निवेशक इस पूरी प्रक्रिया के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करा सकते हैं। जब ये सभी क्षमताएं एक साथ आती हैं, तो अनुसंधान को उपयोगी उत्पादों और सेवाओं में बदलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ईएसटीआईसी ऐसी साझेदारियों को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है। इसके तकनीकी सत्रों और प्रदर्शनियों का उद्देश्य ऐसे संवाद और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना भी है, जिनसे आपसी सहयोग के नए रास्ते खुल सकें।

विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमारी सफलता केवल इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि हम कौन-सी खोजें करते हैं, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करेगी कि उन खोजों से लोगों के जीवन में कितना बदलाव आता है। यही ईएसटीआईसी के पीछे की व्यापक आकांक्षा है।

(लेखक केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री-स्वतंत्र प्रभार हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

अपनी कसौटी

जीवन का प्रवाह सदैव हमारी अपेक्षाओं के अनुकूल नहीं होता। कभी सफलता के सोपान पुष्पित होते हैं तो कभी विफलता के कंटक मार्ग अवरुद्ध कर देते हैं। ऐसे में हमारी अपनी कसौटी यदि अत्यधिक कठोर हो तो परिस्थितियों से संघर्ष करते-करते हम स्वयं ही टूटने लगते हैं। अपनी कसौटी का दृढ़ होना और उसका कठोर होना दो भिन्न स्थितियां हैं। सिद्धांतों के प्रति दृढ़ता व्यक्ति का संबल है, किंतु प्रत्येक परिस्थिति में एक ही दृष्टिकोण पर अड़े रहना उसकी सीमा बन जाता है। जिस प्रकार वृक्ष की शाखाएं वायु के वेग के साथ झुककर अपने अस्तित्व की रक्षा करती हैं, उसी प्रकार मनुष्य को भी समय और परिस्थितियों के अनुरूप अपने सोच एवं कार्यशैली अथवा अपनी कसौटी में परिवर्तन स्वीकार करना चाहिए।

जीवन में अनेक बार ऐसी दशाएं उपस्थित होती हैं, जिन पर हमारा नियंत्रण नहीं होता। दूसरों का व्यवहार, समय की प्रतिकूलता और परिस्थितियों का आकस्मिक परिवर्तन हमारी योजनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। यदि हम अपनी प्रसन्नता और आत्मविश्वास को बाह्य परिस्थितियों की अधीनता में सौंप देंगे तो हमारा आंतरिक संतुलन विचलित होता रहेगा। इसके विपरीत, जो व्यक्ति अपनी कसौटी को विवेकसम्मत लचीलापन प्रदान करता है, वह प्रतिकूलताओं में भी संभावनाओं का अन्वेषण कर लेता है। सफलता हेतु आवश्यक है कि हम अपने मूल्यों को अक्षुण्ण रखते हुए अपनी अपेक्षाओं, दृष्टिकोण और निर्णयों में परिवर्तन के लिए स्थान बनाएं। जीवन में वही व्यक्ति दृढ़ होता है, जो टूटने की अपेक्षा झुकना, ठहरने की अपेक्षा दिशा बदलना और परिस्थितियों से पराजित होने की अपेक्षा उनसे सीखना जानता है। अपनी कसौटी ऐसी होनी चाहिए, जो हमें बांधे नहीं, बल्कि बदलते समय में भी हमारे व्यक्तित्व की गरिमा और मानसिक संतुलन को सुरक्षित रखे।

प्रेरणा अवस्थी

तकनीक से संवरती भाषाई विरासत

धेंद्रराज सुथार

डिजिटल इंडिया भाषिणी और आइआइएससी बेंगलुरु ने मिलकर टेक्स्ट टू स्पीच माडल विकसित किया है

भारतीय भाषाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने की दिशा में एक और अहम पहल सामने आई है। डिजिटल इंडिया भाषिणी और आइआइएससी बेंगलुरु ने मिलकर टेक्स्ट टू स्पीच माडल विकसित किया है। यह ऐसे समय में हुआ है जब वैश्वीकरण के दबाव में कई क्षेत्रीय और अल्पसंख्यक बोलियां धीरे-धीरे अपना वजूद खोने की कगार पर हैं। एआइ का इस्तेमाल किसी भाषा को बचाने और उसे नई पहचान देने में हो तो यह इस बात का प्रमाण है कि तकनीक केवल कारोबार का साधन नहीं, सांस्कृतिक जड़ों को सींचने का माध्यम भी बन सकती है।

सौराष्ट्र भाषा का इतिहास हमारे समाज के प्रवास और अनुकूलन की कहानी कहता है। यह इंडो आर्यन भाषा मूल रूप से गुजरात से जुड़ी है, लेकिन आज इसके बोलने वाले मुख्य रूप से तमिलनाडु के मदुरै, तंजावुर और आसपास के इलाकों में बसे हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार इसे मातृभाषा मानने वालों की संख्या लगभग 2.5 लाख है। इस भाषा की अपनी लिपि है, पर चलन घटने से अब इसे ज्यादातर देवनागरी, तमिल या रोमन में लिखा जाता है। डिजिटल सामग्री की कमी के कारण इसे तकनीक की दुनिया में कम संसाधन वाली भाषा माना जाता रहा।

राष्ट्रीय भाषा मिशन के तहत बनी यह ऐसी एआइ प्रणाली है, जो डीप लर्निंग की मदद से लिखे शब्दों को स्वाभाविक मानवीय आवाज में बदलती है। इसमें उच्चारण और भावों की स्वाभाविकता पर खास ध्यान दिया गया है। जब कोई समुदाय अपनी बोली को डिजिटल मंच पर जीवंत आवाज में सुनता है तो उसमें अपनी पहचान के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है। इस पहल का व्यावहारिक पक्ष भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। देश में बड़ी आबादी अपनी भाषा में बातचीत तो आसानी से कर लेती है, पर स्क्रीन पर लिखा पढ़ने में दिक्कत महसूस करती है। इसका नुकसान गांव और दूरदराज के लोगों को उठाना पड़ता है, जो सरकारी योजनाओं, खेती की जानकारी, स्वास्थ्य सेवाओं और बैंकिंग का पूरा लाभ नहीं ले पाते। अब सौराष्ट्र भाषी जरूरी जानकारी अपनी ही भाषा में सुन सकेंगे।

हालांकि सीमित डाटा, बोलने वालों की घटती संख्या और डन तक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित करना आसान काम नहीं है। जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें तथा शोध संस्थान इस माडल को केवल एक परियोजना तक सीमित न रखें। आवाज के नमूने जुटाने से लेकर उपयोग तक में स्थानीय समुदाय की भागीदारी हो और यही तरीका अन्य उपेक्षित भाषाओं के लिए भी अपनाया जाए। तभी हमारी भाषाई विरासत आधुनिक तकनीक के सहारे आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंच सकेगी।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

राजनीति का गिरता स्तर

'कांग्रेस की बिगड़ी भाषा' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की 'मोदी का बाप भी जाएगा' जैसी अमर्यादित टिप्पणी के बहाने विपक्षी राजनीति के गिरते स्तर को रेखांकित करता है। लगातार चुनावी पराजयों से उपजी खीझ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके दिवंगत माता-पिता और संवैधानिक संस्थाओं पर कीचड़ उछालने की प्रवृत्ति कहीं नेतृत्व की राजनीतिक हताशा को उजागर करती है। सोनिया गांधी के 'मौत का सौदागर' और 'जहर की खेती' जैसे बयानों से लेकर मणिशंकर अय्यर के 'नीच' और 'चायवाला' तथा राहुल गांधी के 'खून की दलाली', 'डंडे पड़ेंगे' और 'पनौती' जैसे जुमलों तक, यह सिलसिला किसी क्षणिक आवेश का नहीं, बल्कि राजनीतिक संवाद को विषाक्त बनाने वाली प्रवृत्ति का परिचायक है। 'चौकीदार चोर है' के नारे पर सर्वोच्च न्यायालय में माफी मांगने से भी यदि सबक नहीं लिया गया तो नेतृत्व की जवाबदेही पर सवाल उठना स्वाभाविक है। शीर्ष नेतृत्व जब 'वोट चोरी' के आरोपों से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है और पार्टी के नेता व्यक्तिगत आक्षेपों को उच्चतम हथियार बनाते हैं तो कार्यकर्ताओं के बीच भी अमर्यादित आचरण को बढ़ावा मिलता है। काकरोच जनता पार्टी के अशिष्ट तत्वों द्वारा जंतर-मंतर पर प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां को दी गई अभद्र गालियों का बचाव इसी प्रवृत्ति की गंभीर परिणति है।

प्रमोद कुमार गोयल, मेरठ

मेलबाक्स

ट्रंप की साख दांव पर

अमेरिका में तीन नवंबर 2026 को होने वाले मध्यवधि चुनाव केवल प्रतिनिधि सभा और सीनेट की नई संरचना तय करने तक सीमित नहीं हैं। ये चुनाव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों, नेतृत्व क्षमता और राजनीतिक लोकप्रियता की भी बड़ी परीक्षा बनने जा रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दो वर्ष बाद होने वाले इन चुनावों में अमेरिकी मतदाता यह तय करेंगे कि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत बनाए रखने का अवसर मिले या विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को सरकार पर अंकुश लगाने की शक्ति हासिल हो। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में इन चुनावों का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि इनके परिणाम ट्रंप के शेष कार्यकाल की दिशा और 2028 के राष्ट्रपति चुनाव की राजनीतिक जमीन को प्रभावित कर सकते हैं। अमेरिकी चुनाव व्यवस्था में मध्यवधि चुनाव की विशेष भूमिका है। राष्ट्रपति का कार्यकाल चार वर्ष का होता है, जबकि प्रतिनिधि सभा के सदस्यों का चुनाव प्रत्येक दो वर्ष पर होता है। सीनेट के सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है और लगभग एक-तिहाई सीटों पर प्रत्येक दो वर्ष में चुनाव कराया जाता है। इस बार प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और सीनेट की 100 में से 35 सीटों पर चुनाव होना है। इसके अतिरिक्त 39 राज्यों में गवर्नर पद के लिए भी मतदान होगा। इस प्रकार अमेरिकी मतदाता राष्ट्रीय विधायिका के साथ-साथ कई राज्यों के राजनीतिक नेतृत्व का भविष्य भी तय करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी राजनीति में अमेरिका को आर्थिक और सामरिक रूप से अधिक शक्तिशाली बनाने, अवैध आव्रजन पर रोक लगाने तथा अमेरिकी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का वादा किया है। यदि डेमोक्रेटिक पार्टी को बढ़त मिलती है तो प्रशासन को अधिक संसदीय निगरानी और राजनीतिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है। लोकतंत्र में सत्ता का मूल्यांकन केवल नारों और वादों से नहीं, बल्कि शासन के परिणामों से होता है। राष्ट्रपति चाहे कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, मतदाता के आर्थिक अनुभव, सुरक्षा संबंधी चिंताएं और भविष्य की उम्मीदें उसकी राजनीतिक ताकत को निर्धारित करती हैं। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव इसी लोकतांत्रिक कसौटी की एक महत्वपूर्ण परीक्षा बनने जा रहे हैं।

युगल किशोर राही, छपरा

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : (0120)-4615800, E-mail: delhi@inda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।


डा. सुकांशिका वत्स
असिस्टेंट प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय

आजकल

डिजिटल संप्रभुता का महत्वपूर्ण प्रश्न

राजनीति विज्ञान में संप्रभुता की कल्पना लंबे समय तक भूगोल से जुड़ी रही है। निश्चित भूभाग, जनसंख्या, शासन और उस क्षेत्र में सर्वोच्च राजनीतिक प्राधिकार इसके मुख्य कारक हैं। लेकिन इंटरनेट ने सत्ता और निर्भरता का एक नया भूगोल बना दिया है। आज किसी देश की शक्ति केवल इस बात से तय नहीं होती कि उसकी सीमाएं कितनी सुरक्षित हैं, बल्कि इससे कि उसका डाटा कहां सुरक्षित रहता है एवं उसकी आवश्यक सेवाएं किन डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर हैं


प्रतीकात्मक

भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 111 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यूपीआइ ने भुगतान की हमारी आदत को पूरी तरह से बदल दिया है। ऐसे में हमारे समक्ष अब डिजिटल संप्रभुता का बड़ा प्रश्न भी खड़ा हो गया है। भारत के मामले में यह प्रश्न विशेष रूप से रोचक है, क्योंकि भारत इंटरनेट क्रांति का केवल उपभोक्ता बनकर नहीं रहा। उसने उसके साथ अपनी क्षमताएं भी विकसित की हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि दुनिया की विशाल डिजिटल व्यवस्था ऐसी अनेक अदृश्य तकनीकी परतों पर खड़ी है जिनकी मौजूदगी के बारे में अधिकांश लोगों को पता तक नहीं है। यही इंटरनेट की शक्ति भी है और उसकी संवेदनशीलता भी।

डिजिटल अर्थव्यवस्था : हम सड़क देखते हैं, रेलवे लाइन देखते हैं। इसलिए उन्हें अवसंरचना मानना सहज है। लेकिन क्लाउड सेवाएं, डाटा केंद्र, समुद्र के नीचे बिछी केबलें, उपग्रह संकेत और सटीक समय भी अब उतने ही महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक तत्व बन चुके हैं। इन सबको जोड़ने वाली एक और अदृश्य चीज है : भरोसा। डिजिटल अर्थव्यवस्था वास्तव में भरोसे की अर्थव्यवस्था है। जब हम यूपीआइ से पांच हजार रुपये भेजते हैं, हम हर चरण की जांच नहीं करते। हमें भरोसा होता है कि भेजी गई राशि बदली नहीं जाएगी, सही व्यक्ति तक पहुंचेगी और उसका रिकार्ड सुरक्षित रहेगा। बैंक को अपने डिजिटल बही-खाते पर भरोसा चाहिए। व्यापारी को भुगतान की पुष्टि पर। बाजार को लेनदेन के समय और प्रामाणिकता पर।

इसलिए डाटा सुरक्षा का अर्थ केवल यह नहीं कि कोई डाटा चुरा न सके। उसका अर्थ यह भी है कि सूचना सही हो, बदली न गई हो और आवश्यकता के समय उपलब्ध हो। यही भरोसा डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति देता है। और यही कारण है कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं रह सकती। जब भुगतान, व्यापार, संचार, परिवहन व शासन का बड़ा हिस्सा डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर हो, तब उन प्रणालियों की विश्वसनीयता आर्थिक शक्ति का हिस्सा बन जाती है।

वस्तुतः राजनीति शक्ति का अध्ययन है, लेकिन निर्भरता भी शक्ति का ही एक रूप है। कोई देश किन तकनीकों पर निर्भर है? महत्वपूर्ण डिजिटल मानक कौन तय करता है? किसी आवश्यक सेवा के बाधित होने पर विकल्प किसके पास है? संकट के समय व्यवस्था को पुनः चालू करने की क्षमता कहां स्थित है? डिजिटल संप्रभुता इन्हीं प्रश्नों का उत्तर खोजती है। लेकिन इसका अर्थ डिजिटल अलगाव नहीं होना चाहिए। भारत न हर चिप स्वयं बनाएगा, न हर साफ्टवेयर और सर्वर। इंटरनेट की पूरी संरचना ही परस्पर निर्भरता पर बनी है। डिजिटल संप्रभुता का अर्थ दुनिया से तकनीकी संबंध तोड़ना नहीं, एकतरफा और अज्ञात निर्भरताओं को कम करना है। इसलिए 'नाविक' का महत्व केवल अपना जीपीएस होने में नहीं है। महत्व यह है कि एक महत्वपूर्ण क्षमता के लिए भारत के पास अपना विकल्प मौजूद है। भारतीय मानक समय का महत्व केवल अपनी घड़ी रखने में नहीं है। डिजिटल प्रणालियों के लिए प्रमाणित और विश्वसनीय समय उपलब्ध कराने की स्वदेशी क्षमता महत्वपूर्ण है।

आर्थिक गतिविधि जितनी अधिक डिजिटल होगी, उतना बड़ा आक्रमण-क्षेत्र होगा। जितनी अधिक सेवाएं आपस में जुड़ेंगी, किसी एक कमजोर कड़ी के प्रभाव के फैलने की संभावना उतनी बढ़ेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) ने इस दौड़ को और तेज कर दिया है। इसलिए भविष्य की साइबर शक्ति केवल बेहतर फायरवाल से तय नहीं होगी। वह इस बात से तय होगी कि कमजोरी कौन पहले खोजता है, उसे कौन पहले समझता है, कौन सबसे तेजी से सुधार करता है और संकट के बाद कौन सबसे जल्दी सामान्य हो सकता है। यहीं भारत को अगली छलांग लगानी है। हमने इंटरनेट उपयोगकर्ता बनाए। अब हमें इंटरनेट और साइबर सुरक्षा के शोधकर्ता भी उसी पैमाने पर तैयार करने होंगे।

विश्वविद्यालयों में साइबर नीति, डिजिटल संप्रभुता, महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना और प्रौद्योगिकी की भू-राजनीति पर गंभीर अंतरविषयी शोध की आवश्यकता है। इंजीनियरिंग, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, विधि और लोक प्रशासन को इस विषय पर एक-दूसरे से बात करनी होगी। उद्योग और विश्वविद्यालयों के बीच की दूरी विशेष रूप से कम करनी होगी।

साइबर नीति प्रयोगशालाएं, उद्योग-अकादमिक शोध, नियमित साइबर अभ्यास, तनाव-परीक्षण और विफलता-परिदृश्यों का अध्ययन अब वैकल्पिक गतिविधियां नहीं हैं। इन्हें राष्ट्रीय क्षमता निर्माण का हिस्सा समझना होगा। भारत ने इंटरनेट की पहली बड़ी दौड़ में पीछे रहने के बजाय उसके साथ चलना चुना। उसने विशाल डिजिटल बाजार बनाया, लेकिन केवल बाजार बनकर नहीं रुका उसने भुगतान, उपग्रह नौवहन और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में अपनी क्षमताएं भी खड़ी कीं। इस यात्रा का अगला चरण अधिक कठिन है। डिजिटल शक्ति का अर्थ केवल अधिक लोग आनलाइन होना नहीं है। डिजिटल शक्ति वह है जिसमें किसी देश को अपनी निर्भरताओं का पता हो, उनके जोखिम का ज्ञान हो, जरूरी क्षेत्रों में उसके पास विकल्प हों और संकट में व्यवस्थाएं काम करती रहें। भारत ने इंटरनेट की गति के साथ चलना सीख लिया है। उसकी सुरक्षा की गति इंटरनेट से पीछे नहीं रहे। क्योंकि डिजिटल युग में तकनीक केवल आर्थिकी चलाने का साधन नहीं रही, शक्ति व संप्रभुता का नया भूगोल बन रही है।

इंटरनेट आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

ज्योति रंजन पाठक

इक्कीसवीं सदी में इंटरनेट केवल सूचना और संचार का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति, बाजार और रोजगार को पुनर्परिभाषित करने वाला निर्णायक साधन बन चुका है। भारत में यूपीआइ के माध्यम से चाय की दुकान से लेकर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक डिजिटल भुगतान की सुविधा है। आनलाइन बाजारों ने छोटे कारोबारियों को नए ग्राहक दिए हैं, वहीं घर बैठे सेवाएं उपलब्ध कराने वाले डिजिटल मंचों ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। लेकिन इस चमकदार तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। एक ओर डिजिटल भुगतान ने लेनदेन आसान बनाया है, तो दूसरी ओर फर्जी काल और संदेशों के जरिये लोगों की मेहनत की कमाई ठगी जा रही है। इंटरनेट आधारित अर्थव्यवस्था का लाभ उठाने के लिए केवल इंटरनेट कनेक्शन पर्याप्त नहीं है। इसके लिए स्मार्टफोन, डिजिटल साक्षरता और तकनीक का सुरक्षित उपयोग करने की क्षमता भी जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और डिजिटल सुविधाओं से वंचित लोगों के लिए इन संसाधनों तक पहुंच कठिन हो सकती है। परिणामस्वरूप, एक ओर डिजिटल रूप से सक्षम नागरिकों के लिए नए अवसर पैदा होते हैं, तो वहीं दूसरी ओर कमजोर वर्ग पीछे छूटने का जोखिम उठाते हैं। डिजिटल आर्थिकी का विस्तार समावेशी विकास के लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए।

यह सही है कि डिजिटल लेनदेन ने नकदी पर निर्भरता घटाने और वित्तीय सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन इसके साथ आनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी सेंडिंगें, पहचान की चोरी और बैंक खातों से धन निकालने जैसी घटनाओं का खतरा भी बढ़ा है। साइबर अपराधियों की कार्यप्रणाली लगातार बदल रही है। तकनीकी जानकारी का अभाव और लालच अथवा भय पैदा करके लोगों से गोपनीय जानकारी हासिल करना इन अपराधों को बढ़ावा देता है। ऐसे में केवल तकनीकी सुरक्षा पर्याप्त नहीं होगी। बैंकों, भुगतान कंपनियों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित शिकायत निवारण तथा व्यापक डिजिटल जागरूकता आवश्यक है।

आनलाइन बाजार ने छोटे कारोबारियों को व्यापक ग्राहक वर्ग तक पहुंचने का अवसर दिया है। इसके बावजूद बड़ी डिजिटल कंपनियों की बाजार में मजबूत स्थिति छोटे व्यापारियों के सामने प्रतिस्पर्धा की कठिनाइयां पैदा कर सकती है। डिजिटल अर्थव्यवस्था में व्यक्तिगत जानकारी स्वयं एक महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधन बन गई है। उपभोक्ताओं की पसंद, खरीदारी और व्यवहार से संबंधित आंकड़ों का उपयोग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है, लेकिन इनके अनधिकृत संग्रह और दुरुपयोग से निजता प्रभावित होती है।

इंटरनेट आधारित अर्थव्यवस्था की एक अन्य चुनौती तकनीकी निर्भरता है। क्लाउड सेवाओं, महत्वपूर्ण डिजिटल प्रणालियों और विदेशी तकनीकी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भरता से आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। साइबर हमलों या तकनीकी व्यवधानों की स्थिति में बैंकिंग, व्यापार और आवश्यक सेवाओं का संचालन बाधित होने का जोखिम रहता है। इसलिए घरेलू तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करना, सुरक्षित डिजिटल बुनियादी ढांचा विकसित करना और आपातकालीन व्यवस्था तैयार रखना जरूरी है। अंततः, इंटरनेट आधारित अर्थव्यवस्था का उद्देश्य केवल लेनदेन की गति को बढ़ाना या कारोबार को डिजिटल बनाना तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसकी वास्तविक सफलता इस बात से तय होगी कि इससे कितने लोगों को बेहतर रोजगार, सुरक्षित वित्तीय सेवाएं और आर्थिक प्रगति के समान अवसर मिलते हैं। तकनीक तभी विकास का प्रभावी माध्यम बनेगी, जब उसके लाभ व्यापक हों और उसकी चुनौतियों का समाधान समय रहते किया जाए।

(आर्थिक मामलों के जानकार)

खरी-खरी

लाठी का साथ

ब्रजेश कानूनगो

लाठी बड़ी विचित्र चीज है। अपने हाथ में हो तो सहारा देती है, दूसरे के हाथ में हो तो डराती है। अपनी लाठी में आत्मविश्वास दिखाई देता है, दूसरे की लाठी में कानून-व्यवस्था का संकट। लाठी की सबसे बड़ी खूबी है कि उसे अपना पक्ष रखने के लिए शब्दों की जरूरत नहीं पड़ती। वह बहस में शमिल नहीं होती, बहस खत्म कर देती है। तर्क कहता है- मेरी बात सुनिए, लाठी कहती है- पहले मेरी बात मानिए।

इसीलिए लाठी केवल लकड़ी नहीं, ताकत का सबसे सरल व्याकरण है। जिसके हाथ में होती है, वह वाक्य बनाता है; जिसके सामने होती है, वह विराम चिह्न बन जाता है। बचपन में हमने लाठी को बुजुर्गों का सहारा माना था। तब लगता था कि आदमी कमजोर होता है, इसलिए लाठी पकड़ता है। उम्र बढ़ी तो समझ आया कि मामला उलटा भी हो सकता है: कभी-कभी आदमी इसलिए लाठी पकड़ता है, ताकि बाकी लोग खुद को कमजोर महसूस करें।

सत्ता के गलियारों में लाठी थोड़ी सभ्य हो जाती है। वहां वह हाथ में कम, अधिकार में अधिक दिखाई देती है। आदेश उसकी आवाज है और असहमति उसकी परीक्षा। अपनी लाठी की व्यवस्था कहा जाता है, दूसरे की लाठी को अराजकता।

राजनीति में लाठी का एक और कमाल है। जब अपनी तरफ उठे तो वह संघर्ष का प्रतीक होती है, दूसरी तरफ उठे तो हिंसा का। अपनी लाठी जनता की आवाज है, विपक्ष की लाठी कानून की समस्या। यानी लाठी की नैतिकता भी हाथ देखकर तय होती है। समाज में भी यही नियम चलता है। सबसे लाठी का नहीं, अधिकार का है।

समय के साथ लाठी ने अपना रूप जरूर बदला है, स्वभाव नहीं। हर बार वह लकड़ी की नहीं होती। कभी पद उसका डंडा बन जाता है, कभी प्रभाव उसका पैसा, कभी पैसा उसकी पकड़। मगर सिद्धांत वही रहता है- जिसके हाथ में वह है, उसकी बात में वजन है।

हमें लाठी से नहीं, बस उसकी दिशा से आपत्ति हो जाती है। जब वह हमारी तरफ से उठती है तो न्याय की रक्षा करती है। जब हमारी तरफ उठकर आती है तो न्याय की याद दिलाने लगती है।

एक्स पोस्ट

कांग्रेस नेताओं के बयान दर्शाते हैं कि निरंतर होती पराजय से उपजी हताशा और कुंठा अभद्र भाषा को जन्म देती है। यह सियासी एसिडिटी, जिसके लिए कोई एंटासिड बना ही नहीं। अमिताभ अग्निहोत्री @Aamitabh2

ब्राजील में लूला ने अस्सी वर्ष की आयु में चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीतकर कमाल कर दिया।उन्होंने साबित कर दिया कि लोकप्रियता और बढ़ती उम्र का कोई संबंध नहीं।

अखिलेश शर्मा @akhileshsharma1


लूला की जीत के गहरे भू-राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। इससे जहां ट्रंप को झटका लगेगा, वहीं ब्रिक्स को ताकत मिलेगी।लूला विरोधी और ट्रंप समर्थक बोलसोनारो के जीतने से यह स्थिति उलट हो सकती थी। भारत के लिए भी लूला की जीत उचित है।

कंवल सिबल @KanwalSibal

एक नया चलन दिख रहा है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सेवानिवृत्ति के बाद किताब लिखते हैं। इसमें कोई बुराई नहीं, पर कुछ भी ऊल-जुलूल लिख जा रहा है, ताकि विवाद हो और किताब की बिक्री बढ़े। जब तक नौकरी तब तक उससे मलाई, फिर किताब से कमाई।

शैलेश सिंह परिहार @PShaileshsingh

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या यूट्यूब पर कंटेंट क्रिएटर्स के लिए कुछ नियमावली बनाया जाना चाहिए?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या शत प्रतिशत एथनाल वाली कारों को मंजूरी देने से कच्चे तेल के आयात में कटौती करने में मदद मिलेगी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

जितनी चाही गालियां दे डालो शिशुपाल,
इक-इक गाली गिन रहा इब्मिनाम से काल।
इब्मिनाम से काल रहो तुम देते गाली,
कांपेगी इक रोज सभा दुर्दांधन वाली !
कलियुग के शिशुपाल गालियां दोगे कितनी,
बढ़ती जाए हार बढ़ेगी गाली जितनी !!

-ओम प्रकाश तिवारी


अजय शुक्ला
ajay.shukla@lko.jagran.com

उत्तर प्रदेश डायरी

सवाल के साथ संवाद भी जारी

जब दिल्ली में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर सड़क पर आक्रोश फैला है और पहली नवंबर को विपक्ष की रैली की लेकर शोर है, तब उत्तर प्रदेश में जो हो रहा है, वह अहसास कराता है कि उत्तर प्रदेश अब वास्तव में 'प्रश्न' प्रदेश नहीं 'उत्तर' प्रदेश बन गया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब देशभर में निर्वाचन आयोग पर सिर्फ सवाल उठाए जा रहे हैं और आलोचना हो रही है, तब उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल सपा और राज्य निर्वाचन आयोग के बीच जिस प्रकार का सकारात्मक संवाद चल रहा, वह उदाहरण है कि प्रदेश में हवा थोड़ी अलग है।

दरअसल, सपा अध्यक्ष ने पहले आरोप यह लगाया कि मतदाता सूची में प्रदेश के 100 विधानसभा क्षेत्रों में एक लाख मतदाताओं के नाम डुप्लीकेट हैं। फिर उन्होंने 19.20 लाख फर्जी मतदाता बनाने के आरोप के साथ आजमगढ़ के विकास यादव को पेश कर उनका नाम मतदाता सूची में दस जगह दर्ज होने की बात कही। इस पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि यदि उनकी मंशा सही थी, तो इतने बड़े आरोप लगाने से पहले पर्याप्त समय देना चाहिए था। उन्होंने इस काम के लिए महीनों का समय लिया, निर्वाचन आयोग को भी जांच के लिए कम से कम कुछ दिन का समय दिया जाना चाहिए था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सपा की मंशा पर सवाल उठाए तो सपा प्रमुख ने पूछा कि जब आम लोग मतदाता सूची की गड़बड़ियां पकड़ सकते हैं, तो पूरा तंत्र होने के बावजूद निर्वाचन आयोग अपनी गलतियां क्यों नहीं पकड़ पा रहा है? इस पर रिणवा ने एक्स पर जवाब दिया- 'वाजिब सवाल है।' रिणवा ने इसके उत्तर में सपा प्रमुख की पोस्ट को टैग करते हुए लिखा, 'निर्वाचन आयोग एआइ तकनीक का प्रयोग नहीं करता है, लेकिन समय-समय पर डुप्लीकेट वोटरों को मतदाता सूची से हटाने का काम किया जाता है।' इसके बाद निर्वाचन आयोग ने आजमगढ़ की सूची जांचने के निर्देश दिए। इसी बीच पीलीभीत का मामला भी निकल आया। पीलीभीत में पाया गया कि सदर विधानसभा की सूची में 10 हजार से अधिक एपिक नंबर से जारी मतदाता पहचान पत्र का विवरण गलत दर्ज है। यह अभी तक प्रश्न है कि पीलीभीत में मतदाता सूची में जो घालमेल हुआ, वह जानबूझकर किया गया या लापरवाही मात्र था।


अखिलेश यादव। फाइल


नवदीप रिणवा। फाइल

मूल प्रश्न पर लौटते हैं। वाजिब सवाल है। निर्वाचन आयोग के इस वाक्य के कई मायने निकाले गए। माना गया कि यह सपा व आयोग के बीच सिर्फ जुमलेबाजी है। लेकिन ऐसा नहीं था। निर्वाचन आयोग ने न केवल 10 हजार से ऊपर इन मतदाताओं के नाम दुरुस्त करने का अभियान शुरू किया, बल्कि तत्कालीन ईआरओ (एसडीएम स्तर का अधिकारी) व बीएलओ पर एफआइआर दर्ज कराई। आजमगढ़ में भी यही कार्रवाई की। निर्वाचन आयोग की इस कार्रवाई के कायल अखिलेश यादव भी हुए और उन्हें कहना पड़ा कि यह एक 'अच्छी शुरुआत' है। अखिलेश अब यह भी उम्मीद जता रहे हैं कि शायद पिछली शिकायतों पर भी ऐसी ही कार्रवाई होगी।

गठबंधन की विसात पर सीटों का दांव : सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर खींचतान तेज है। कांग्रेस ने 200 सीटों पर दावेदारी की है, जबकि सपा 60 सीटों से मोलभाव शुरू करने की तैयारी में है। बातचीत में पिछले चुनावों के आंकड़ों के साथ जीत की संभावना प्रमुख आधार होगी। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 399 सीटों पर लड़कर केवल दो सीटें जीत सकी थी, जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 37 और कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं। विधानसभा क्षेत्रों के लिहाज से सपा को 183 और कांग्रेस को 39 सीटों पर बढ़त मिली थी। इसके साथ कांग्रेस इस दावे को भी आधार बना रही है कि तब गठबंधन को बड़ी जीत राहुल गांधी के कारण मिली।

इस बात पर अब भी पेच है कि कांग्रेस सपा के साथ चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी, स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी और ऐसे ही अन्य छोटे राजनीतिक दलों को भी गठबंधन के पाले में रखना चाहती है, पर सपा इस पर संशय है। कांग्रेस की इस चाहत के पीछे भाजपा की वह रणनीति है, जिसमें वह चाहती है कि यदि उसका वोट उससे कटे तो विपक्ष के पाले में जाने के बजाय किसी तीसरे खेमे में जाए। इससे उसे परोक्ष लाभ होगा।

बहरहाल, प्रदेश में सीटों के बंटवारे का द्वंद्व चरम पर है, चाहे वह भाजपा पाले का हो या सपा का। अन्य दल इन्हीं दो पालाबंदियों के बीच अपना वजूद तलाशेंगे। सपा-कांग्रेस के बीच बातचीत चल रही है और उम्मीद है कि दोनों दल व्यावहारिक राजनीति के तकाजे को ध्यान में रख नतीजे पर पहुंच जाएंगे।

मंथन


आभा मिश्रा
निदेशक, पालिसी विद इंडिया फाउंडेशन

सुधरे ग्रामीण सेहत की तस्वीर

ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने में आशा कर्मियों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संकट के समय सबसे पहले इन्हें ही याद किया जाता है

किसी भी राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता का आकलन केवल अस्पतालों की संख्या, आधुनिक मशीनों और डाक्टरों की उपलब्धता से नहीं किया जा सकता। इसकी असली कसौटी है कि किसी दूरस्थ गांव में बीमार पड़े बच्चे, प्रसव पीड़ा से गुजरती महिला या मलेरिया की आशंका वाले मरीज को समय पर मदद मिल रही है या नहीं। यह संभव कर दिखाया है देश में निचले स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध करा रही आंगनबाड़ी व आशा कर्मियों ने। केंद्र सरकार और अधिकांश राज्यों की सरकारों की तरफ से इन कर्मियों को मिल रहे प्रोत्साहन से इन कर्मियों ने इस चुनौती को पूरा किया है।

बीते एक दशक में देश के कई राज्यों में मानदेय में हुई वृद्धि से इन कर्मियों की संख्या में मजबूती आई है। ये कर्मी देश के दुर्गम स्थानों पर भी स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। दिलचस्प है जिन आशा कार्यकर्ताओं की अवधारणा का देश भर में विस्तार हुआ, उसकी प्रेरणा छत्तीसगढ़ की मितानिन (सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रम) ही हैं। प्रदेश में 72 हजार मितानिनों का नेटवर्क उन गांवों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बनाने में भूमिका निभा रहा है जहां अस्पतालों की दूरी, आवागमन की कठिनाइयां और जागरूकता का अभाव आज भी बड़ी चुनौती है।

मितानिन केवल स्वास्थ्य विभाग और ग्रामीण परिवारों के बीच संपर्क का माध्यम नहीं हैं। वे समुदाय का भरोसा हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों के टीकाकरण, नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, संक्रामक बीमारियों की पहचान और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी पहुंचाने तक उनकी भूमिका है। आदिवासी समाज में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर खुलकर बात करना कई बार कठिन होता है। ऐसे में उसी गांव और सामाजिक परिवेश से जुड़ी मितानिन उनके लिए सहज संवाद का माध्यम बनती हैं। जरूरत पड़ने पर वे मरीज को अस्पताल ले जाने में मदद करती हैं और इलाज की प्रक्रिया में परिवार का मार्गदर्शन भी करती हैं।

छत्तीसगढ़ ने 2002 में मितानिन कार्यक्रम शुरू किया था। बाद में इसी अनुभव से प्रेरित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता माडल को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार मिला व आशा कार्यकर्ताओं का नेटवर्क विकसित हुआ। इस पहल ने दिखाया कि स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्थानीय समुदाय की भागीदारी कितनी अहम है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने मितानिनों के लिए बजटीय प्रविधान बढ़ाने और भुगतान व्यवस्था को पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है।

मितानिनों का काम किसी एक बीमारी या स्वास्थ्य कार्यक्रम तक सीमित नहीं है। वे नियमित टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर मलेरिया, टीबी और डायरिया जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने तक अनेक जिम्मेदारियां निभाती हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी सामुदायिक स्तर पर सर्वेक्षण, लोगों को सावधानियों की जानकारी देने और टीकाकरण के लिए प्रेरित करने में उनकी भूमिका रही। स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने जब संकट आता है, तब यही स्थानीय नेटवर्क सरकारी निर्देशों को घर-घर तक पहुंचाने में मदद करता है। बस्तर में मलेरिया उन्मूलन इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, जंगलों में बसे गांवों और स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच की कठिनाइयों के कारण यह क्षेत्र लंबे समय से मलेरिया की चुनौती का सामना करता रहा है।


ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की गांवों में महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है। फाइल


मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की अहमियत स्पष्ट है। गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच के लिए प्रेरित करना, खतरे के लक्षणों को पहचानना, संस्थागत प्रसव की सलाह देना और जन्म के बाद मां तथा नवजात की देखभाल के बारे में समझाना मितानिनों के काम का हिस्सा है। यह इनके प्रयास का ही परिणाम है कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ में ग्रामीण शिशु मृत्यु दर 95 प्रति हजार थी जो वर्ष 2024 तक घटकर 37 पर आ गई। मातृ मृत्यु दर भी 2016-18 में 159 प्रति एक लाख से गिरकर वर्ष 2026 में 124 पर पहुंच चुकी है, जो बड़ी उपलब्धि है।

छत्तीसगढ़ का मितानिन नेटवर्क सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ा उदाहरण है। अस्पतालों और चिकित्सा उपकरणों में निवेश अनिवार्य है, लेकिन उनकी उपयोगिता तब बढ़ती है जब लोगों को समय पर उपचार की जानकारी मिले, वे स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचें और उपचार पूरा करें। यह काम स्थानीय भरोसे और निरंतर संपर्क से संभव होता है। मितानिनें इसी भरोसे को व्यवहार में बदलती हैं। स्वस्थ छत्तीसगढ़ की राह अस्पतालों से होकर जरूर गुजरती है, लेकिन उसकी शुरुआत गांव की उस मितानिन से होती है, जिस पर संकट की घड़ी में सबसे पहले भरोसा किया जाता है।

आरईसी लिमिटेड का शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरईसी लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत घटकर 3,477.73 करोड़ रुपये रहा है। इसका प्रमुख कारण संचालन राजस्व में कमी आना रहा है। जुलाई-सितंबर 2025 में कंपनी को 4,414.93 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। कंपनी के बोर्ड ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 3 .50 रुपये प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। (भाषा)

ब्याज दरों में बढ़ोतरी के दौर की शुरुआत से उपभोग या विवेकाधीन क्षेत्रों से कर्ज की मांग पर असर पड़ सकता है। हालांकि, इससे खुदरा संपत्ति गुणवत्ता पर कोई खास बुरा असर पड़ने की संभावना नहीं है।
– रवीश सेठ, चेयरमैन, एसबीआइ



सेंसेक्स	73,606.75 ▲ 482.92	निफ्टी	22,753.20 ▲ 153.20	सोना प्रति दस ग्राम	₹1,46,300 ▲ ₹200	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹2,02,000 बदलाव नहीं	डालर	₹95.15 ▲ ₹0.22	क्रूड प्रति बैरल	$114.8

एक नजर में

पेटीएम का शुद्ध लाभ 10 गुना से ज्यादा बढ़ा

नई दिल्ली : डिजिटल पेमेंट प्लेटफार्म पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 10 गुना से ज्यादा बढ़कर 225 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल समान अवधि में कंपनी को 21 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। व्यापारिक व उपभोक्ता कारोबार में लगातार तेजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) अपनाने के कारण बीती तिमाही में संचालन राजस्व 28 प्रतिशत बढ़कर 2,648 करोड़ रुपये रहा है। (भाषा)

टेस्ला इंडिया ने पिछले वर्ष 214 करोड़ के वाहन बेचे

नई दिल्ली: एलन मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला की भारतीय इकाई टेस्ला इंडिया मोटर्स का वीते वित्त वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व 247.31 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 5.16 करोड़ रुपये रहा है। सेयुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, कंपनी का संचालन राजस्व इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 20.83 करोड़ रुपये के मुकाबले करीब 12 गुना बढ़ा है। 2025-26 ऐसा पहला वित्त वर्ष रहा है, जिसमें राजस्व में वाहनों की बिक्री का भी योगदान रहा। बीते वित्त वर्ष में कंपनी को वाहनों बिक्री से 214.69 करोड़ रुपये मिले हैं। (आइएएनएस)

उत्पादन क्षमता 11.4 लाख इकाई करेगी हुंडई मोटर

नई दिल्ली : हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड वर्ष 2030 तक अपनी सालाना उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 11.4 लाख इकाई और 2032 तक पूर्ण की स्थानीय मैन्यूफैक्चरिंग को 92 प्रतिशत तक ले जाने की योजना बना रही है। अभी कंपनी की सालाना उत्पादन क्षमता 9.94 लाख इकाई है। नए माडल 'बायोन' की लांचिंग पर हुंडई मोटर इंडिया के सीईओ तरुण गर्ग ने बताया कि कंपनी ने भारत से अब तक 1.4 करोड़ वाहन बेचे हैं। इसमें से एक करोड़ वाहन घरेलू बाजार में बेचे गए और 40 लाख वाहनों का निर्यात किया। (भाषा)

चार दिन की गिरावट के बाद चढ़े बाजार

482 अंक की तेजी के साथ 73,606 पर पहुंचा बीएसई का मानक सूचकांक

मुंबई, प्रेट: लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को भारतीय शेयर बाजारों में उछाल देखने को मिला। चुनिंदा शेयरों में मूल्य आधारित खरीदारी और धातु, दूरसंचार तथा स्वास्थ्य सेवा कंपनियों में तेजी से सेंसेक्स 482.92 अंक उछलकर 73,606.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 73,606.75 के उच्च और 72,514.57 के निचले स्तर तक गया। इस प्रकार 1,092.18 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा। एनएसई का निफ्टी 153.20 अंक की बढ़त के साथ 22,753.20 पर पहुंचा गया।

सेंसेक्स में 2.72 प्रतिशत के साथ अदाणी पोर्ट्स शीर्ष पर रहा। एटर्नल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, इंटरग्लोब एविएशन और आइटीसी के शेयर भी बढ़कर बंद हुए। बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक और पावर ग्रिड के शेयरों में गिरावट रही। जियोजित

1,092 अंक का उतार-चढ़ाव रहा सेंसेक्स में दिनभर में

153 अंक बढ़कर 22,753 पर पहुंचा निफ्टी



सेक्टरवार तेजी (%में)	
धातु	2.55
दूरसंचार	2.07
स्वास्थ्य सेवाएं	1.85
सेवाएं	1.79
ऊर्जा	1.49
कमोडिटीज	1.43
कैपिटल गुड्स	1.35

फिर 95 के पार पहुंचा रुपया

अमेरिकी डालर के मुकाबले भारतीय रुपये में सोमवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 22 पैसे की गिरावट के साथ 95.15 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डालर की मजबूती और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में मामूली बढ़त के चलते भारतीय रुपये में गिरावट आई, जबकि घरेलू बाजारों में सुधार ने इस गिरावट को कुछ हद तक थाम लिया।

इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि शुरुआती गिरावट के बाद चुनिंदा शेयरों में खरीदारी और धातु, बिजली तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों की मजबूती से बाजार को सहारा मिला। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, धू-राजनीतिक अनिश्चितता और विभिन्न केंद्रीय बैंकों के नीतिगत फैसलों से पहले निवेशक सतर्क रहे। पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी सुधार दिखा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.60 प्रतिशत घटकर 114.8 डालर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.48 प्रतिशत और स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.45 प्रतिशत की तेजी रही है।

इससे पहले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में 1,605 अंक या 2.16 प्रतिशत और निफ्टी में 546 अंक या 2.38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान के निक्केई 225 सूचकांक में गिरावट रही। वहीं, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए रबेन करें या क्लिक करें jagran.com

दो महीने में 1,100 लोगों ने दी विदेश में संपत्ति की जानकारी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: पिछले दो माह में 1,100 लोगों ने विदेश में स्थित अपनी अघोषित संपत्ति की जानकारी आयकर विभाग को दी है। छोटे करदाताओं के लिए विभाग ने 16 अगस्त को इस योजना की शुरुआत की थी, वे अघोषित विदेशी संपत्ति पर सरकार को टैक्स देकर भविष्य में लगने वाले जुर्माने और अन्य कार्रवाई से बच सकें।

- आयकर विभाग को 31 दिसंबर तक दी जा सकती है विदेशी संपत्ति या आय की जानकारी
- छोटे करदाताओं के लिए 16 अगस्त 2026 को शुरू की गई थी विशेष योजना

योजना के तहत इस साल 31 दिसंबर तक विदेश स्थित अपनी संपत्ति या आय की जानकारी दी जा सकती है। सिर्फ उन्हीं संपत्ति की घोषणा की जा सकेगी जिनका मूल्य पांच करोड़ से अधिक नहीं है। वैसे ही सिर्फ एक करोड़ तक की विदेशी आय को ही इस योजना के तहत वैधानिक कर सकेंगे। आय का 30 प्रतिशत और जुर्माने के रूप में 30 प्रतिशत का भुगतान कर छोटे करदाता अपनी विदेशी संपत्ति की जानकारी दे सकते हैं। ई-फाइलिंग पोर्टल पर ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पोर्टल पर ही इस योजना की पूरी जानकारी मिल जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार विभिन्न माध्यमों से भारतीयों की विदेशी संपत्ति की जानकारी जुटा रही है और इसके तहत विभाग को लगातार उन विदेशी संपत्ति की जानकारी मिल रही है जिसके बारे में करदाताओं ने आयकर विभाग को नहीं बताया है। विभाग का कहना है कि करदाताओं की सहूलियत के लिए उन्हें अपनी विदेशी संपत्ति को वैधानिक मान्यता दिलाने का मौका दिया जा रहा है।

वर्ष 2030 तक कर्ज को जीडीपी के 50 प्रतिशत तक लाया जाएगा : वित्त मंत्री

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार राजकोषीय घाटे के लेकर राष्ट्रीय कर्ज को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के साथ सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च को भी जारी रखेगी।

तमिलनाडु में सीमवार को एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 तक सरकार राष्ट्रीय कर्ज को जीडीपी के 50 प्रतिशत से नीचे ले आएगी। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है और चालू वित्त वर्ष 2026-27 में कर्ज के अनुपात को जीडीपी के 55.6 प्रतिशत लाने का लक्ष्य है। इससे पिछले वित्त वर्ष में कर्ज का अनुपात जीडीपी का 56.1 रखा गया था। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल के बाद से दुनिया के सभी देशों के कर्ज में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। चालू



निर्मला सीतारमण ● फाइल फोटो

- चालू वित्त वर्ष में कर्ज के अनुपात के जीडीपी के 55.6 प्रतिशत लाने का लक्ष्य
- राजकोषीय घाटे को कम करने की दिशा में भी कदम उठा रही है केंद्र सरकार

वित्त वर्ष में सरकार ने राजकोषीय घाटे को 4.3 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह घाटा 4.4 प्रतिशत था। पिछले तीन सालों से राजकोषीय घाटे में लगातार कमी आ रही है। चालू वित्त वर्ष में बिनिवेश की मदद से लक्ष्य से अधिक राशि मिलने का अनुमान है जो राजकोषीय घाटे को अनुमान से कम स्तर पर ला सकता है। आइडीबीआइ बैंक में हिस्सेदारी बेचने के बाद चालू वित्त वर्ष में 80 हजार करोड़ रुपये के बिनिवेश लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है।

रुपये में अचानक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए कदम उठा रहा आरबीआइ : सीतारमण ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) रुपये के मूल्य में अचानक होने वाले उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए कदम उठा रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक भारतीय मुद्रा का मूल्य तय नहीं करता है। उनका यह बयान मुद्रा में उतार-चढ़ाव और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके असर- खासकर आयात लागत और महंगाई को लेकर जताई जा रही चिंताओं के बीच आया है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को दिया जा रहा अंतिम रूप : गोयल

हेग, प्रेट: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अधिकांश चर्चा पूरी कर चुके हैं और अब इसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है।

भारत-नीदरलैंड्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत ने पिछले साढ़े चार वर्षों में नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। गोयल एक कारोबारी प्रतिनिधिमंडल के साथ दो दिवसीय दौरे पर नीदरलैंड्स में हैं। भारत और अमेरिका ने फरवरी में द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के ढांचे को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। हालांकि, अमेरिका की शुल्क व्यवस्था में बदलाव के कारण बातचीत आगे जारी रखनी पड़ी। दोनों देश 2025 की शुरुआत से समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। इसका उद्देश्य शुल्क संबंधी मुद्दों का समाधान और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना है।



पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) सब्सक्राइबर्स की सुविधा के लिए एनपीएस सेंट्रल नाम से एक नया डिजिटल एकीकृत प्लेटफार्म लांच किया है। इसके जरिये एनपीएस सब्सक्राइबर अलग-अलग रिकार्ड-कीपिंग एजेंसियों के पोर्टल पर बिना जाए अपने पेंशन खाते का प्रबंधन कर सकते हैं। साथ ही उनको अपना परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर (पीआरएएन) याद रखने की जरूरत भी नहीं होगी।

ऐसे करें लाग-इन

- सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट www.npscentral.in पर जाए
- यहां पर पंजीकृत मोबाइल नंबर और जन्म तिथि की जानकारी दे
- आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आएगा
- इस ओटीपी को वेबसाइट पर दर्ज करें
- अब आपके सामने एक डैशबोर्ड खुलेगा जिसमें आपके एनपीएस खाते और निवेश पोर्टफोलियो की जानकारी होगी

पीआरएएन की नहीं जरूरत

तीन केंद्रीय रिकार्ड-कीपिंग एजेंसियों (सीआरए)- प्रोटेन, केफिनटेक और सीएसएमएस के जरिये एनपीएस सेंट्रल की सेवाएं दी जा रही है। एनपीएस सेंट्रल पर लाग-इन करने के लिए सब्सक्राइबर्स को पीआरएएन की जानकारी नहीं देनी होगी। हालांकि, सत्यापन के लिए दिए जाने वाला मोबाइल नंबर खाते के साथ एक बार पंजीकृत होना चाहिए।

पोर्टल पर यह सेवाएं मिलेंगी

- सब्सक्राइबर तीनों सीआरए में अपने एनपीएस खाते और निवेश पोर्टफोलियो को देख सकेंगे।
- मौजूदा स्कीमों में योगदान की जांच की जा सकेगी। साथ ही अलग-अलग तरीकों से किए गए योगदान का स्टेट्स दे सकेंगे।
- एनपीएस खाते में व्यक्तिगत या अन्य जानकारी में बदलाव किया जा सकेगा।
- निवेश के विकल्पों पर विचार करने से पहले स्कीम की विशेषताओं, निवेश पर मिलने वाले रिटर्न व शुल्कों की समीक्षा की जा सकेगी।
- एनपीएस खाते का विवरण देखा जा सकेगा और उसे डाउनलोड भी किया जा सकेगा।
- एनपीएस सेंट्रल पर दिए गए लिंक के जरिये सब्सक्राइबर पेंशन सहायक पोर्टल पर पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

नया खाता खोलने की भी सुविधा

एनपीएस सेंट्रल पर नया एनपीएस खाता खोलने की सुविधा भी उपलब्ध है। यह प्लेटफार्म एआइ-आधारित आनबोर्डिंग, सवालों के जवाब देने के लिए एआइ असिस्टेंट और सेंट्रल केवाईसी (अपना ग्राहक जानो) तथा डिजीलाकर के जरिये केवाईसी सत्यापन पूरा करने के विकल्प देता है। संभावित सब्सक्राइबर्स निवेश योजनाओं को देख और उनकी तुलना कर सकते हैं। योजनाओं के प्रदर्शन की समीक्षा कर सकते हैं और एक पेंशन फंड चुन सकते हैं। रजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक पूरा हो जाने पर उन्हें एक इलेक्ट्रानिक पीआरएएन मिलता है और वे खाते से जुड़ी जरूरी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

भविष्य में यह सेवाएं भी मिलेंगी

- निवेश विकल्पों और पेंशन फंड में बदलाव
- एनपीएस के बदले लोन की सुविधा
- एनपीएस वात्सल्य खातों की शुरुआत और रखरखाव
- कारपोरेट को जोड़ना
- री-केवाईसी सेवाएं
- एनपीएस टियर-2 खातों से जुड़ी सेवाएं

जागरण इन्फो

राष्ट्रीय फलक

भ्रामक विज्ञापन के लिए सीसीपीए ने ब्रिटानिया पर लगाया एक लाख रुपये जुर्माना

- ब्रेड में गेहूं का आटा 62 प्रतिशत, फिर भी विज्ञापनों में शत प्रतिशत का दावा
- सभी विज्ञापन तत्काल बंद करने व 15 दिन में अनुपालन रिपोर्ट देने का निर्देश

नई दिल्ली, प्रेट : केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापन के लिए ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। ब्रेड में गेहूं की मात्रा केवल 62 प्रतिशत होने के बावजूद विज्ञापन में दावा किया गया कि ब्रेड शत प्रतिशत गेहूं से बना है।

सीसीपीए ने 22 अक्टूबर के अपने आदेश में कंपनी को सभी प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया (इंटरनेट मीडिया सहित) पर इस विज्ञापन को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया। कंपनी को 15 दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट देनी होगी। सीसीपीए ने ब्रेड की पैकेजिंग पर गेहूं की मात्रा 62 प्रतिशत लिखी होने, जबकि विज्ञापनों में शत प्रतिशत का दावा किए जाने पर स्वतः संज्ञान लिया। आदेश के मुताबिक, ब्रेड में चावल की भूसी सहित अन्य सामग्री भी है। कंपनी ने जांच में स्वीकार किया कि 'शत प्रतिशत होल व्हीट' ब्रेड' में



प्रतीकात्मक

गेहूं का आटा केवल 62 प्रतिशत है। सीसीपीए ने कंपनी की यह दलील खारिज की कि दावा उत्पाद की गुणवत्ता बताने के लिए था। सीसीपीए ने कहा कि यह दावा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत भ्रामक है, क्योंकि इससे ऐसा लगता है कि ब्रेड पूरी तरह गेहूं से बना है।

जवरन सेवा शुल्क लगाने के मामले में 'मिस्टर चाय' पर जुर्माना

सीसीपीए ने खाने के बिल में जबरन 10 प्रतिशत सेवा शुल्क लगाने के मामले में दिल्ली स्थित शांगरी-ला ग्रुपेस होटल के रेस्तरां 'मिस्टर चाय' पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने 22 अक्टूबर के अपने आदेश में रेस्तरां को कहा कि वह सेवा शुल्क वसूलना बंद करे और आदेश मिलने के 15 दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करे। सीसीपीए ने 30 मई और 10 जून, 2025 को मिली शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की। शांगरी-ला ग्रुपेस नई दिल्ली के प्रवक्ता ने कहा कि एक अक्टूबर 2026 से होटल के सभी रेस्तरां और सेवाओं में सर्विस चार्ज लेना बंद कर दिया गया है। अब ग्राहकों के बिल में केवल सरकार द्वारा निर्धारित टैक्स ही जोड़े जाते हैं।

अहमदाबाद में सीवेज संयंत्र की टंकी में गिरने से दो की मौत

अहमदाबाद, प्रेट : अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) के एक एसटीपी की टंकी में गिरने से परिवीजन प्रभारी और वेल्डिंग का काम करने वाले एक मजदूर की सोमवार को मौत हो गई। जहरीली गैस की चपेट में आने और टंकी के अंदर बेहोश होने के बाद दो अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें संयंत्र का पर्यवेक्षक भी शामिल है। यह घटना शहर के सोला इलाके में स्थित संयंत्र में मरम्मत और वेल्डिंग का काम किए जाने के दौरान हुई। सोला थाने के निरीक्षक केएन भुकन ने बताया कि 30 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज शोधन संयंत्र के अंदर वेल्डिंग कर रहा एक मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गया और गहरी टंकी में गिर गया। वेल्डिंग कर रहे मजदूर को बचाने के लिए परियोजना प्रभारी, परियेजना प्रबंधक और एक चालक टंकी में उतरे, लेकिन जहरीली गैस की चपेट में आने से वे भी बेहोश हो गए।

मारुति, टाटा, हुंडई जैसी बड़ी कंपनियां फ्लेक्स फ्यूल वाहन विकसित कर रहीं

प्रथम पृष्ठ से आगे

मौजूदा समय में मारुति सुजुकी, टोयोटा, टाटा मोटर्स और हुंडई जैसी प्रमुख कार निर्माता कंपनियां भारतीय बाजार के लिए फ्लेक्स फ्यूल वाहन विकसित कर रही हैं। इसी साल जून में मारुति सुजुकी इंडिया ने भारत का पहला फ्लेक्स-फ्यूल यात्री वाहन पेश किया था। कंपनी ने वैगन आर फ्लेक्स फ्यूल पेश की, जो ई20 से ई100 तक के एथनाल-पेट्रोल मिश्रण से चल सकती है। बता दें कि ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों में फ्लेक्स फ्यूल तकनीक का पहले से ही इस्तेमाल हो रहा है।

ऊर्जा संकट के मद्देनजर फ्लेक्स फ्यूल वाहनों का महत्व और बढ़ा : मौजूदा हालात में जबकि पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत समेत कई देशों को ऊर्जा संकट के प्रति संवेदनशील बना चुका है, फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का महत्व और बढ़ गया है। इससे पहले, सड़क परिवहन मंत्रालय ने वाहन उत्सर्जन नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था ताकि अधिक एथनाल मिश्रण वाले ईंधनों व वैकल्पिक ईंधनों का दायरा बढ़ाया जा सके। इससे वाहन श्रेणियों में फ्लेक्स फ्यूल और शुद्ध जैव ईंधन से चलने वाले वाहनों का रास्ता साफ होगा। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के मसौदा संशोधनों में ई85, ई100, बी100 बायोडीजल और हाइड्रोजन-सीएनजी मिश्रणों के व्यापक इस्तेमाल का प्रविधान किया गया था।

उल्लेखनीय है कि देश में ई20 ईंधन पहले ही शुरू किया जा चुका है, जिसमें 20 प्रतिशत एथनाल और 80 प्रतिशत पेट्रोल है।

फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ई85 (85 प्रतिशत एथनाल और 15 प्रतिशत पेट्रोल) और ई100 (लगभग 100 प्रतिशत एथनाल) जैसे अधिक एथनाल मिश्रित ईंधनों पर चलने के लिए बनाए जाते हैं। इसके उलट, फिलहाल पारंपरिक पेट्रोल वाहन कम एथनाल मिश्रण वाले ईंधन पर ही चल सकते हैं।

आइआइटी खड़गपुर स्थापित करेगा पहला भौतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्कूल

राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) खड़गपुर देश का पहला ऐसा समर्पित अकादमिक स्कूल स्थापित करने जा रहा है, जहां भौतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (फिजिकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर पढ़ाई और शोध होगा। इस परियोजना पर 35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। संस्थान ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस संबंध में आइआइटी खड़गपुर के पूर्व छात्र बिनोद गुप्ता तथा आइआइटी खड़गपुर फाउंडेशन, अमेरिका के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बिनोद गुप्ता के दिवंगत पुत्र बेंजामिन गुप्ता की स्मृति में इस स्कूल का नाम 'बेंजामिन गुप्ता स्कूल आफ फिजिकल एआइ' रखा गया है। स्कूल में भौतिकी आधारित मशीन लर्निंग, वैज्ञानिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल दिवन, बुद्धिमान रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियों, उन्नत संवेदन तकनीक और एआइ आधारित प्रयोगों पर काम होगा।

ग्रामीणों की पिटाई से कार सवार ने दम तोड़ा, तीन की हालत गंभीर

जागरण संवाददाता, फिरोजाबाद : रविवार रात टेसू-झांझी की विसर्जन यात्रा के दौरान कार की टक्कर से पांच लोगों की मौत हो गई थी। इससे नाराज ग्रामीणों में कार में सवार युवकों की बुरी तरह पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से घायल एक युवक ने सोमवार को दम तोड़ दिया। अन्य तीन युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। कार सवार युवक दिल्ली से रसूलपुर क्षेत्र में आयोजित दोस्त के निकाह में शामिल होने आए थे। कार में शराब की बोतलें मिली हैं। रविवार रात लखनऊ एक्सप्रेसवे से नसीरपुर कट पर उतरी कार ने विसर्जन यात्रा में चल रहे ग्रामीणों को कुचल दिया था। हादसे में तीन बहनों के साथ ही पांच की मृत्यु हो गई और 13 लोग घायल हुए थे। कार सवार चार युवकों को घेरकर ग्रामीणों ने लाठी, डंडों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया था। घायल कार सवारों को आगरा के एसएन मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

रेखा आर्या-साहू प्रकरण में एसआइटी ने दर्ज किए स्टाफ के बयान

जागरण संवाददाता, देहरादून

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या और उनके पति गिरधारी लाल साहू से जुड़े प्रकरण में विशेष जांच दल (एसआइटी) ने बरेली से साक्ष्य जुटाने के बाद अब मंत्री के स्टाफ के बयान भी दर्ज किए हैं। बताया जा रहा है कि स्टाफ ने भी गिरधारी लाल साहू पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप लगाए हैं। इन बयानों के सामने आने के बाद मामले में गिरधारी लाल साहू की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

मंत्री रेखा आर्या ने 15 अक्टूबर को पति गिरधारी लाल साहू के विरुद्ध जातिसूचक शब्द कहने, उत्पीड़न, मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में सोमवार को एसआइटी ने मंत्री के स्टाफ व अन्य लोगों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस बरेली से जुटाए गए दस्तावेजों और साक्ष्यों का शिकायत में

- स्टाफ ने भी लगाए जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के आरोप, गिरधारी लाल की मुश्किलें बढ़ीं
- पति के विरुद्ध जातिसूचक शब्द कहने, उत्पीड़न, मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था

लगाए गए आरोपों से मिलान कर रही है। इस मामले में कुछ दस्तावेजों में कूटरचना पाई गई है। इसके अलावा, इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कथित आडियो की भी जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। एसआइटी इस आडियो को जल्द फोरेंसिक जांच के लिए भेज सकती है। हालांकि, इससे पहले गिरधारी लाल साहू के कोर्ट के समक्ष आवाज सैंपल लेने जरूरी हैं। जांच एजेंसी आडियो की प्रामाणिकता और उससे जुड़े तथ्यों की पुष्टि के बाद ही उसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर निर्णय ले सकेगी।

अधेड़ पर बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप, पंचायत बुलाई तो ट्रेन से कटा आरोपित

जागरण संवाददाता, बहादुरगढ़ : हरियाणा में आसौदा थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपित अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने 24 घंटे बाद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। आरोपित के खिलाफ रविवार रात को ही पुलिस ने मामला दर्ज किया था। वहीं, घटना के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

रविवार सुबह बच्ची पड़ोस के घर में गाय को रोटी देने गई थी। आरोप है कि उस समय वहां आरोपित अकेला था। उसने बच्ची को पास बुलाकर खाने के लिए सेब दिया और फिर उसे अंदर ले जाकर छेड़छाड़ की। इसके बाद बच्ची घर पहुंची और स्वजन को आपबीती बताई। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी बीच बच्ची की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की नियुक्ति से जुड़े प्रस्ताव को दी चुनौती

मुंबई, प्रेट : टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को फिर नियुक्त करने के प्रस्ताव को चुनौती दी है। यह प्रस्ताव 17 सितंबर को हुई टाटा संस की बोर्ड बैठक में पारित हुआ था।

चेयरमैन नोएल टाटा ने सोमवार को टाटा संस के कंपनी सचिव सुधाकर मुखोपाध्याय को पत्र लिखकर फरवरी 2027 के बाद भी चंद्रशेखरन को अध्यक्ष बनाए रखने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई।

सूत्रों के अनुसार, उन्होंने पांच साल के लिए की गई पुनर्नियुक्ति को अमान्य बताते हुए बैठक की सूचना और एजेंडे सहित कई आधार दिए हैं।

नोएल का तर्क है कि पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव तय क्रम से हटकर रखा गया और बैठक के एजेंडे में शामिल नहीं था। उनके अनुसार, एजेंडे में केवल नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की ओर से जानकारी देने का विषय था।

- टाटा ट्रस्ट्स के वेयरमैन ने टाटा संस के कंपनी सचिव को लिखा पत्र
- बोर्ड बैठक की बिना संपादन वाली वीडियो रिकार्डिंग भी मांगी गई



एन चंद्रशेखरन ● फाइल

नोएल ने पत्र में बोर्ड बैठक की बिना संपादन वाली वीडियो रिकार्डिंग भी मांगी है। टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स से इस मामले में तत्काल जवाब नहीं मिल पाया है।

टाटा संस में दो-तिहाई हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स के प्रमुख नोएल ने प्रस्ताव को मतदान के लिए रखे जाने पर विरोध किया था।

ट्रस्ट्स के दूसरे नामित निदेशक वेणु श्रीनिवासन ने पुनर्नियुक्ति के पक्ष में बहुमत का साथ दिया। पक्ष में मतदान करने वाले अन्य निदेशकों में अनिता जार्ज, हरीश मनवानी और सीरुष अग्रवाल शामिल थे।

नोएल का कहना है कि टाटा संस के आर्टिकल्स आफ एसोसिएशन के मुताबिक, प्रस्ताव पारित करने के लिए टाटा ट्रस्ट्स के नामित निदेशकों का समर्थन में मतदान करना जरूरी है।

न तो धन का मूल्य है और न नाम या यश का, अगर कोई दृढ़ चरित्र है, तो उसे कोई अमर होने से नहीं रोक सकता।

– स्वामी विवेकानंद

समाधान की राह

सरकार की ओर से जब किसी बड़ी परियोजना को स्वीकृति दी जाती है, तो यह उम्मीद की जाती है कि स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी और उसके पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय प्रभावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। मगर, इन सभी पहलुओं को लेकर अगर कोई आशंका पैदा होती है, तो विरोध के स्वर उठना स्वाभाविक है। अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देश्यीय पनबिजली परियोजना को लेकर स्थानीय लोगों में व्याप्त रोष भी इसी का नतीजा है, जो अब सड़कों पर उग्र प्रदर्शनों के रूप में सामने आ रहा है। ईस्ट सियांग जिले में बीते शुक्रवार की रात को भीड़ ने एनएचपीसी के कार्यालय और एक पुलिस थाने को आग के हवाले कर दिया। साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित दो नेताओं के आवासों में तोड़फोड़ भी की गई। इस घटना के बाद केंद्र सरकार ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया बल की दो कंपनियां राज्य में भेजी हैं। मगर सवाल है कि क्या परियोजना का विरोध कर रहे लोगों की चिंता और आशंकाओं का समाधान सुरक्षाबलों की सख्ती से हो पाएगा? क्या सरकार की ओर से संवाद के जरिए लोगों को भरोसे में लेने की पहल नहीं की जानी चाहिए?

दरअसल, सियांग बहुउद्देशीय परियोजना को लेकर उपजा विरोध विकास, स्थानीय लोगों के हित और पर्यावरण के बीच संतुलन से जुड़ा मसला है। क्षेत्र के लोग आशंकित हैं कि इस परियोजना के तहत बनने वाले बांध से उनके गांव और उपजाऊ कृषि भूमि जलमग्न हो जाएगी। साथ ही बड़ी संख्या में गांवों के लोगों का विस्थापन हो सकता है। यहां के जनजाति समुदाय का सियांग घाटी से गहरा सांस्कृतिक तथा आजीविका का जुड़ाव है। उन्हें डर है कि यह परियोजना उनके पारंपरिक जीवन और संस्कृति को नष्ट कर देगी। यह क्षेत्र चूंकि हिमालयी पट्टी में आता है, इसलिए भूकंप की दृष्टि से भी इस परियोजना को संवेदनशील माना जा रहा है। ऐसे में यह सवाल अहम है कि क्या विकास के नाम पर स्थानीय लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज किया जा सकता है? व्यापक स्तर पर विरोध को देखते हुए यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह परियोजना से जुड़ी आशंकाओं का समाधान संवाद, भरोसे और जनभागीदारी से निकालने की कोशिश करे। इसके बजाय क्षेत्र में सुरक्षाबलों की अतिरिक्त तैनाती स्थानीय लोगों में नाराजगी को और बढ़ा सकती है।

इसमें दोराय नहीं कि सियांग नदी पर प्रस्तावित इस परियोजना से बड़े पैमाने पर बिजली उत्पादन की संभावनाएं जुड़ी हैं। इसके अलावा जल संसाधनों के प्रबंधन और बाढ़ के प्रभाव को कम करने में भी इससे मदद मिलने की उम्मीद है। मगर यह परियोजना तभी सार्थक मानी जाएगी, जब स्थानीय लोगों के हितों को भी इससे जोड़ा जाए। इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय हो रहा है, जब अरुणाचल में सीमा पर चीनी सेना की अवैध गतिविधियों से तनाव बना हुआ है। हाल ही में आइटीबीपी के महानिदेशक ने इस चिंता को रेखांकित किया था। ऐसे में विरोध प्रदर्शनों की संवेदनशीलता और स्थानीय लोगों के अधिकारों एवं हितों की अनदेखी करना उचित नहीं होगा। इसे केवल विकास विरोधी मानसिकता मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। सरकार को परियोजना के संभावित लाभ, नुकसान, विस्थापन और पर्यावरणीय प्रभावों से संबंधित सभी मसलों पर स्थानीय लोगों से नियमित संवाद कर उन्हें विश्वास में लेने की कोशिश करनी चाहिए।

पूंजी का पलायन

भारत की गिनती भले ही दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में की जाती है, लेकिन विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से मुंह मोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। यह स्थिति देश की अर्थव्यवस्था के लिए कई स्तरों पर चिंता पैदा करती है। खबरों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने अक्तूबर में अब तक 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि शेयर बाजार से निकाली है, जो सितंबर की करीब 35 हजार करोड़ रुपए की निकासी से कहीं अधिक है। इस वर्ष की कुल निकासी 3.08 लाख करोड़ रुपए के पार जा चुकी है, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 1.66 लाख करोड़ रुपए था। विदेशी निवेशकों के इस रुख को पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, बढ़ती महंगाई और कंपनियों की कमाई को लेकर उपजी आशंकाओं से जोड़ा जा रहा है। मगर केवल बाहरी कारणों का हवाला देकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। हालांकि, विदेशी निवेश को प्रोत्साहन के लिए घोषणाएं और सुधार होते रहे हैं। मगर सवाल है कि क्या ये इतने ठोस और प्रभावी हैं कि अनिश्चित दौर में भी निवेशकों को बाजार में टिकाए रख सकें?

ऐसे समय में जब दुनिया के दूसरे उभरते बाजार निवेशकों को रिझाने में जुटे हों, तब सिर्फ संभावनाओं पर जोर देना ही पर्याप्त नहीं होगा। स्थिर नीतियां, पारदर्शी नियम और त्वरित मंजूरी की व्यवस्था टिकाऊ विश्वास का निर्माण करती हैं। भारतीय बाजार में विदेशी पूंजी के प्रवाह का घटता स्तर भी इसी ओर इशारा करता है। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है, हालांकि राहत की बात यह है कि घरेलू संस्थागत निवेशकों और व्यवस्थित निवेश योजनाओं के जरिए आने वाले निवेश ने बाजार को संभाले रखा है। ऐसे में सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि आखिर विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से मोह भंग क्यों हो रहा है और उनका भरोसा कायम करने के लिए किस तरह के कदम उठाए जा सकते हैं। डालर के मुकाबले रुपए की मजबूती पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही देश की आर्थिक स्थिरता, निगमित ढांचे की मजबूती और विकास की संभावनाओं को वैश्विक मंचों पर प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने की जरूरत है।

पर्यटन के विकास का पैमाना



देश में पर्यटन का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले और सभी संसाधन भी सुरक्षित रहें। सुविधाओं के विस्तार के साथ प्रभावी नियोजन और जवाबदेही भी जरूरी है।

श्रवण कुमार



भारत में पर्यटन की चर्चा होते ही हिमालय, समुद्र, रेगिस्तान, मंदिरों, स्मारकों और वन्यजीवों का जिक्र होने लगता है। मगर पर्यटन की संभावनाएं केवल प्राकृतिक और सांस्कृतिक संपदा तक सीमित नहीं हैं। यह क्षेत्र रोजगार, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास से भी जुड़ा है। इसके बावजूद पर्यटन की सफलता को अक्सर पर्यटकों की संख्या, नए निर्माण और राजस्व अर्जन के पैमाने पर आंका जाता है। जबकि असली सवाल यह होना चाहिए कि पर्यटन से स्थानीय लोगों को कितना लाभ मिल रहा है और जिन प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के सहारे यह उद्योग फल-फूल रहा है, वे कितनी सुरक्षित हैं।

विश्व आर्थिक मंच के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक-2026 में भारत को 110 अर्थव्यवस्थाओं में 31वां स्थान मिला है। वर्ष 2024 के सूचकांक में भारत 40वें स्थान पर था। इस तरह नौ स्थानों का सुधार दर्ज हुआ है। मगर इस उपलब्धि को पर्यटन क्षेत्र की समग्र सफलता का प्रमाण मानना उचित नहीं होगा। यह सूचकांक पर्यटकों की संख्या या पर्यटन से होने वाली आय के बजाय उन परिस्थितियों का आकलन करता है, जो पर्यटन के विकास को संभव बनाती हैं। इनमें सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानव संसाधन, परिवहन, डिजिटल सुविधाएं, कारोबारी वातावरण और पर्यावरणीय स्थायित्व जैसे पहलू शामिल हैं। लिहाजा, बेहतर रैंकिंग के बावजूद यह देखना जरूरी है कि पर्यटन से जुड़ी बुनियादी समस्याओं का समाधान किस हद तक हुआ है।

भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता उसे पर्यटन के लिहाज से विशिष्ट बनाती है। हिमालय से समुद्र तटों तक, रेगिस्तान से वर्षावनों तक और ऐतिहासिक किलों से प्राचीन धार्मिक स्थलों तक यहां आकर्षणों की लंबी शृंखला है। काशी, केरल, राजस्थान और पूर्वोत्तर के पर्यटन स्थलों की अपनी अलग पहचान है। बौद्ध परंपरा से जुड़े केंद्रों से लेकर लोक कला और जनजातीय संस्कृति तक, यहां पर्यटकों के लिए अनुभवों की विविधता है। मगर, केवल आकर्षणों की प्रचुरता से पर्यटन का विस्तार नहीं हो सकता। किसी स्थान की लोकप्रियता इस बात पर भी निर्भर करती है कि वहां पहुंचना कितना आसान है और पर्यटकों को कैसी सुविधाएं मिलती हैं।

भारत में घरेलू पर्यटन का विस्तार इस क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को स्पष्ट करता है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 में घरेलू पर्यटक यात्राओं की संख्या 428.55 करोड़ दर्ज की गई, जबकि विदेशी पर्यटक यात्राएं 2.53 करोड़ रहीं। इसी अवधि में पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय 2,76,831 करोड़ रुपए रही। वर्ष 2023-24 में पर्यटन का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 5.22 फीसद था और इस क्षेत्र ने लगभग 8.46 करोड़ रोजगारों को सहारा दिया। इन आंकड़ों से पर्यटन की आर्थिक महत्ता का पता चलता है, लेकिन यह भी समझना होगा कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचना अभी बड़ी चुनौती है। पर्यटन से रोजगार के अवसर केवल बड़े होटलों और परिवहन कंपनियों तक सीमित नहीं हैं। स्थानीय भोजन, हस्तशिल्प, छोटे आवास, सांस्कृतिक आयोजन और ग्रामीण उद्यम भी इससे जुड़ सकते हैं। मगर इसके लिए जरूरी है कि स्थानीय समुदायों को पर्यटन की गतिविधियों में वास्तविक भागीदारी मिले। इसलिए पर्यटन का मूल्यांकन केवल पर्यटकों की संख्या से नहीं, बल्कि उससे पैदा होने वाले स्थानीय रोजगार और आय के आधार पर भी होना चाहिए। पर्यटन के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक बुनियादी सुविधाओं की कमी है। अनेक ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थल ऐसे हैं, जहां पहुंचने के लिए पर्याप्त परिवहन सुविधाएं नहीं हैं। कहीं स्वच्छ शौचालयों का अभाव है, तो कहीं पेयजल, संकेतक, चिकित्सा सहायता और ठहरने की समुचित व्यवस्था नहीं है। यात्रा के दौरान परिवहन, आवास, खानपान, सुरक्षा और स्थानीय लोगों का व्यवहार भी उतना ही महत्त्वपूर्ण होता है। इसलिए नए पर्यटन स्थलों के विकास के साथ पहले से मौजूद स्थलों की सुविधाओं और प्रबंधन में सुधार करना भी जरूरी है। पर्यटन के विस्तार में एक और गंभीर समस्या अत्यधिक भीड़ और अनियंत्रित निर्माण की है। पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ती इमारतें, तटीय इलाकों में अव्यवस्थित गतिविधियां और ऐतिहासिक नगरों में वाहनों का दबाव न केवल स्थानीय जीवन को प्रभावित करते हैं, बल्कि पर्यटन की मूल संपदा के लिए भी खतरा पैदा करते हैं।

> **देश में पर्यटन की संभावनाएं व्यापक हैं, मगर उनका लाभ उठाने के लिए विकास की प्राथमिकताओं पर विचार करना होगा। नए होटल, सड़कें और पर्यटन केंद्र बनाना काफी नहीं है। महत्त्वपूर्ण यह है कि मौजूदा सुविधाओं का रखरखाव कैसा है, पर्यावरण पर कितना दबाव पड़ रहा है और पर्यटन से होने वाली आय का कितना हिस्सा स्थानीय लोगों तक पहुंच रहा है। पर्यटन को केवल आय और रोजगार का साधन मानने के बजाय उसे पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक अस्मिता और स्थानीय आत्मनिर्भरता से जोड़ना होगा। वास्तविक पर्यटन क्षमता तभी सामने आएगी, जब पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव और स्थानीय समुदायों के लिए अवसर एक-दूसरे के पूरक बनेंगे।**

किसी स्थान की प्राकृतिक और सांस्कृतिक वहन क्षमता की अनदेखी कर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने का प्रयास अंततः नुकसानदेह हो सकता है। हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ जैसी आपदाएं यह स्पष्ट करती हैं कि संवेदनशील इलाकों में निर्माण और पर्यटन गतिविधियों के नियोजन में विशेष सावधानी जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक संवेदनशील पर्यटन स्थल की परिस्थितियों के अनुरूप पर्यटकों की संख्या, निर्माण और संसाधनों के इस्तेमाल का नियमन आवश्यक है। सांस्कृतिक पर्यटन के मामले में भी विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, बौद्ध विहार, ऐतिहासिक किले और पारंपरिक बस्तियां केवल पर्यटन के केंद्र नहीं हैं। वे समाज की स्मृतियों और जीवन-पद्धतियों का हिस्सा हैं। उन्हें महज व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र में बदल देने से उनकी मौलिक पहचान प्रभावित हो सकती है। धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर बढ़ती भीड़ के प्रबंधन के साथ उनकी गरिमा और ऐतिहासिक स्वरूप को सुरक्षित रखना जरूरी है।

पर्यटन के बदलते स्वरूप में डिजिटल तकनीक की भूमिका भी बढ़ रही है। यात्रा से पहले पर्यटक अब इंटरनेट के माध्यम से गंतव्य, परिवहन, आवास और खानपान से जुड़ी जानकारी जुटाते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए अलग-अलग भाषाओं में यात्रा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने और पर्यटकों की रुचि के अनुसार यात्रा कार्यक्रम तैयार करने की संभावनाएं बढ़ी हैं। मगर तकनीक का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब छोटे पर्यटन कारोबारियों और दूरदराज के स्थलों को भी डिजिटल सुविधाओं से जोड़ा जाए। पर्यटन उद्योग की गुणवत्ता काफी हद तक उसमें काम करने वाले लोगों के कौशल पर निर्भर करती है। प्रशिक्षित गाइड, कुशल होटल कर्मचारी, परिवहनकर्मी और स्थानीय उद्यमी पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं। इसके लिए प्रशिक्षण में भाषायी दक्षता, आतिथ्य, प्राथमिक चिकित्सा, डिजिटल भुगतान और आपदा प्रबंधन जैसे व्यावहारिक कौशल शामिल किए जाने चाहिए।

भारत में पर्यटन की संभावनाएं व्यापक हैं, मगर उनका लाभ उठाने के लिए विकास की प्राथमिकताओं पर विचार करना होगा। नए होटल, सड़कें और पर्यटन केंद्र बनाना काफी नहीं है। महत्त्वपूर्ण यह है कि मौजूदा सुविधाओं का रखरखाव कैसा है, पर्यावरण पर कितना दबाव पड़ रहा है और पर्यटन से होने वाली आय का कितना हिस्सा स्थानीय लोगों तक पहुंच रहा है। पर्यटन को केवल आय और रोजगार का साधन मानने के बजाय उसे पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक अस्मिता और स्थानीय आत्मनिर्भरता से जोड़ना होगा। वास्तविक पर्यटन क्षमता तभी सामने आएगी, जब पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव और स्थानीय समुदायों के लिए अवसर एक-दूसरे के पूरक बनेंगे।

क्षमा का आकाश

ममता कुशवाहा

मनुष्य का जीवन एक लंबी यात्रा है, जिसमें कहीं छांव मिलती है, तो कहीं धूप। कभी हम किसी के स्नेह की शीतल बयार में सुस्ताते हैं, तो कभी किसी के छल की तपती रेत पर नंगे पांव चलते हैं। इस यात्रा में कोई ऐसा नहीं, जिसके हिस्से अन्याय की एक भी चोट न आई हो। ऐसे क्षणों में मन के भीतर एक ही प्रश्न उठता है कि अब मैं क्या करूं? उत्तर में दो मार्ग सामने खुलते हैं। एक प्रतिशोध और घृणा की ढलान है, जो सरल है, पर आखिरकार अंधकार में उतरती है। दूसरा, क्षमा और करुणा की चढ़ाई है, जो कठिन है, पर शिखर तक पहुंचाती है।

इतिहास के पन्ने ऐसी जीत से भरे पड़े हैं, पर क्या उनमें से किसी ने विजेता के हृदय को शांति दी? जो अपने विरोधी को धराशायी करके भी भीतर से बेचैन रहा, उसने युद्ध जीता, पर स्वयं को हार दिया। सच्ची विजय बाहर के रणक्षेत्र में नहीं, भीतर के अंतःकरण में होती है। वह उस क्षण होती है, जब अन्याय सहने के बाद भी हमारा हृदय कटुता का पात्र नहीं बनता, जब चोट खाकर भी हमारी वाणी में विष नहीं घुलता।

क्रोध एक चिंगारी है, जो अन्याय या अपनी नजर में गलत को देखकर स्वाभाविक रूप से भड़कती है। यह हमें जगाती है, सचेत करती है और कभी-कभी हमें अत्याचार के सम्मुख तनकर खड़े होने का साहस भी देती है। मर्यादित क्रोध मनुष्य की चेतना के जीवित होने का प्रमाण है। पर घृणा उस चिंगारी का दावानल बन जाना है, जो पहले उस वन को जलाती है, जिसमें उसका जन्म हुआ। घृणा की सबसे विचित्र बात यह है कि वह जिससे की जाती है, उस पर कम और जो करता है, उस पर अधिक बरसती है। दूसरा व्यक्ति शायद चैन से सो रहा हो और हम रात-रात भर उसकी स्मृति की आग में करवटें बदलते रहें। तब प्रश्न उठता है कि दंड किसे मिला, उसे या हमें?

किसी परिवार में बंटवारे के समय भाई-भाई के बीच खिंची एक रेखा पीढ़ियों तक दीवार बनी रहती है। आंगन की तुलसी सूख जाती है, त्योहारों की रौनक बुझ जाती है और बच्चे जान ही नहीं पाते कि उनके ताऊ-चाचा कैसे दिखते थे। विवाद की जड़ में कभी एक खेत की मेंड़ थी, कभी एक कटु वाक्य, पर उसके ऊपर घृणा की इतनी परतें चढ़ीं कि मूल कारण भी विस्मृत हो गया। इसी प्रकार दफ्तर में किसी सहकर्मी के छल को हम वर्षों ढोते रहते हैं। उसके कारण हमारी प्रतिभा नहीं निखरती, हमारी ऊर्जा नहीं बढ़ती, केवल मन का बोझ बढ़ता है। जबकि वह व्यक्ति कब का आगे बढ़ चुका होता है और हम अब भी उसी पुराने घाव पर बैठे उसे कुरेदते रहते हैं। इसके विपरीत, जिन्होंने क्षमा का मार्ग चुना, उनके जीवन में एक अद्भुत निर्मलता उतर आई। क्षमा का अर्थ यह नहीं कि हम अन्याय को उचित ठहरा दें या उसकी पीड़ा को भुला दें। क्षमा दुर्बलता नहीं, बल्कि आत्मबल की चरम अवस्था है। वह यह घोषणा है कि तुमने मुझे आहत किया, पर तुम्हें मेरी आत्मा को विषाक्त करने का अधिकार नहीं। क्षमा करने वाला व्यक्ति दरअसल दूसरे को नहीं, स्वयं को मुक्त करता है।

करुणा इस मुक्ति का दूसरा सोपान है। जब हम किसी के अन्याय को क्रोध की आंख से नहीं, समझ की आंख से देखते हैं, तब पाते हैं कि अक्सर हर कठोर व्यक्ति के भीतर कोई न कोई घाव दबा बैठा है, जो दूसरों को दुख देता है, वह स्वयं किसी अभाव, भय या असुरक्षा का मारा होता है। यह समझ उसके कृत्य को निर्दोष नहीं बनाती, पर हमारे मन को कठोर होने से बचा लेती है। करुणा वह दीपक है, जो शत्रु के मार्ग को नहीं, हमारे अपने पथ को आलोकित करता रहता है। दीपक जलाने वाले के हाथ भी उजाले से भर जाते हैं।

इस सबके मूल में आत्म-अनुशासन का वह मौन तप है, जिसके बिना क्षमा और करुणा केवल सुंदर शब्द रह जाते हैं। जब कोई कटु शब्द कान में पड़े और उत्तर में तीखा वाक्य जीभ की नोक पर मचलने लगे, तब उसे रोक लेना एक छोटी-सी तपस्या है। जब स्मृति बार-बार पुराने घाव की ओर खींचे और मन प्रतिशोध की योजनाएं बुनने लगे, तब उसे धीरे से लौटा लाना एक और तपस्या है। यह अनुशासन एक दिन में नहीं सधता। यह बूंद-बूंद भरने वाले घड़े की तरह है, जिसमें हर संयमित क्षण एक बूंद बनकर गिरता है और एक दिन हृदय का सरोवर लबालब हो जाता है।

अतीत की पीड़ा एक भारी गठरी है। हम उसे कंधे पर लादे जीवन-पथ पर चलते हैं और फिर शिकायत करते हैं कि यात्रा इतनी थकाने वाली क्यों है। जब तक वह गठरी हमारे कंधों पर है, वर्तमान का कोई सुख हल्का होकर हमारे पास नहीं ठहरता। भोर की धूप, बच्चों की हंसी और प्रियजनों का साथ भी उस बोझ के नीचे दब जाते हैं। क्षमा उस गठरी को धरती पर रख देने का साहस है। तब अनुभव होता है कि हमारे पांव कितने हल्के हो गए, सांसें कितनी गहरी हो गईं और संसार कितना सुंदर था, जिसे हम घृणा के धुएं में देख ही नहीं पा रहे थे।

इसलिए जीवन का सबसे सार्थक संकल्प यह हो सकता है कि चाहे संसार हमारे साथ कितना ही कठोर क्यों न हो, हम अपने भीतर की कोमलता को मरने न दें। अन्याय के विरुद्ध खड़े हों, अपने अधिकारों की रक्षा करें, सत्य के पक्ष में स्वर उठाएं, पर यह सब करते हुए भी हृदय को घृणा का घर न बनने दें। जो ऐसा कर पाता है, वही वास्तव में अजेय है, क्योंकि उसे कोई भीतर से पराजित नहीं कर सकता। उसके पास वह संपदा है, जिसे कोई छीन नहीं सकता– मन की शांति, आत्मा का उजास और अंतःकरण की निर्मलता।

> **क्षमा का अर्थ यह नहीं कि हम अन्याय को उचित ठहरा दें या उसकी पीड़ा को भुला दें। क्षमा दुर्बलता नहीं, बल्कि आत्मबल की चरम अवस्था है। वह यह घोषणा है कि तुमने मुझे आहत किया, पर तुम्हें मेरी आत्मा को विषाक्त करने का अधिकार नहीं। क्षमा करने वाला व्यक्ति स्वयं को मुक्त करता है।**

दुनिया मेरे आगे

व्यवस्था की नाकामी



राजधानी दिल्ली लोकतांत्रिक आंदोलनों का प्रमुख केंद्र रही है। यहां विभिन्न राज्यों, सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संघों, छात्र समूहों और राजनीतिक दलों की मांगें लगातार उठती रहती हैं। बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, शिक्षा, छात्रवृत्ति, महंगाई, संविदा और आउटसोर्सिंग व्यवस्था, सामाजिक न्याय तथा संवैधानिक अधिकार जैसे मुद्दे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े हैं, इसलिए इनके समर्थन में आवाज उठना स्वाभाविक है। ऐसे में सड़कों पर प्रदर्शन से पैदा होने वाली स्थिति से निपटने के लिए सरकार, पुलिस तंत्र और अन्य प्रशासनिक एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। बड़े प्रदर्शनों के लिए पूर्व नियोजन, वैकल्पिक यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक सूचना प्रणाली और आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। आयोजकों के साथ नियमित संवाद भी अहम है। कानून का उल्लंघन होने पर कार्रवाई निष्पक्ष और साक्ष्य-आधारित होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पूर्वाग्रहों से प्रेरित। आंदोलनकारी संगठनों की भी जिम्मेदारी है कि वे अनुशासन, स्वच्छता और शांतिपूर्ण आचरण बनाए रखें।

– वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

मानवाधिकारों पर हमला

मानव तस्करी आज देश और समाज के सामने एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। यह केवल संगठित अपराध नहीं, बल्कि मानवाधिकारों पर सीधा और अमानवीय हमला है। रोजगार, बेहतर जीवन और उज्ज्वल भविष्य का सपना दिखाकर महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों के लोगों को तस्करी के जाल में फंसाया जाता है। इसके बाद उन्हें जबरन मजदूरी, देह व्यापार, बाल श्रम और अन्य शोषणकारी गतिविधियों में धकेल दिया जाता है। चिंता की बात यह है कि तस्करी के कई मामलों में रिश्तेदार, परिचित और यहां तक कि महिलाएं भी गिरोहों का हिस्सा बन रही हैं। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में बच्चों का इस्तेमाल हिंसक और अवैध गतिविधियों तक में किए जाने की खबरें सामने आती रहती हैं। ऐसे में केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

– हिमांशु शेखर, गयाजी

किराए की मार

मध्य प्रदेश में यात्री बसों के किराए में हुई वृद्धि का सबसे अधिक असर मध्यवर्गीय और गरीब तबके पर पड़ रहा है। रोजगार, शिक्षा, इलाज और अन्य जरूरी कार्यों के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर लाखों लोगों के लिए बढ़ा हुआ किराया अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है। महंगाई के दौर में परिवहन लागत बढ़ना स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन सरकार को यह भी देखना चाहिए कि इसका भार सीमित आय वाले परिवारों पर कितना पड़ रहा है। चिंताजनक यह है कि किराया बढ़ने के बावजूद यात्रियों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कई स्थानों पर निर्धारित दर से अधिक वसूली, टिकट न देने और सीटों की कमी जैसी शिकायतें सामने आती रहती हैं। ऐसे में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार को इस मसले का ऐसा संतुलित समाधान तलाशना चाहिए, जिससे किसी को परेशानी न हो।

– अरविंद रावल, झाबुआ, मप्र

संघर्ष की मुस्कान


जीवन में मिलने वाली हर खुशी, हर मुस्कान और हर सफलता के पीछे संघर्ष की एक लंबी कहानी छिपी होती है। संसार में ऐसा कुछ भी नहीं जो बिना मूल्य चुकाए प्राप्त हो जाए। जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य निरंतर किसी न किसी रूप में संघर्ष करता है। सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचना जितना कठिन है, वहां बने रहना उससे भी अधिक चुनौतीपूर्ण होता है। अक्सर लोग किसी व्यक्ति की हंसी, प्रसन्नता और उपलब्धियों को देखते हैं, लेकिन उसके पीछे के त्याग, परिश्रम और असफलताओं को नहीं देख पाते। एक छोटी-सी मुस्कान के पीछे भी अनेक कठिन अनुभव, धैर्य और उम्मीदें छिपी होती हैं। अच्छे दिनों तक पहुंचने के लिए व्यक्ति को कई बुरे दौरों से गुजरना पड़ता है। जीवन का सत्य यही है कि कोई भी खुशी अंतिम नहीं होती और न ही संघर्ष कभी पूरी तरह समाप्त होता है।

– मिथिलेश कुमार, भागलपुर

चिंतन

ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की तैयारी

ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्वतंत्रता की बुनियाद है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती और बड़ी है, जहां परिवहन से लेकर उद्योगों तक की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल से पूरा होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो महंगाई का दबाव बढ़ता है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ता है और अर्थव्यवस्था की गति प्रभावित होती है। इसलिए पेट्रोल के घरेलू विकल्प विकसित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की अनिवार्य जरूरत है। केंद्र सरकार ने 100% एथेनॉल यानी ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 23 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना से ऐसे वाहनों के लिए नियामकीय रास्ता साफ हुआ है। सरकार की एथेनॉल नीति अब तक उत्साहजनक परिणाम दे चुकी है। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का कार्यक्रम वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, लेकिन 2013-14 में इसकी औसत मिलावट केवल 1.53% थी। सरकार ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने, एथेनॉल की खरीद के लिए मूल्य व्यवस्था बनाने और चीनी मिलों व अन्य उत्पादकों को प्रोत्साहन देने जैसे कदम उठाए। नतीजा यह हुआ कि 2021-22 में 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल हो गया और 2025-26 में औसत मिश्रण 20% तक पहुंच गया। वर्ष 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य को पांच साल पहले प्राप्त करना नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का उदाहरण है। आंकड़ों के मुताबिक, 2014 में एथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 421 करोड़ लीटर थी, जो 2026 में बढ़कर करीब 2,000 करोड़ लीटर हो गई। इस कार्यक्रम का लाभ केवल तेल आयात में कमी तक सीमित नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, एथेनॉल खरीद से पिछले 11 वर्षों में किसानों को लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये की आय हुई और करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। एथेनॉल का उत्पादन गन्ने, मक्का और अन्य जैविक स्रोतों से किया जा सकता है। इससे कृषि उपज के लिए अतिरिक्त बाजार तैयार होता है और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण उद्योगों तथा रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। पानीपत और गुमालीगढ़ की रिफाइनरियों में पगली, बांस और अन्य जैविक अवशेषों से एथेनॉल उत्पादन की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण है। ई-100 की मंजूरी इसी नीति का अगला चरण है। सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने और लगभग शुद्ध एथेनॉल पर चलने वाले वाहन में बुनियादी अंतर है। ई-100 के लिए वाहन निर्माता कंपनियों को विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तैयार करने होंगे। मौजूदा पेट्रोल या ई-20 वाहनों में सीधे ई-100 डालना सुरक्षित नहीं है। एथेनॉल से कुछ प्रदूषकों और जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की संभावना है, लेकिन इसके पर्यावरणीय लाभ का आकलन उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक के पूरे चक्र के आधार पर होना चाहिए। ई100 वाहनों की तकनीक, ईंधन केंद्रों का विस्तार, किफायती कीमत और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा पर समयबद्ध काम जरूरी है। साथ ही, एथेनॉल के साथ विद्युत वाहन, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को भी बढ़ावा देना चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल पेट्रोल का विकल्प तलाशना नहीं, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाने वाला विविध और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र तैयार करना है। ई-100 की मंजूरी इस दिशा में सार्थक कदम है। इसके साथ ही भारत ने ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।



सीमा सुरक्षा
ओमकार चौधरी

अरुणाचल में फिर आमने-सामने

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाएं एक बार फिर आमने-सामने हैं और इस बार इसकी पुष्टि किसी अनाम सूत्र ने नहीं, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने खुद की है। 22 अक्टूबर 2026 को राजस्थान के अलवर में बल के वार्षिक हिमवीर सम्मान समारोह में कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में अरुणाचल की कई जगहों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है और यह स्थिति अभी भी बनी हुई है। पूर्वी सेक्टर में जारी तनाव की आईटीबीपी प्रमुख की ओर से यह पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है, लेकिन सामरिक महत्व की यह सूचना सार्वजनिक होने चाहिए थी या नहीं और उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया था या नहीं, इसे लेकर बहस भी शुरू हो गई है। कपूर ने बल के शौर्य कमांडो की भूमिका की सराहना की और चीन को भारत का सबसे बड़ा विरोधी बताया। उन्होंने ड्रोन क्षमता बढ़ाने, ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध की तैयारी, और तोपखाने व हवाई बमबारी से बचाव के लिए भूमिगत बंकर बनाने की योजनाओं की भी जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार गतिरोध जुलाई के आखिर से अपर सुबनसिरी जिले के तातकिंग सर्कल के असाफिला क्षेत्र में चल रहा है। चीनी सेना (पीएलए) ने माजा कंपनी ऑपरेटिंग बेस के पास, एलएसी की भारतीय समझ के 6-7 किलोमीटर के दायरे में, एक ऊंचाई पर तंबू गाड़ रखे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह आमना-सामना 25 जुलाई के आसपास नियमित गश्त के दौरान शुरू हुआ। अब तक किसी हिंसक झड़प, हथियार के इस्तेमाल या किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईटीबीपी प्रमुख ने बाकी टकराव स्थलों के नाम नहीं बताए लेकिन कम करने के लिए 6 और 7 सितंबर को वाचा (भारत) और दमाई (चीन) में पूर्वी सेक्टर में पहली बार कोर कमांडर स्तर की बातचीत हुई। भारतीय दल का नेतृत्व 3 कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि तो की, लेकिन उसका नतीजा सार्वजनिक नहीं किया। इसके कुछ ही दिन बाद, 12 सितंबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सरकार या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आईटीबीपी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि महानिदेशक का बयान सीमा पर नियमित ऑपरेशनल तैयारी के संदर्भ में था, किसी खास घटना से जुड़ा नहीं। इस मामले में सेना का रुख भी गौर करने लायक है। चीन लगभग 90,000 वर्ग किलोमीटर, यानी करीब पूरे अरुणाचल पर दावा करता है और इसे जांगनान या दक्षिण तिब्बत कहता है। विवाद की जड़ 1914 का शिमला सम्मेलन है, जहां ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन ने भारत और तिब्बत के बीच 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा खींची। चीनी प्रतिनिधि ने इसे स्वीकार नहीं किया, और बीजिंग आज भी कहता है कि तिब्बत को ऐसा समझौता करने का अधिकार नहीं था। 1962 के युद्ध में पीएलए लगभग पूरे तत्कालीन नेफा तक आ गई थी, लेकिन एकतरफा युद्धविराम के बाद मैकमोहन रेखा तक लौट गई। विवाद केवल अरुणाचल तक सीमित नहीं है। भारत के अनुसार 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के पश्चिमी छोर पर अक्साई चिन का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्जे में है। 1963 में पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी का 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया, जिसे भारत मान्यता नहीं देता। मध्य सेक्टर में उत्तराखंड का बाराहोती और हिमाचल के कौरिक व शिपकी ला भी विवादित हैं। 1960 में चाउ एनलाई ने अक्साई चिन के बदले नेफा पर दावा छोड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। बीते एक दशक में यह विवाद नक्शों तक पहुंच गया है। चीन अब तक छह सूचियों में अरुणाचल की 112 जगहों के नाम बदल चुका है: 2017 में 6, 2021 में 15, 2023 में 11, 2024 में 30, 2025 में 27 और 2026 में 23। अरुणाचल में ताकसिंग पहला टकराव नहीं है। 20 अक्टूबर 1975 को तवांग के तुलुंग ला में चीनी सैनिकों ने घात लगाकर असम राइफल्स के चार जवानों को मार दिया था। भारत के अनुसार यह हमला उसकी सीमा के 500 मीटर भीतर हुआ। उस समय इंदिरा गांधी सरकार ने अधिकारियों के जरिए बीजिंग से कड़ा विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रधानमंत्री का कोई सीधा सार्वजनिक बयान दर्ज नहीं मिलता। 1986 में चीन ने तवांग के सुमदोरोंग चू में वांगडुंग चरागाह पर ढांचे खड़े कर दिए। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया और इलाके में तीन डिवीजन तक सैनिक तैनात किए। राजीव गांधी दिसंबर 1988 में चीन गए, और वांगडुंग से सैनिकों की वापसी आखिरकार 1995 में हुई। इसके बाद तवांग का वांग्त्से बार-बार टकराव का केंद्र बना। सितंबर 2016 में करीब 200 पीएलए सैनिक वहां घंटों डटे रहे, और अक्टूबर 2021 में भी गश्ती टुकड़ियां आमने-सामने आईं। इन दोनों मौकों पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, और जानकारी सूत्रों के जरिए ही सामने आई। 9 दिसंबर 2022 को वांग्त्से में कील लगे डंडों से हिंसक झड़प हुई, जिसमें छह गंभीर रूप से घायल भारतीय सैनिकों को गुवाहाटी ले जाना पड़ा। देश के बाकी हिस्सों में भी 1967 में नाथू ला, 2013 में देपसांग, 2017 में डोकलाम और 2020 में गलवान जैसे टकराव हुए। गलवान में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। यह 1975 के बाद भारत-चीन सीमा पर जान जाने की पहली घटना थी। इसके बाद 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री ने कहा था कि न कोई भारतीय सीमा में घुसा है और न ही कोई चौकी किसी के कब्जे में है।



सीमा विवाद सुलझाने के लिए 2003 में बना विशेष प्रतिनिधि तंत्र अब तक 25 दौर की बातचीत कर चुका है। ताजा दौर 25 अगस्त 2026 को बीजिंग में अजीत डोभाल और वांग यी के बीच हुआ, जिसमें पूर्वी और मध्य सेक्टर में नई सैन्य हॉटलाइन पर सहमति बनी। सीमा मामलों पर परामर्श तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 36 बैठकें हो चुकी हैं, और जनवरी में 2020 के बाद कोर कमांडरों के बीच 21 दौर की बातचीत हुई।जमीन पर भारत की रणनीति भी बदली है। दशकों तक सीमा के पास सड़कें न बनाने की नीति के बाद 2006 में 73 रणनीतिक सड़कों की परियोजना को मंजूरी मिली, जो 2017 के डोकलाम गतिरोध के बाद तेज हुई। 2024 में खुली सेला सुरंग अब तवांग को साल भर जोड़े रखती है। 1962 के बाद छोड़ी गई अरुणाचल की सात हवाई पट्टियां फिर से चालू हो चुकी हैं, और लद्दाख का न्योमा नवंबर 2025 में पूर्ण एयरबेस बन गया। इस सब के बीच कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं: कोर कमांडर वार्ता का नतीजा क्या निकला, आईटीबीपी प्रमुख ने किन जगहों पर टकराव की बात कही, और गश्ती बिंदुओं को लेकर

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



विरासत को सहेजने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी

भारत की सांस्कृतिक विरासत अपनी बहुरंगी विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। चाहे चाहे मूर्त विरासत यानी ऐतिहासिक भवनों, किलों और स्मारकों की अनूठी वास्तुकला की हो या अमूर्त विरासत जैसे परंपराओं, लोकगीतों, शास्त्रीय नृत्य, त्योहारों की। हमारे देश के सांस्कृतिक रंग सचमुच अनूठे हैं। हमारी भाषाएं, दर्शन, बोलियां, योग, आयुर्वेद और प्राचीन ग्रंथ भी अनमोल धरोहर ही हैं। आमजन तक सहज पहुंच बनाकर ही इस धरोहरों को सहेजा का सकता है। हालिया बरसों में दुनिया के हर हिस्से में ही अपनी धरोहर को सहेजने के रंग-ढंग बदले हैं। अब आधुनिक तकनीकों, नई पद्धतियों और पेशेवर विशेषज्ञों की भूमिका अहम हो चली है। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस का मुख्य उद्देश्य धरोहर के संरक्षण से जुड़ा यही पहलू लिए है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 2005 में अपने 33वें आम सम्मेलन में यह दिन मनाने की घोषणा की थी। ज्ञात हो कि रेडियो, फिल्म, टेलीविजन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसी दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के संरक्षण के महत्व को लेकर जनमानस में जागरूकता लाना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज हमारी साझी स्मृतियों और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाले कामकाजी विशेषज्ञों और संस्थानों के योगदान को सम्मान देने का भी संदेश देता है। सुखद है कि भारत में ऑडियो-विजुअल सामग्रियों के रूप में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कई महत्वपूर्ण उठाए गए हैं। विरासत के संरक्षण हेतु डिजिटलीकरण और प्रचार हेतु बहत सी पहल की गई हैं। नेशनल फिल्म हैरिटेज मिशन, नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स, अभिलेख पटल और जटान एवं वेव्स जैसी कई पहल भावी पीढ़ियों के लिए विरासत के संरक्षण का काम कर रही हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नेशनल फिल्म आर्काइव्स ऑफ इंडिया के माध्यम से उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों, वृत्तचित्रों और शॉर्ट फिल्मों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और पुनर्स्थापन किया जा रहा है। वहीं नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स द्वारा देश भर के संस्थानों में उपलब्ध दुर्लभ व संकटग्रस्त ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग्स को डिजिटाइज कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संचालित अभिलेख पटल भी एक डिजिटल रिपॉजिटरी ही है। यह ऐतिहासिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स का ऑनलाइन पटल है। संस्कृति मंत्रालय और सी-डैक पुणे द्वारा विकसित जटान सॉफ्टवेयर विभिन्न संग्रहालयों की सामग्री डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में जुटा है। ज्ञात हो कि वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज की 2026 की थीम 'प्रोटेक्टिंग मेमोरी एट रिस्क' है। यह विषय फिल्मों, ऑडियो टेपों और चलचित्रों के रूप में विरासत की सामूहिक स्मृतियों को बचाने से जुड़ा है। समझना कठिन नहीं कि 'खतरे में पड़ी स्मृति की सुरक्षा करना' यह विषय संकटग्रस्त धरोहरों को सहेजने का रेखांकित करने योग्य संदेश देती है। बीते कुछ बरसों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और प्रदूषण से कई ऐतिहासिक धरोहर खतरे में हैं। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस नई पीढ़ी को भी यह याद दिलाता है कि तकनीकी संसार से जुड़कर डिजिटल युग में आगे बढ़ते हुए अपनी विरासत से भी जुड़े रहें। वस्तुतः, संरक्षण के साथ यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति को दृश्य-श्रव्य ध्वनियों के प्रति सजग-संवेदनशील बनाने का उद्देश्य भी लिए है। ज्ञात हो कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ऑडियो-विजुअल मनोरंजन और डिजिटल क्रिएटर्स को बढ़ावा देने के लिए 'विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन और 'जेम्स ऑफ इंडिया' जैसी मुहिम भी शुरू की गई हैं। इतना ही नहीं जनता को जागरूक करने के लिए ही विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस पर कई तरह की प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागारों, श्रव्य-दृश्य कम्युनिटीज, टेलीविजन एवं रेडियो स्टेशनों और सरकारों के साझे प्रयासों से कई स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महत्वपूर्ण श्रव्य-दृश्य अभिलेखों को सहेजने से संबन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं सम्मेलन, विशेष फिल्म स्क्रीनिंग और सार्वजनिक वार्ताएं आयोजित की जाती हैं।इसीलिए आमजन भी अपनी विरासत के प्रति सजग होकर ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध जानकारियों और सहजता से मिल रही सूचनाओं में रुचि लें। अपनी विरासत का मान करने हेतु उसे जानना-समझना जरूरी है। अपनी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास को सहेजने की कोशिशों का हिस्सा बनने का भाव हर पीढ़ी में होना चाहिए। जनमानस के सकारात्मक रुझान से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े प्रयासों को और बल मिलता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और आध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को उसली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बना है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके। यह समर्पण सघन श्रद्धा के माध्यम से ही बन पड़ता है।

भगवान की कृपा से ही सब मिलता है



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था, वह जब पूजा के लिए मंदिर जाता, तो 2 भिखारी उसके दाएं और बाएं बैठा करते। दाईं ओर वाला कहताः ए भगवान! तूने राजा को बहुत कुछ दिया है, मुझे भी दे दे। बाईं ओर वाला कहताः ऐ राजा! भगवान ने तुझे बहुत कुछ दिया है, मुझे भी कुछ दे दे। दाईं ओर वाला भिखारी बाईं ओर वाले से कहताः भगवान से माँग। बिनदेह वाली सबसे अच्छा सुनने वाला है। बाईं ओर वाला जवाब देताः चुप कर मूर्ख! एक बार राजा ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है, वह हमेशा भगवान से मांगता है। तो बिनदेह भगवान उसकी जरूर सुनेगा। लेकिन जो बाईं तरफ बैठता है, वह हमेशा मुझसे विनती करता रहता है। तो तुम ऐसा करो कि एक बड़े से बर्तन में खीर भर के उस में अशर्फियाँ डाल दो और वह उसको दे आओ। मंत्री ने ऐसा ही किया। अब वह भिखारी मजे से खीर खाते-खाते दूसरे भिखारी को चिढ़ता हुआ बोलाः हुह बड़ा आया, भगवान देगा। यह देख राजा से माँगा, तो मिल गया ना? खाने के बाद जब उसे वह पेट भर गया, तो उसने खीर से भरा बर्तन उस दूसरे भिखारी को दे दिया। और कहाः ले पकड़, तू भी खाले, मूर्ख! अगले दिन जब राजा पूजा के लिए मंदिर आया तो देखा कि बाईं तरफ वाला भिखारी तो आज भी वैसे ही बैठा है। लेकिन दाईं तरफ वाला गायब है। राजा ने चैक कर उससे पूछा क्या तुझे खीर से भरा बर्तन नहीं मिला? भिखारीः जी मिला था, क्या शानदार खीर थी। मैंने खूब पेट भर कर खायी। राजा फिरः भिखारी फिरे वह जो दूसरा भिखारी यहाँ बैठता है, मैंने उसको दे दी। सूर्य हमेशा कहता रहता था भगवान देगा, भगवान देगा! राजा मुस्कुरा कर बोलाः बेशक, भगवान ने उसे दे ही दिया! इसी तरह हमें भी उस भगवान से ही विनती करनी चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी

दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषण के मुद्दे पर विकासशील देशों को अक्सर कठघरे में खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकों तक संसाधनों का अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषण की जिम्मेदारी तय करनी है, तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन को भी ध्यान में रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों के नाम पर विकासशील देशों के विकास को बाधित करना न्यायसंगत नहीं है।

- संजय राउत, दुर्ग

ट्रेंड

मर्यादाएं लांघ रहे राहुल

राहुल गांधी किस तरह मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं और रोजाना किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं, अब हम उनकी पार्टी के अध्यक्ष को ही इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते देख रहे हैं।

-नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

सीईसी को बचा रही सरकार

वोट चोरी के अकाट्य सुबूतों के बावजूद केंद्र सरकार सीईसी ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। एक व्यक्ति को रामलीला मैदान में वोट बदलो, देश बदलो नहीं लेनी होगी। इसे याद रखना!

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

कॉकरोचों को पनपने न दें

देश में 'दीमाग़ी नक्शल', 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और कॉकरोचों को तभी भी पनपने न दें। कॉकरोच, खटमल जैसी छुटपुट कोरोना वायरल की तरह फैलने की कोशिश कर रही है। इन्हें कीटनाशक दो 'डिट' से ही खत्म किया जा सकता है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों।

-सुभेंदु अधिकारी, लीडर, पश्चिम बंगाल

भाजपा के पास कुछ नहीं

भाजपा को हर मुद्दे पर राजनीति करने और जनता का ध्यान भटकाने के बजाय लोकहित से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष का उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं रहा। भाजपा जिस तरह हंगामा कर रही है, उससे साफ है कि उसके पास जनता के मुद्दों पर जवाब देने के लिए कुछ नहीं है।

-अशोक गहलोत, पूर्व लीडर, राजस्थान

करंट अफेयर

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण दस्ता यात्रा पर पहुंचा श्रीलंका

भारतीय नौसेना का प्रथम प्रशिक्षण दस्ता दो युद्धपोतों और तटरक्षक बल के एक पोत के साथ सोमवार को तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर श्रीलंका पहुंचा। भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना है। यह यात्रा लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। इसके तहत दस्ता श्रीलंका के बाद सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया और मालदीव की राजधानी माले भी जाएगा। इसके बाद यह कोच्चि स्थित अपने आधार बंदरगाह पर लौटेगा। यह प्रशिक्षण दस्ता भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और मित्र देशों की नौसेनाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को समुद्र में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दस्ते की कमान प्रथम प्रशिक्षण दस्ते के वरिष्ठ अधिकारी और आईएनएस तीर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन तिजो के. जोसेफ के हाथों में है। भारतीय मिशन ने बताया कि श्रीलंका नौसेना के पांच प्रशिक्षु अधिकारी भी इस लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीलंका नौसेना के प्रशिक्षण महानिदेशक रियर एडमिरल रोहन जोसेफ के कोलंबो बंदरगाह पहुंचने पर इन पोतों का दौरा करने और उन पर तैनात कमांडिंग अधिकारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों तथा प्रशिक्षुओं से बातचीत करने की योजना है।

ऑफ बीट

ब्रिटेन में लंबे पंजों वाले नए डायनासोर का जीवाश्म मिला

ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट से मिले मांसाहारी डायनासोर की एक नयी प्रजाति की खोपड़ी का जीवाश्म 100 से अधिक वर्षों तक संग्रह में रखे रहने के बाद 'नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम' में दोबारा मिला है। लंदन स्थित इस संग्रहालय के करीब 150 साल के इतिहास में यहां तीन करोड़ से अधिक नमूने हैं। ऐसे में किसी जीवाश्म या वहान का संग्रह में कहीं छूट जाना असामान्य नहीं है। संभवतः ऐसा ही ब्रिटेन में खोजे गए इस नए डायनॉसेर के एकमात्र ज्ञात जीवाश्म के साथ हुआ। अनुसंधानकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में दो पैरों पर चलने वाले इस मांसाहारी थेरोपोड डायनासोर का नाम 'इग्विविटेबलट्रिक्स एम्बरिना' रखा है। थेरोपोड डायनासोर के इसी समूह में आधुनिक पक्षी भी शामिल हैं। संग्रहालय के जीवाश्म विज्ञानियों में से एक पॉल बैरेट ने 2020 में जीवाश्मों के संग्रह की जांच के दौरान हड्डी का एक छोटा टुकड़ा देखा। उन्होंने पहचान लिया कि यह डायनासोर की खोपड़ी के एक महत्वपूर्ण हिस्से, यानी मस्तिष्क को सुरक्षित रखने वाली हड्डी (ब्रेनकेस) का टुकड़ा है। संग्रहालय के अभिलेखों की जांच करने पर पता चला कि यह जीवाश्म इंग्लैंड के दक्षिणी तट से दूर स्थित आइल ऑफ वाइट के सडमूर प्वाइंट के पास एक समुद्र तट से मिला था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

Last day to join the Free Newspapers Community

At just one time entry fee of ₹19... It's worth it 🙏

EDITORIALS PDF

- **English Editorials PDF**
  with International Newspapers Editorials [35–40 pages]
- **Hindi Editorials PDF**
- **Daily Vocabulary PDF**

MAGAZINE CHANNEL

National & International
[General & Exam related]

INTERNATIONAL NEWSPAPERS

Newspapers around the world.
Asian, European & American

INDIAN NEWSPAPERS CHANNEL

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

HINDI NEWSPAPERS (Delhi Editions)

1. दैनिक जागरण
2. जनसत्ता
3. हरिभूमि
4. हिंदुस्तान
5. लोकमत
6. लोकसत्ता
7. दैनिक भास्कर

CLICK HERE ▼

Tap the button above to get free access